✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 170 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 17 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सीएम नीतीश से मुलाकात कर शानदार जीत पर शुभकामनाएं दीं

# पटना के गांधी मैदान में होगा नयी सरकार का शपथ ग्रहण

## जदयू विधायक दल की बैठक आज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। जदयू ने आज सोमवार विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। कल यानी सोमवार को भाजपा विधायक दल की भी बैठक हो सकती है। सीएम नीतीश कुमार 17 नवंबर को राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और इसी दिन नई सरकार बनाने का दावा भी पेश कर सकते हैं। सीएम हाउस के सूत्रों की मानें तो 20 नवंबर को नीतीश कुमार 10वीं बार सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। 2025 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन सरकार में एक बार फिर से नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का कद बढ़ना तय माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार के साथ-साथ 18 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। वहीं, डिप्टी सीएम की रेस में बीजेपी से सम्राट चौधरी, रामकृपाल यादव, मंगल पांडे के नाम की चर्चा है। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) की भी बिहार सरकार में एंट्री होगी। सूत्रों की मानें तो इस बार 30-32 मंत्रियों का मंत्रिमंडल हो सकता है। इसमें जदयू और भाजपा के बराबर-बराबर मंत्री हो सकते हैं। इनके अलावा चिराग पासवान की पार्टी को 3 मंत्री पद, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को एक-एक मंत्री पद मिल सकता है। विधानसभा के मौजूदा नंबर के हिसाब से बिहार में कुल 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं। कहा जा रहा है कि खव्ठ के कोटे से 11 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इधर, नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। पटना का गांधी मैदान फिलहाल पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में है और 17 से 20 नवंबर तक आम लोगों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। माना जा रहा है कि शपथ ग्रहण का आयोजन 20 नवंबर को किया जा सकता है। गांधी (शेष पृष्ठ 10 पर)

# चुनाव आयोग ने 243 विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी, आचार संहिता समाप्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद आदर्श आचार संहिता हटा दी गई है। चुनाव आयोग ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को नवनिर्वाचित 243 विधायकों की सूची सौंप दी है। अब बिहार में नए सरकार के गठन की कवायद की जाएगी। बिहार के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि अब राजभवन के द्वारा नई सरकार पर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। दूसरी ओर आयोग की ओर से अभी तक आचार संहिता हटाने को लेकर आदेश जारी नहीं किया गया है। सीईसी गुंजियाल रविवार शाम को पटना स्थित राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्य की सभी 243 सीटों से जीतने वाले विभिन्न दलों के विधायकों की लिस्ट राज्यपाल को सौंपी। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद भी मौजूद रहे। बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 6 अक्टूबर को हुआ था, जिसके बाद से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू थी। दो चरणों में हुए बिहार की 243 सीटों पर विधानसभा चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को जारी किए गए। एनडीए ने 202 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि विपक्षी दलों का महागठबंधन 35 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाया। अब राज्य में नई सरकार का गठन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** झाझा थाना क्षेत्र के पन्ना गांव से पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी रामधारी तुरी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस वाहन की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। रामधारी तुरी लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से अपहरण कांड के मामले में फरार चल रहा था।

### अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव में रविवार को ट्व्ठक्क और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार बनाने वाले उपकरण और अधनिर्मित हथियार बरामद किए हैं। कार्रवाई में फैक्ट्री संचालक समेत छह हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, 40 अधनिर्मित पिस्टल, 20 स्लाइडर, 45 बैरल, 21 बट ग्रिप और 10 बॉडी प्लेट आदि जब्त किए गए हैं।

### पान दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** खानपुर थाना क्षेत्र के मनवाड़ा वार्ड नंबर-10 शनिवार देर रात बदमाशों ने पान दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। एक बुलेट गर्दन में लगी है। मृतक की पहचान रंजीत साहनी के पुत्र अरविंद कुमार सहनी(30) के तौर पर हुई है। वह अपने घर के सामने ही पान की दुकान चलाता था। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### हॉस्टल में बच्चे की गला रेतकर हत्या

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वैशाली थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव स्थित ज्ञान निकेतन स्कूल के प्राइवेट हॉस्टल में सात साल के बच्चे की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद हॉस्टल के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। करीब 200 की संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने हॉस्टल के बाहर पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की। इसके बाद पुलिस ने लोगों को खदेड़ना शुरू कर दिया। इससे आक्रोशित लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कल्याणपुर निवासी अर्जुन ठाकुर के रूप में हुई है।

### दिल्ली में 24 नवंबर को धरना देंगे बिहार के सैकड़ों शिक्षक

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को संघ कार्यालय में हुई। इसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध और पुरानी पेंशन योजना को लागू कराने की मांग को लेकर 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बिहार के हजारों शिक्षकों द्वारा धरना देने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी राज्य सचिव आनंद मिश्रा ने दी।

# 'बिहार की जनता के भरोसे को कायम रखेंगे पापा' : निशांत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 202 सीटों पर प्रचंड जीत मिली है। इस जीत से तमाम घटक दलों के नेता गदगद हैं और नई सरकार के गठन की प्रक्रिया में जुट गए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बिहार की जनता का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि लोगों ने पिताजी के 20 साल के काम का इनाम दिया है। उम्मीद है कि वे (नीतीश कुमार) इस भरोसे को कायम रखेंगे और विकास की प्रक्रिया को जारी रखेंगे। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रचंड जनादेश के लिए जनता को धन्यवाद कहा है। साथ ही कहा बिहार वासियों को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि एनडीए को भारी बहुमत से जिताया। हमारी सरकार बनने जा रही है, इसके लिए वह शुभकामनाएं भी देना चाहते हैं। निशांत कुमार ने कहा कि जीत की उम्मीद हम लोगों को थी लेकिन उम्मीद से ज्यादा ही जनता ने भरोसा जताया है। 20 साल के विकास के काम को लेकर जनता ने आशीर्वाद दिया है। जनता ने विकास कार्य को लेकर इनाम दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पिताजी आगे भी जनता के भरोसा को कायम रखेंगे और आगे भी तेजी से विकास का कार्य करेंगे।

# मालगाड़ी बेपटरी, दो घंटे तक बाधित रहा रेल परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती रेलवे स्टेशन से 50 मीटर की दूरी पर रविवार दोपहर एक मालगाड़ी के दो पहिए पटरी से उतर गए। यह घटना प्लेटफॉर्म संख्या 2 से मालगोदाम की ओर जा रही गिट्टी लदी मालगाड़ी के साथ हुई। हादसे के बाद रेलवे की तकनीकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी मिर्ज़ा चौकी से कहलगांव की ओर जा रही थी। ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही एक बोगी के दो पहिए ट्रैक से नीचे उतर गए। इस घटना के कारण लगभग दो घंटे तक रेल संचालन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने ट्रैक की जांच की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बोगी के पहियों को दोबारा पटरी पर चढ़ाया गया। इसके उपरांत ट्रैक को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। घटना के कारणों को लेकर रेलवे अधिकारियों ने फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। मालदा मुख्यालय को हादसे की सूचना दे दी गई है और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया और न ही कोई प्रतिक्रिया दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक की नियमित जांच और रखरखाव में लापरवाही ऐसी घटनाओं का कारण बन सकती है। हालांकि, रेलवे ने कहा है कि मामले की तकनीकी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# हम विधायक दल के नेता बने प्रफुल्ल कुमार मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा-सेकुलर ने प्रफुल्ल कुमार मांझी को विधायक दल का नेता चुना है। जीतनराम के परिवार से बाहर से किसी को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया है। प्रफुल्ल मांझी जमुई जिले की सिकंदरा सीट से विधायक हैं। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राजद के उदय नारायण चौधरी को 23 हजार वोटों से हराकर वे लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। बता दें कि जीतन राम मांझी की बहू दीपा और समधन ज्योति देवी भी इस चुनाव में हम के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में रविवार को पटना में विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी के सभी पांच नवनिर्वाचित विधायक मौजूद रहे। इसमें प्रफुल्ल मांझी को विधायक दल का नेता चुना गया। वह हम सुप्रीमो के परिवार से नहीं हैं। बता दें कि जीतन राम मांझी की पार्टी ने एनडीए में रहकर 6 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें से 5 पर जीत दर्ज की। गयाजी जिले की इमामगंज सीट से जीतन राम की बहू एवं संतोष सुमन की पत्नी दीपा मांझी विधायक बनीं। वहीं, बाराचट्टी विधासनभा सीट से जीतन राम की समधन ज्योति देवी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा अतरी से रोमित कुमार और औरंगाबाद जिले की कुटुंबा सीट से ललन रीम चुनाव जीते। हालांकि टिकारी से हम के विधायक रहे अनिल कुमार हार गए। उन्हें राजद के अजय कुमार ने 2058 वोटों से हरा दिया। बिहार चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही है। मांझी की पार्टी से एक मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इधर राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल का नेता चयन के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को अधिकृत किया गया है।

## सर्च अभियान में दो आइइडी बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस, एसटीएफ एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को आसूचना के आधार पर औरंगाबाद पुलिस, एसटीएफ एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से लंगुराही पहाड़ी क्षेत्रों के आसपास कुछ प्वाइंट को चिन्हित कर अभियान चलाया। इस क्रम में टीम द्वारा मदनपुर थानांतर्गत लंगुराही पहाड़ी से ढाई ढाई किलो का दो आईईडी और 25 मीटर तार को बरामद किया गया। बरामद आईईडी को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट कर दिया गया। पुलिस बल द्वारा किये गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है एवं नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

# झारखंड के सांस्कृतिक गौरव को नई पहचान देगा जतरा मेला : हेमंत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी रांची में आयोजित भव्य झारखंड जतरा मेला का शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर शहीद चौक और बिरसा समाधि स्थल तक झारखंड की परंपराओं, लोक-संस्कृति और जनजातीय गौरव की अनूठी झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री स्वयं पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर बजाते हुए कलाकारों के साथ जश्न में शामिल हुए और पूरे आयोजन को अपने मोबाइल कैमरे में कैद भी किया। जतरा मेला की शुरुआत रांची के राजेंद्र चौक से हुई, जहां सुबह से ही हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड की 32 जनजातियों की कला, नृत्य, वाद्ययंत्र और पारंपरिक परिधानों की भव्य प्रदर्शनी ने राजधानी की सड़कों को एक उत्सव स्थल में बदल दिया। इस भव्य जतरा मेला में लगभग 4000 कलाकार शामिल हुए हैं जिनमें पुरुलिया छऊ, मुंडा सोहराय नृत्य, संथाली डांस, हो जनजाति का करमा, असुर ढुमकुश, उरांव का झूमर और अन्य अनेक पारंपरिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड जतरा मेला में पहुंचकर सभी कलाकारों का उत्साहवर्द्धन किया। इसके बाद वे जुलूस के साथ अल्बर्ट एक्का चौक से शहीद चौक तक पैदल चले और पारंपरिक मांदर बजाकर कलाकारों के साथ ताल मिलाते दिखे। इस दौरान पूरे मार्ग में ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप, जनजातीय नृत्य और पारंपरिक गीतों की गूंज से वातावरण रोमांचित हो उठा। जतरा मेला का एक विशेष आकर्षण रहा 'हेलिकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा', जिसने पूरे आयोजन को और भव्य व अद्वितीय बना दिया। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह जतरा मेला राज्य की सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय पहचान और सामाजिक विविधता का बेहतरीन प्रदर्शन है, जिसने राजधानी में उत्साह का एक नया रंग भर दिया है। भव्य आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में राजधानी के नागरिक, बच्चे, बुजुर्ग और देश-विदेश से आए पर्यटक सड़कों पर मौजूद रहे। झारखंड की समृद्ध लोक-संस्कृति का यह दृश्य लंबे समय तक यादगार रहेगा और राज्य के सांस्कृतिक गौरव को नई पहचान देगा।



# बिहार के शहरों में 1.40 रुपये प्रति यूनिट सस्ती होगी बिजली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य की बिजली वितरण कंपनी ने बड़ा फैसला लेते हुए बिहार विद्युत विनियामक आयोग को एक ऐसा प्रस्ताव सौंपा है जिसके बाद बिजली की मौजूदा दो-स्तरीय दरों को खत्म कर एक स्लैब लागू किया जा सकता है। इस फैसले का सीधा लाभ 25 लाख शहरी घरेलू उपभोक्ताओं और करीब 25 लाख वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को मिलेगा। प्रस्ताव लागू होने के बाद शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट बिजली 1.40 रुपये सस्ती हो जाएगी। वहीं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी कम दर पर बिजली मिल सकेगी। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के जीएम (राजस्व) अरविंद कुमार ने बताया कि मौजूदा समय में शहरी क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दो खपत-स्तर लागू हैं। पहले 100 यूनिट तक बिजली की दर अलग होती है और इसके बाद 125 यूनिट तक बढ़ने पर दर अधिक हो जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से कटने वाली राशि भी इन्हीं स्लैबों के आधार पर बदलती रहती है, जिससे उपभोक्ता अक्सर कन्फ्यूजन में रहते हैं। अब प्रस्ताव है कि 125 यूनिट से अधिक खपत होने पर भी बिजली एक समान दर 4.12 रुपये प्रति यूनिट पर मिले, जबकि अभी यही खपत 5.52 रुपये प्रति यूनिट की दर से मिलती है। यानी उपभोक्ताओं को हर यूनिट पर 1.40 रुपये की सीधी बचत होगी। वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए भी राहत का रास्ता खुल रहा है। प्रस्ताव के मुताबिक 25 लाख वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 5.67 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी ने आयोग से आग्रह किया है कि यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू की जाएं। इसके लिए आयोग प्रमंडल स्तर पर जनसुनवाई करेगा ताकि उपभोक्ताओं और विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया भी ली जा सके। जनसुनवाई के बाद आयोग अंतिम आदेश जारी करेगा। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अभी दो दरों के कारण स्मार्ट प्रीपेड मीटर में हर यूनिट की कटौती बदलती रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को समझने में परेशानी होती है। एक स्लैब लागू होने के बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी और उपभोक्ता आसानी से अपनी खपत और बैलेंस का अनुमान लगा सकेंगे। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिली, तो नया स्लैब न सिर्फ शहरी घरों की मासिक बचत बढ़ाएगा बल्कि पूरे बिलिंग सिस्टम को सरल बनाएगा। बिजली कंपनी का दावा है कि इससे उपभोक्ताओं की 'क्लियर बिलिंग' की समस्या काफी हद तक खत्म होगी और भुगतान का दबाव भी कम होगा।

## एफएमजीइ के लिए चार दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेस ने विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा दिसंबर 2025 सत्र के लिए आवनेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। आवेदन चार दिसंबर रात 11:55 बजे तक कर सकते हैं। एफएमजीइ दिसंबर 2025 का आयोजन 17 जनवरी 2026 को किया जायेगा। रिजल्ट 17 फरवरी 2026 को जारी किया जायेगा। एफएमजीइ जून 2025 सत्र में कुल 37,207 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से 36,034 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। इन परीक्षार्थियों में से केवल 6,707 उम्मीदवार सफल रहे, जिससे पास प्रतिशत लगभग 18% रहा, जबकि असफलता दर 81।39% रहा। उम्मीदवारों को 31 अक्तूबर 2025 या उससे पहले अंतिम एमबीबीएस परीक्षा या समकक्ष डिग्री उत्तीर्ण करनी चाहिए। निर्धारित समय तक योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

# तेजस्वी यादव आज पार्टी विधायकों संग करेंगे बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार चुनाव के बाद सियासत में हलचल तेज हो गई है। एक तरफ एनडीए के जीतने पर नई सरकार के गठन की तैयारी है जबकि दूसरी तरफ तेजस्वी यादव ने अपने विधायकों की बैठक बुला ली है। यह बैठक 17 नवंबर यानी सोमवार को होगी। इस बैठक में तेजस्वी यादव ने अपनी पार्टी के हारे हुए उम्मीदवारों को भी बुला लिया है। दरअसल, अब आरजेडी में चुनाव परिणाम को लेकर मंथन शुरू होने वाला है। जानकारी के मुताबिक तेजस्वी यादव अपनी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक अपने सरकारी आवास पर करेंगे। दोपहर करीब 2 बजे यह बैठक होगी, लेकिन इससे पहले कयासों का सिलसिला तेज हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस दौरान विधानसभा रिजल्ट के अलावा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी तमाम विधायकों के साथ बातचीत की जायेगी। चुनाव में महागठबंधन की हार के बाद अब धीरे-धीरे सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सुरक्षित सीटों पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 87.5 प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की है। इस रणनीतिक सफलता ने न केवल महागठबंधन के समीकरणों को ध्वस्त किया, बल्कि 2020 के विधानसभा चुनाव में विपक्ष को मिली 12 सुरक्षित सीटों पर भी कब्जा कर लिया। मालूम हो, राजद ने इस बार 143 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। राजद को कुल 23% वोट हासिल हुए हैं। वोट शेयर के हिसाब से राजद सभी पार्टियों से आगे है। ये आंकड़ा दूसरी पार्टियों से इस कारण अधिक है कि राजद ने अन्य प्रमुख दलों की तुलना में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा था। 2020 में राजद को 23.11% वोट मिले थे। बीते चुनाव की अपेक्षा इस साल राजद को लगभग 0.11 फीसदी कम वोट मिले हैं। वोट प्रतिशत 0.11 फीसदी कम होने के कारण उसकी सीटें 75 से घटकर 25 हो गयी है। इस चुनाव में राजद को कुल 11546055 वोट मिले।

# एनडीए की प्रचंड विजय जनता का विश्वास व कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत का परिणाम : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिहार विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी विस्तारको का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने अभिनंदन और सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के मंत्री मंगल पांडेय तथा संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया भी मौजूद रहे और अपने विचार व्यक्त किए। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं बल्कि हमारे कार्यकर्ताओं की समर्पित मेहनत, संगठनात्मक शक्ति और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि सभी विस्तारक बंधुओं ने कठिन परिस्थितियों में भी जन-जन तक संदेश पहुँचाया, सकारात्मक राजनीति का संदेश दिया और संगठन की ताकत को जमीन पर उतारा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्ययोजना के धरातलीय क्रियान्वयन कर इन्होंने संगठन को ताकत दी। उन्होंने उपस्थित सभी विस्तारक बंधुओं के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण को नमन करते हुए कहा कि इन्हीं कर्मयोगियों की बदौलत लोकतंत्र मजबूत होता है और विकास की राह और सशक्त बनती है। उन्होंने सभी विस्तारकों को जीत के लिए बधाई दी। डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए की केंद्र तथा प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियां बूथ तक पहुंचाने तथा लाभार्थियों से संपर्क की कार्ययोजना पर विस्तारकों ने बेहतरीन कार्य किया, जिसका परिणाम आज दिख रहा है।

# कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी देने की जरूरत : रणधीर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** धूप हो, सर्दी हो, भयानक बरसात हो शाखा के लोग सुबह एकजुट होना नहीं भूलते उसके उलट कांग्रेस का कोई संगठन सर्द धूप तक में अपने लोगों की सुध लेने नहीं निकलता। यह कहना है अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रणधीर झा का। उन्होंने कहा कि आज चारों ओर कांग्रेस हार रही है। इसकी प्रमुख वजह अपनी नींव को भूलकर सत्ता के मार्ग तलाशने की है। भारत में कांग्रेस के समर्थक 12 करोड़ से ज्यादा हैं पर कांग्रेस के नेता कभी उन लोगों तक नही पहुंचते। पहुंचना तो छोड़िए अगर कांग्रेस के वो जन अपने नेता के पास पहुंचने की जुर्रत भी करें तो उसे समय नहीं दिया जाता फिर कैसे वो 12 करोड़ से आंकड़ा बढ़ेगा। उदासीनता के दलदल में फंसे वो कार्यकर्ता भी एक दिन हताशा के सागर में डूबकर खुद को कहीं दूर कर लेंगे इस दूषित राजनीति से। आज राहुल गांधी के अलावा कोई नेता जनता से गले लगता नहीं दिखता, सब अपने धंधे में व्यस्त हैं। दूसरी तरफ भाजपा के नेता वैचारिक रूप से संगठन से जुड़कर काम करते हैं उनके लिए उनका पद कमाई का जरिया नहीं बल्कि पार्टी सेवा का स्तंभ है। आज जरूरत है कि हर जिलाध्यक्ष को एक साइकिल दिया जाए और हर रोज उसे एक गांव के भ्रमण के लिए आदेशित किया जाए और उसका काम केवल कांग्रेसी जनों को खोजकर उन्हें अपने संगठन में जिम्मेदारी देने की हो और वो हर महीने सीधे दिल्ली कार्यालय में रिपोर्ट करे और हर गांव से एक कार्यकर्ता को चिन्हित कर राहुल गांधी से मिलाने के लिए कार्य करे जो कार्यकर्ता उदासीनता और असुरक्षा के बेड़े में आज खुद को जकड़े पा रहे हैं कल वो योद्धा बनकर हुंकार भरेंगे। श्री झा ने कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस के बारे में इतनी अफवाह भर दी गई है जिसके कारण लगभग 10 करोड़ युवा भाजपा के कोर वोटर बनने की ओर अग्रसर हैं उन्हें समय रहते उन अफवाहों की सत्यता से रूबरू कराना पड़ेगा। संगठन को कार्य पर लगाना होगा बाकी हम चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के जाल में फंसकर उनके तिलश्म को नहीं तोड़ सकते उनके पास पैसा, सूचना तंत्र, कार्यकर्ता सब हैं हमारी लड़ाई भाजपा या मोदी से है ही नहीं हमारी लड़ाई अपने उन लोगों के लिए होनी चाहिए जो हैं तो कोर कांग्रेसी पर आज तक बांट जोह रहे हैं कि कब राजीव का बेटा उनके दरवाजे आएगा जिसे वो कलेजे से लगाकर यह कहेंगे कि जीवन धन्य हो गया। तुम्हारे पूर्वजों द्वारा स्थापित कराई गई संस्थानों में नौकरी करके मैने अपनी तीन पीढ़ियों का भविष्य संवारा है। तुमसे मिलकर सुप्त पड़ी ऊर्जा जागृत हो गई है। अब अपने गांव के 50 वोटरों को कांग्रेस में लाने की जिम्मेदारी मेर। जिस दिन यह ऊर्जा बह चली भाजपा का झूठा जाल टूटकर कहीं यूरेशिया में उड़कर पहुंच जाएगा। कांग्रेस, भाजपा या उसके रणनीति के चलते नहीं अपनी अकर्मण्यता और मूर्खता के चलते आरएसएस से पार नहीं पा रही है।

# इस बार ऐतिहासिक होगा डीबीए का चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वकीलों की जिला स्तर पर सबसे बड़ी संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ का 18 नवंबर को होने वाला चुनाव इस बार कई मायनो में ऐतिहासिक होगा। मतदान जिला अधिवक्ता संघ के नए निर्माणाधीन भवन में प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा। भवन परिसर में केवल पर्यवेक्षकगण, मतदानकर्मियों, मतदाताओं तथा सुरक्षा कर्मियों का ही प्रवेश होगा। किसी अन्य व्यक्ति को मतदान परिसर वाले भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतदान परिसर में किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। किसी भी उम्मीदवार की प्रचार सामग्री मतदान परिसर में पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मतदाता जिला अधिवक्ता संघ से जारी पहचान पत्र या वैकल्पिक रूप से राज्य बार काउंसिल से निर्गत पहचान पत्र के आधार पर ही मतदान कर पाएंगे। इस बार चुनाव में 32 पदों के लिए 112 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान 18 नवंबर को होगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी। गौरतलब है कि वकीलों के संघ के चुनावों में पटना जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होता है। हर 2 वर्ष पर होने वाले इस चुनाव में अच्छी खासी गहमा गहमी होती है। राज्य बार काउंसिल के निरीक्षण में पूरे मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। संघ के अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के तीन पद, महासचिव के एक पद, संयुक्त सचिव के तीन पद और सहायक सचिव के तीन पदों समेत 32 पदों के लिए वकीलों के प्रतिनिधि अपना-अपना भाग्य आजमाते हैं। पुराने और दिग्गज वकीलों के साथ-साथ युवा वकील भी संघ के इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# भव्य राम बारात 25 नवंबर को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना सिटी स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में रविवार को श्री राम जानकी विवाह महोत्सव समिति की एक बैठक रखी गई, जिसकी अध्यक्षता शिव प्रसाद मोदी ने की। बैठक का संचालन संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने किया। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि श्री राम जानकी विवाह महोत्सव विहंगम एवं अद्‌भुत होगा जिसमें धनुष यज्ञ, प्रभु श्री राम बारात में विभिन्न आकर्षक झांकियां के साथ रात्रि में शुभ विवाह सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल हैं। 25 नवंबर (मंगलवार) को विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर राम बारात यात्रा सनातन धर्म सभा भवन से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए भगवती सिता मंदिर, मितन घाट को जाएगी। संपूर्ण आयोजन हेतु 51 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया जिसमें नारायण प्रकाश साह-अध्यक्ष, शिव प्रसाद मोदी-कार्यकारी अध्यक्ष, विकास कुमार मौड़ीवाल-महासचिव, डॉ अजय प्रकाश-संयोजक, ईश्वर प्रसाद गोयनका-कोषाध्यक्ष, लल्लू शर्मा-उपाध्यक्ष, रघुनाथ सोनेवाल-मीडिया प्रभारी, उषा सिंह-प्रचार प्रभारी, सुनीता गुप्ता-महिला प्रभारी, सुनील कुमार चौरसिया-सहसचिव मनोनीत किए गए। बैठक में मोहित कुमार मौड़ीवाल, दुर्गा प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, चंद्र पूर्णिमा, शर्मिला देवी, सोनी देवी, विणा देवी, शाश्वत चन्द्र समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों को भूकंप के खतरे और बचाव के तरीके से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेर पटना में भूकंप से खतरे व उसके बचाव विषय पर जानकारी दी गयी। इस विद्यालय के शिक्षक डॉक्टर विल्फ्रेड हेनरी को राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से नवाजा गया है। बड़े ही रोचक ढंग से बच्चों व शिक्षकों के बीच भूकंप के कारण, भूकंप से होने वाले खतरे व बचाव के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया की भूकंप एक ऐसी प्राकृतिक आपदा है जिसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती और इसके आने पर चंद ही मिनटों में भयंकर जान माल की क्षति हो जाती है। इससे बचाव के लिए बच्चों के बीच मॉक ड्रिल कराया। मॉक ड्रिल में उन्होंने झुको ढको और पकड़ो मंत्र को बताया। उन्होंने बताया कि यदि हम बेंच कुर्सी के नीचे छिप जाते हैं तो हमारी जान बच सकती है। इसके अलावा यदि हम विद्यालय में कुर्सी से, बच्चे अपने बैग से, अपने दोनों हाथों से अपने सर को ढक कर भी अपनी जान को बचा सकते हैं। इस रोचक कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व प्राचार्य डॉ राम रतन प्रसाद भी मौजूद थे। विल्फ्रेड हेनरी के प्रेजेंटेशन को विद्यार्थियों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य ने खूब सराहा।

# बाल दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा उद्यान सेंटर, पटना में पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की आईएसओ सुधा बिदसरिया के नेतृत्व में प्रतियोगिता तीन वर्गों वर्ग-ए, वर्ग-बी और वर्ग-सी में आयोजित की गई। वर्ग-ए में संकल्प, अंकिता और साईं शिवम को पुरस्कृत किया गया। वर्ग-बी में दक्षिता, शाम्भवी और शिवम की कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वर्ग-सी में अनुष्का, शन्या और सुहानी विजेता घोषित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब प्रेसिडेंट शीतू गांधी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों को बिस्किट, अल्पाहार व टॉफ़ियाँ वितरित कर बाल दिवस की खुशियाँ साझा की गईं। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर क्लब से सेक्रेटरी नीलांजना भट्टाचार्य, क्लब एडिटर रेखा सिंह एवं अजीता झा भी उपस्थित रहीं तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। सभी बच्चों ने रचनात्मकता, ऊर्जा और उमंग के साथ हिस्सा लिया। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में रचनात्मक सोच, मानसिक विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होती हैं।

# रोहिणी के बाद लालू यादव की तीन और बेटियां दिल्ली रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को मिली करारी हार के बाद से लालू परिवार घमासान मचा हुआ है। फॅमिली और पॉलिटिक्स छोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद रोहिणी आचार्य ने एक के बाद एक 2 सोशल मीडिया पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। शनिवार शाम रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों ने दिल्ली जाने का फैसला किया है। रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी परिवार के साथ दिल्ली रवाना हो गई है। रविवार को लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो इमोशनल पोस्ट किया। इसमें उन्होंने बताया कि उनके साथ कैसा बर्ताव हुआ है। उन्होंने लिखा, कल एक बेटी, एक बहन, एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गयीं, मारने के लिए चप्पल उठाया गया, मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, सच का समर्पण नहीं किया, सिर्फ और सिर्फ इस वजह से मुझे बेइज्जती झेलनी पड़ी। कल एक बेटी मजबूरी में अपने रोते हुए मां- बाप बहनों को छोड़ आयी, मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बना दिया गया। आप सब मेरे रास्ते कभी ना चलें, किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा ना हो।

## चिराग पासवान का बड़ा बयान

विवाद पर चिराग पासवान भी सामने आए और उन्होंने कहा कि राजनैतिक मतभेद एक तरफ है लेकिन वह मेरा भी परिवार है। जब किसी परिवार में तनाव होता है तो वह आपको कितना विचलित कर सकता है, मैं इस बात को समझ सकता हूं। मैं इस बात को नहीं मानता हूं कि शादी के बाद ससुराल ही बेटी का घर है। मैं इस रूढ़िवादी सोच का प्रशंसक नहीं हूं। कल जब उन्होंने यह सब कहा तो मैं यह दर्द समझ रहा हूं और प्रार्थना करता हूं कि यह सब जल्द ठीक हो जाए।

# बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड के दोहरीकरण को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** लंबे इंतजार के बाद बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड का दोहरीकरण की मंजूरी प्रदान की गयी है। रेलवे मंत्रालय ने इसके लिए राशि भी जारी कर दी है। इस रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य राजगीर से आगे तिलैया (नवादा) तक होगा। दोहरीकरण से इस इलाके के यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। मालगाड़ियों के परिचालन में भी तेजी आएगी। राजगीर, नालंदा, पटना, नवादा और शेखपुरा जिले के हजारों यात्रियों को इससे लाभ मिलेगा। बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। ब्रिटिश काल में सबसे पहले 1903 में मार्टिन लाइट रेलवे कंपनी ने बख्तियारपुर से बिहारशरीफ तक नैरोगेज रेल लाइन बिछाई थी। उस समय यह क्षेत्र कृषि उत्पादों और स्थानीय व्यापार का केंद्र हुआ करता था। रेल लाइन ने व्यापार और लोगों के आवागमन में नई ऊर्जा भरी थी। इसके बाद 1911 में नैरोगेज लाइन को बिहारशरीफ से नालंदा और सिलाव होते हुए राजगीर तक बढ़ाया गया था। राजगीर उस समय भी धार्मिक, अध्यात्मिक और पर्यटन दृष्टिकोण से उभरता हुआ केंद्र था। सनातन धर्मावलंबियों के साथ बौद्ध धर्म और जैन धर्म के अनुयायी बड़ी संख्या में यहां पहुंचते थे। रेल संपर्क से यहां के विकास को और गति मिली थी। शुरुआत में यह पूरी रेल लाइन नैरोगेज थी। छोटे भाप इंजनों और हल्के डिब्बों के सहारे इस रेलखंड में गाड़ियां चलती थी। बाद में यात्री की संख्या और व्यापारिक जरूरतें जैसे जैसे बढ़ने लगी, तब इसका विस्तार आवश्यक हो गया। आजादी के बाद भारतीय रेल मंत्रालय ने इस रेलखंड के महत्व को समझा। तत्कालीन रेल मंत्री जगजीवन राम के कार्यकाल में 1962 में इस नैरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज (1676 मिमी या 5 फीट 6 इंच) में बदल दिया गया। उसी समय राजगीर को गया जी से जोड़ने की योजना बनाई गई थी। डीपीआर भी तैयार किया गया था। इससे ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी और अधिक डिब्बों वाली गाड़ियां इस खंड पर दौड़ने लगीं। पटना से राजगीर और गया से राजगीर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यह रेल लाइन बेहद उपयोगी साबित हुई है। समय के साथ इस रूट पर ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ी है। राजगीर न केवल धार्मिक, अध्यात्मिक और ऐतिहासिक नगरी है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन, शिक्षा और खेल भूमि भी है। हर साल लाखों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक यहां पहुंचते हैं। दुनिया के दर्जनों देशों के छात्र यहां शिक्षा पाने आते हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों का भी आयोजन होने लगा है। इसके अलावा गया और पटना से होकर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन में भी यह रेलखंड महत्वपूर्ण कड़ी है। एकल लाइन होने की वजह से ट्रेनों के आवागमन में हमेशा बाधा आती रहती है। अक्सर यात्रियों को देरी से चलने वाली गाड़ियों की परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे ने बख्तियारपुर-राजगीर- तिलैया रेलखंड का दोहरीकरण कराने का निर्णय लिया है।

# सरकारी स्कूल तैयार करेंगे मैगजीन, बच्चे करेंगे संपादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए एक रचनात्मक पहल के माध्यम से किताबों की पढ़ने की आदत विकसित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। बच्चों में वैचारिक व तार्किक समझ को विकसित करने के साथ ही किताबों के प्रति रुचि बढ़ायेगी। इसके तहत विद्यार्थियों को किताब पढ़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। प्रत्येक माध्यमिक स्कूलों की ओर से मैगजीन तैयार करायी जायेगी। इस मैगजीन का संपादन बच्चों द्वारा ही किया जायेगा। बच्चों में लेखन की क्षमता और सृजनशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से इसे लागू किया जायेगा। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक बुकमार्क बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इसके साथ ही शिक्षकों को भी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए किताबों पर चर्चा करने, कहानियां लिखने और किताब पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने को कहा गया है। इसके साथ ही जिले के सभी विद्यालयों में पुस्तकालयों को भी विकसित किया जायेगा। स्कूलों में बच्चों के पढ़ने के लिए पाठ्यक्रम के अलावा साहित्य व सामान्य ज्ञान की किताबें भी मुहैया करायी जायेगी। स्कूलों को मुहैया करायी जाने वाली किताबों में कहानी, उपन्यास, जीवनी और प्रेरणादायी साहित्य भी शामिल होगी। स्कूली बच्चों द्वारा इन किताबों का सारांश विद्यालय की चेतना सत्र में प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें सर्वाधिक किताबें पढ़ने वाले छात्र को प्रशंसा पत्र भी दिया जायेगा। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जायेगा।

# प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर परिचर्चा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम**। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, रोहतास के समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में रविवार को प्रेस दिवस पर "बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जफर हसन, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन एवं पत्रकार बंधुओं ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद डीपीआरओ ने आगत पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए प्रेस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज को जागरूक करने, जनहित के मुद्दों को सामने लाने और शासन-प्रशासन एवं जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग के आगमन ने प्रेस की कार्यशैली और स्वरूप में व्यापक परिवर्तन किए हैं। इंटरनेट और स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग ने



समाचारों के प्रसार की गति को अत्यधिक तेज़ बना दिया है, जिससे सूचना कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन पोर्टल और सोशल मीडिया ने पत्रकारिता के दायरे और प्रभाव को कई गुणा बढ़ाया है।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस तेज़ी के साथ मीडिया जगत के सामने कई चुनौतियां भी आई हैं। बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने कई बार निष्पक्षता, संतुलन और तथ्यपरकता पर दबाव बनाया है। आज फेक न्यूज़ और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार का खतरा बढ़ा है, ऐसे में पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे तथ्यों की जांच-पड़ताल कर सत्य समाचार जनता तक पहुंचाएं, ताकि प्रेस की विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया की आत्म-अनुशासन व्यवस्था ही इस स्थिति का सबसे प्रभावी समाधान है। समाचारों के प्रकाशन में सतर्कता, सत्यापन और तथ्य आधारित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सूचना विस्फोट के दौर में तेजी से आगे बढ़ने की होड़ में तथ्यात्मक त्रुटियों से बचना अत्यंत जरूरी है। डीपीआरओ ने कहा कि समय के साथ माध्यम भले बदल जाएं, पर पत्रकारिता का मूल उद्देश्य जनहित, सत्य का प्रसार और लोकतंत्र को मजबूत करना ही रहेगा। उन्होंने कहा कि मीडिया ने राष्ट्र और समाज की आवाज़ को सशक्त बनाया है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पत्रकारों ने भी अपनी महत्वपूर्ण राय, अनुभव और सुझाव साझा किए। परिचर्चा में मीडिया की वर्तमान स्थिति, उसके सामने चुनौतियां और भविष्य की दिशा पर विस्तृत चर्चा हुई।

# डिजिटल युग में प्रेस की विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा**। प्रेस क्लब दरभंगा में उपनिदेशक जनसंपर्क सह प्रभारी जिला जनसंपर्क अधिकारी सत्येंद्र प्रसाद की उपस्थिति में राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप निदेशक, जन सम्पर्क सत्येंद्र प्रसाद एवं संजय कुमार, अभिषेक कुमार, संतोष दत्त झा, दीपक कुमार झा एवं कई वरिष्ठ मीडिया प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन में सहयोग किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद ने सभी पत्रकार बंधुओं को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। परिचर्चा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने प्रेस की निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा एवं विश्वसनीयता बनाए रखने पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि विशेष




गहन पुनरीक्षण कार्य, मतदान तथा मतगणना जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में पत्रकारों द्वारा जिला प्रशासन को दिया गया सहयोग सराहनीय है। साथ ही भ्रामक खबरों से बचने तथा तथ्यों की पुष्टि कर ही समाचार प्रसारित करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। उप निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस हर वर्ष 16 नवंबर को प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित किया गया एक महत्वपूर्ण दिन है, जो प्रेस की स्वतंत्रता एवं जिम्मेदारी की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति से ही समाज में जुड़ाव संभव है और भारतीय लोकतंत्र की शक्ति भी इसी विविधता एवं सहयोग की भावना में निहित है। इस अवसर पर संजय कुमार,अभिषेक कुमार, फिरोज, प्रभात कुमार, दीपक कुमार, इरफान अहमद पैदल, शरफे आलम, रमन चौधरी, सोनू कुमार आदि पत्रकार बन्धु ने अपने-अपने उदगार व्यक्त किये।

# सभी कालेजों में नियमित वर्ग संचालन होना अनिवार्य : कुलपति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा**। कुलपति की अध्यक्षता मे ल. ना. मि. वि. क्षेत्रांतर्गत सभी संबद्ध महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य के साथ एक ऑनलाइन बैठक आहूत की गई। बैठक में कुलपति महोदय ने सभी प्रधानाचार्य को सख्त निर्देश दिया कि राज्य सरकार एवं उच्च न्यायालय के आलोक मे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं सभी वर्ग के महिलाओं से नामांकन के समय किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेना है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि वर्ग का नियमित संचालन हो। कतिपय प्रधानाचार्य के अनुरोध पर यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक महाविद्यालय अब नियमित प्रतिवेदन अपराह्न साढ़े तीन बजे से चार बजे के बीच विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायेंगे। पूर्व प्रेषित पत्र के हवाले से प्रत्येक महाविद्यालय को कहा गया कि अविलम्ब छात्र सुविधा केन्द्र की व्यवस्था करते हुए विश्वविद्यालय को अवगत करायें। बैठक में भौतिक रूप से वित्तीय परामर्शी सह वित्त पदाधिकारी, कुलसचिव एवं अध्यक्ष छात्र कल्याण उपस्थित थे।

# डिहरी में सोनू की प्रचंड जीत की चर्चा जोरों पर, अनुमान से ज्यादा मिले वोट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला**। टिकट मिलने के दौर से ही डेहरी विधानसभा सुर्खियों में बना रहा। चुनाव जीतने के बाद भी उतनी सुर्खियों में है। एनडीए समर्थित लोजपा (आर) सिपाही राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की ऐतिहासिक जीत हुई है। राजीव रंजन सिंह को 1 लाख 4 हजार 22 मत मिले। वही राजद प्रतिद्वंद्वी गुड्डू चंद्रवंशी को 68 हजार 54 मत मिले। जहां 35 हजार 9 सौ 68 वोट से पछाड़ते हुए सोनू ने विधायक कुर्सी को सुरक्षित किया। बताते चलें कि राजीव रंजन सिंह 25 राउंड कि गिनती में कभी मतों में पीछे नहीं रहे। अपनी प्रथम स्थान बनाए रखा। मतदाताओं का स्नेह और विश्वास से उन्हें कभी भी मतों के गिनती के क्रम में द्वितीय स्थान नहीं प्राप्त हुआ। इस जीत कि चर्चा शहर से लेकर गांव तक तथा सभी चौक चौराहे हो रही है। 2005 में निर्दलीय विधायक प्रदीप कुमार जोशी की प्रचंड जीत के बाद एनडीए गठबंधन कि यह पहली बार अपार मतों की जीत में शामिल हुई है। हालांकि की डिहरी विधानसभा 212 में टिकट के शुरुआती दौर में हॉट सीट बना रहा। डेहरी भाजपा का सिटिंग सीट था। लेकिन काफी उलट फेर के बाद डिहरी विधानसभा चिराग के हिस्से में मिला। जहां चिराग ने डेहरी विधानसभा से अपने पार्टी के वफादार सिपाही राजीव रंजन सिंह को टिकट दिया। टिकट मिलते ही समर्थकों में अपार खुशी देखने को मिला। वहीं खुशी व जनसमर्थन से सोनू को भारी मतों से जीत दर्ज हुई।

2005 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार जोशी को 70558 वोट मिले। वही प्रतिद्वंदी मोहम्मद इलियास हुसैन (राजद) को 27281 मत मिले। जहां इलियास हुसैन को 43277 वोट से हार स्वीकार करनी पड़ी। उस वक्त जदयू को 88, बीजेपी को 55 और राजद के खाते में 54 सीट से जीत हासिल हुई थी। 2005 में जदयू और एनडीए के गठबंधन से सरकार बनी।

2010 में निर्दलीय उम्मीदवार ज्योति रश्मि को 43634 वोट मिले। वही प्रतिद्वंदी मोहम्मद इलियास हुसैन (राजद) को 33819 वोट मिले। जहां दूसरी बार इलियास हुसैन को 9815 वोट से हार हो गई । उसे वक्त जदयू को 115, बीजेपी को 91 तथा राजद को 22 सीट पर जीत हासिल हुई थी। उस समय जदयू और एनडीए से सरकार बनी थी।

2015 में मोहम्मद इलियास हुसैन (राजद) को 49402 वोट मिले थे। जबकि प्रतिद्वंदी जितेंद्र कुमार उर्फ रिंकू सोनी (उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी) को 45504 वोट मिले। वही रिंकू सोनी को 3898 वोट से हार स्वीकार करनी पड़ी। उसे वक्त जदयू को 71, बीजेपी को 53 और राजद को 80 सीट पर जीत हुई थी। उसे समय जदयू और महागठबंधन के आपसी सहमति से सरकार बनी थी।

2020 में आरजेडी से उम्मीदवार फते बहादुर सिंह को 64567 मत प्राप्त हुए थे, जबकि प्रतिद्वंदी सत्यनारायण सिंह यादव (भाजपा) को 64103 मत प्राप्त हुए थे। वही सत्यनारायण यादव को 464 मत से हार स्वीकार करनी पड़ी। उसे वक्त जदयू को 43, बीजेपी को 74 और राजद को 75 सीट से जीत हासिल हुई थी। उसे वक्त जदयू और एनडीए के सहमति से चौथी बार नीतीश की सरकार बनी थी।

2025 में सभी डिहरी विस चुनाव का रिकॉर्ड एक क्षत्रिय उम्मीदवार ने तोड़ दिया। एनडीए के समर्थित लोजपा (रा) उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह को 1 लाख 4 हजार 22 मत प्राप्त हुए। जबकि राजद से गुड्डू चंद्रवंशी को 68 हजार 54 वोट मिले। जहां गुड्डू चंद्रवंशी को 35968 वोट से हार स्वीकार करनी पड़ी। इस बार के चुनाव में एनडीए को 202 तथा महागठबंधन को 35 सीट पर जीत हासिल हुई। वही डेहरी विधानसभा के सतों सीट से 6 एनडीए के खाते में गई। वहीं एक सीट गठबंधन के खाते में गई।

# सोनू सिंह की ऐतिहासिक जीत पर उमड़ा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला**। डिहरी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर जश्न मनाया और पूरे दिन उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों ने कहा कि "सोनू सिंह सदैव जन-जन के नेता रहे हैं, उनकी जीत जनता की जीत है।" समर्थकों का मानना है कि उन्होंने अपने पिता के सपनों को साकार किया है और डेहरी की नई दिशा तय करने की क्षमता रखते हैं। वहीं, विजयी प्रत्याशी सोनू सिंह ने भावुक होते हुए कहा, "यह जीत मेरी नहीं, डेहरी विधानसभा की जीत है। जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे आशीर्वाद दिया है, मैं उसे विकास के




कार्यों के जरिए लौटाऊंगा।" बधाई देने वालों में गोलू सिंह, अशोक कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, विनोद सिंह, कृष्णा प्रसाद सर, अभय सिंह, पप्पू सिंह, राकेश साह, पिंटू साह, लड्डू सिंह, भंवर सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, पारस राम, नागेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुर्यमणि सिंह, चंद्रमणि सिंह, मिनी पांडेय, मजहर हुसैन, संजय कुमार सिंह कुशवाहा, रविंद्र सिंह कुशवाहा, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, रंजीत पाल, मुकेश पाल, राजू सिंह, संतोष सिंह, संजय गुप्ता सहित अनेक लोगों का नाम शामिल रहा।

# बिजली तार की चपेट में आने से कंटेनर में लगी आग, चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा**। आरा-छपरा फोरलेन पर भोजपुर कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार के समीप रविवार दोपहर एक कंटेनर हाई टेंशन करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। इससे जहां चालक की करंट लगने से मौत हो गयी, वहीं कंटेनर के पिछले हिस्से में आग लग गई। आग लगते ही कंटेनर धू-धूकर जल उठा। मृत चालक सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के मांझी डुमरी गांव निवासी अमर प्रसाद का 21 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार था। वह पश्चिम बंगाल में कंटेनर चलाता था और नागपुर से कोलकाता जा रहा था। इधर, ट्रक में आग लगने और करंट दौड़ाने के कारण अफरातफरी मच गई। फोरलेन से गुजरने वाले वाहनों में भी भगदड़ की स्थिति पैदा हो गयी, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित हो गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र घटनास्थल पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कंटेनर में लगी आग को बुझाया गया। इसके बाद पुलिस की ओर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। नागपुर से कोलकाता जाने के दौरान हुआ हादसा, घर में मचा कोहराम बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर चालक कंटेनर लेकर कोईलवर से छपरा की ओर जा रहा था। जमालपुर बाजार के समीप वह



कंटेनर सड़क किनारे खड़ा कर रहा था। तभी कंटेनर सड़क किनारे सड़क किनारे एक बिजली के खंभे से टकरा गया। इससे कंटेनर में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। कंटेनर के पिछले हिस्से में आग भी लग गई। इधर, चालक के भाई अभिषेक कुमार ने बताया कि आकाश कोलकाता में कंटेनर चलता था। वह नागपुर से कंटेनर में सामान लोड कर कोलकाता लौट रहा था। इसी बीच हादसा हो गया। कोईलवर थाने की पुलिस की सूचना पर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और शव दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए। बताया जा रहा है कि चालक आकाश कुमार दो भाई और तीन बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां प्रमिला देवी, बहन तुम्पा देवी, सपना देवी, रूपा कुमारी और भाई अभिषेक कुमार है। हादसे के बाद बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां प्रमिला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रथम श्रेणी से पास अल्पसंख्यक छात्रों को 15 हजार का वजीफा

**बिहारशरीफ/नबिटा सं**। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन राशि योजना के तहत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को 15 हजार रुपये का वजीफा उपलब्ध कराया जा रहा है। नालंदा जिले में इंटर, मौलवी और फौकानिया उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर भुगतान की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इंटर (बिहार बोर्ड) और मौलवी वर्ग में यह राशि केवल छात्राओं को दी जा रही है। जिले में इंटर उत्तीर्ण 660 छात्राओं का लक्ष्य तय किया गया था, जिनमें से अब तक 350 छात्राओं को 15-15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा चुकी है। वहीं मौलवी वर्ग में 133 छात्राओं के लक्ष्य के विरुद्ध 100 छात्राओं को भुगतान हो चुका है। फौकानिया वर्ग में छात्र और छात्रा दोनों इस लाभ के पात्र हैं। इस श्रेणी में 362 विद्यार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से 100 को अब तक राशि उपलब्ध करा दी गई है। जिन योग्य छात्र-छात्राओं ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, बिहारशरीफ या अपने संबंधित विद्यालय/मदरसे में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ अंकपत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और एक स्व-घोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**शपथ पत्र**

मैं अरविन्द कुमार पिता मनोहर लाल ग्राम जोगडी, पो.- सलैया, थाना सलैया जिला औरंगाबाद (बिहार) शपथ एवं निष्ठा पूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड संख्या- है। हर्ष राज मेरा पुत्र है। मेरा पुत्र हर्ष राज का विद्यालय के नामाकन पंजी में उसका नाम हर्ष राज सिन्हा अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा पुत्र का विद्यालय के रजिस्टर पंजी में सही नाम हर्ष राज अंकित कराने हेतु यह शपथ पत्र कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि इस शपथ पत्र में लिखी गई सारी बाते मेरे व्यक्तिगत एवं निजी जानकारी में सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र सं. 7399 दिनांक 6.10.25

**शपथकर्ता**
**अरविन्द कुमार**

# आर एस के पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के साथ-साथ सनातन संस्कृति को दिया नया आयाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी-ऑन-सोन**। आर एस के पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर, डिहरी की ओर से 15 नवंबर 2025 को झारखंडी मंदिर स्थित सोन नदी घाट पर भव्य दीपोत्सव, महाआरती और महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा के साथ-साथ सनातन संस्कृति को प्रज्वलित करने वाले इस आयोजन ने पूरे शहर में खास आकर्षण पैदा किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह, उप निदेशक रंजन कुमार सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से की। डिहरी में इस प्रकार का पहला भव्य सांस्कृतिक आयोजन होने के कारण यह समारोह लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। आयोजन में कई शिक्षण संस्थानों और सामाजिक क्षेत्रों से भी विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इसमें सन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत



सिंह, अरविंदो एकेडमी के अरविंद भारती, समाजसेवी गुड्डू जी, विधान परिषद प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी सहित कई शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी मौजूद रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत और आरती प्रस्तुत कर माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन विजेंद्र 'जख्मी' और बादल गुरु ने किया, जिसकी सभी ने सराहना की। निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा के साथ-साथ सनातन धर्म के प्रति आस्था, ऊर्जा और सांस्कृतिक समृद्धि बढ़ती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हर शनिवार सोन नदी घाट पर नियमित रूप से महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भव्य महाप्रसाद वितरण किया गया और दीपों की जगमगाहट से पूरा घाट आलोकित हो उठा। यह आयोजन डिहरी की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

# दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण का मामला दर्ज

नबिटा ब्यूरो

**डिहरी-ऑन-सोन**। नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से शादी की नीयत से दो नाबालिग बालिकाओं के अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि उनकी पुत्री और भतीजी 6 नवंबर को घर से अचानक गायब हो गईं। दोनों अपने साथ 50 हजार रुपये नकद और सोने के आभूषण भी ले गईं। परिजनों ने आशंका जताई है कि औरंगाबाद जिले के अखाड़ा शाहपुर गांव निवासी करण पासवान तथा उसी मोहल्ले के हर्ष कुमार ने बहला-फुसलाकर




दोनों का अपहरण किया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपितों ने फोन पर संपर्क कर पुलिस को सूचना देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोनों बालिकाओं की तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने महिला को शराब के साथ किया गिरफ्तार

**काराकाट (रोहतास)/नबिटा सं**। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के धंधे पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में मोथा गांव में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक महिला को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोथा गांव में दबिश दी। छापेमारी के दौरान सुशीला कुंवर नामक महिला के पास से 12 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# राज्य स्तरीय एसजीएफआई बालिका शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**किशनगंज**। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (पटना) एवं जिला प्रशासन, किशनगंज के संयुक्त तत्वावधान में, जिला शतरंज संघ तथा इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी के सहयोग से स्थानीय सम्राट अशोक भवन में रविवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बालिका शतरंज प्रतियोगिता (अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ प्रमंडलों से कुल 97 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी विशाल राज ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला



आपदा प्रबंधन पदाधिकारी आदित्य कुमार एवं उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा प्रह्लाद कुमार ने बताया कि पटना, कोसी, तिरहुत, सारण, भागलपुर, मगध, मुंगेर, दरभंगा एवं पूर्णियां प्रमंडल की खिलाड़ी राष्ट्रीय एसजीएफआई शतरंज प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगी। जिला शतरंज संघ के महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा वरीय संयुक्त सचिव एवं चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रमुख कमल कर्मकार ने बताया कि पूर्णियां प्रमंडल की चयनित 12 बालिकाओं में से किशनगंज जिले की 8 खिलाड़ी - पलचीन जैन, जयश्री प्रभा, आराध्या सिंह, दृष्टि दिया प्रामाणिक, सिद्धि सेठिया, तराशा कुमारी, सकनूर फातिमा और अन्वेषा बनर्जी- शामिल हैं। इन्होंने यह सफलता चेस क्रॉप्स अकादमी से प्राप्त उच्चस्तरीय प्रशिक्षण से हासिल की है। वहीं पूर्णियां और कटिहार जिले से दो-दो खिलाड़ी चयनित की गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसे शिक्षिका दीपा झा ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपर्णा मजूमदार, आरूषी कुमारी एवं अनुश्री कुमारी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक सौरभ कुमार ने किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मुख्य निर्णायक कमल कर्मकार, सहायक निर्णायक अंशुमन राज, शारीरिक शिक्षक अतहर हसन, जमील अहमद, तृप्ति चटर्जी, सुधांशु सरकार, निरोज खान, रोहन कुमार, रौनक कुमार तथा अन्य सहभागियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर पूर्णियां से अमृत साजन, बांका से अजय कुमार मिश्रा तथा स्थानीय अभिभावक मोनिका साहा, रंजीत प्रामाणिक सहित अनेक अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2025 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges and Private Medical / Dental Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2025/26 Dated 16.11.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round Online Counselling**

Online Application with Choice Filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/01 dated 29.07.2025, 2025/14 dated 03.10.2025, 2025/16 dated 09.10.2025 & 2025/17 dated 24.10.2025, on the vacant seats of Government/ Private Medical / Dental Colleges of Bihar / Bihar Veterinary College for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges of Bihar state and B.V.Sc. & A.H. and B.Sc. (Poultry Production) courses in Govt. Veterinary Colleges of Bihar based on the Rank of UGMAC-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2025 Online 3rd Round counselling held from 10.11.2025 to 13.11.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Advertisement No. BCECEB(UGMAC)-2025/25 Dated 16.11.2025.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of 3rd round Counselling will be available on Board's website from **15.11.2025**. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round Counselling. The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.
3. **Stray Vacancy Round Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 17.11.2025 and close on 20.11.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB(UGMAC)-2025/25 Dated 16.11.2025 which can be downloaded from the Board's website : bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**

# हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में राज्य स्तरीय हैंडबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में राज्य स्तरीय हैंडबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी रवि ने किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं खेल प्रशिक्षण केंद्रों से आए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेलप्रेमियों तथा आमजन की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। उद्घाटन के अवसर पर प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी रवि जी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हैंडबॉल एक ऐसा खेल है जिसमें कौशल, अनुशासन, संतुलन और त्वरित निर्णय क्षमता की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के राज्य स्तरीय आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक खेल भावना और उच्च स्तर पर खेलने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि नवादा जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें उचित मंच और अवसर प्रदान करने की। उन्होंने यह भी कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है। जिला खेल कार्यालय द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर, प्रतियोगिताएँ तथा अन्य खेल-संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, ताकि युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाई जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें, मेहनत और समर्पण के साथ खेलों में आगे बढ़ें तथा जिले और राज्य का नाम रोशन करें।

## भगत सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न, राणा बॉस नवडीहा बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला अंतर्गत परवलपुर प्रखंड के शिवनगर पंचायत के जयशिव बीघा में 3 अक्टूबर से 16 नवंबर तक आयोजित भगत सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रोमांच से भरपूर रहा। चंदन सिंह के आयोजन और बी.पी. सिंह के संयोजन में हुए इस ग्रामीण स्तरीय भव्य टूर्नामेंट में 18 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बजरंग इलेवन बाना बीघा और राणा बॉस नवडीहा के बीच खेला गया। 16 ओवर के निर्णायक मैच में बजरंग इलेवन ने 112 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में राणा बॉस नवडीहा ने आखिरी ओवर में छक्का जड़ते हुए चार विकेट से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 11,000 और ट्रॉफी, जबकि रनर-अप को 5,100 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच राणा बॉस और मैन ऑफ द सीरीज आयुष कुमार चुने गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लवली पटेल और समाजसेवी नीतीश कुमार ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। लवली पटेल ने कहा कि सरकार मेडल लाओ, नौकरी पाओ जैसी योजनाओं से ग्रामीण खिलाड़ियों को नई ऊर्जा दे रही है। उन्होंने राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी को खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर बताया।

# सशक्त प्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला : डीएम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 पर "बढ़ती भ्रामक सूचना के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा" विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में प्रेस एवं मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और सशक्त प्रेस किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को अभिव्यक्त करने तथा शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करती है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस का विषय "बढ़ती भ्रामक सूचना के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा" निर्धारित किया गया था। यह थीम प्रेस बंधुओं को यह संदेश देती है कि आज के समय में जब गलत सूचनाएँ बहुत तेजी से फैलती हैं, तब पत्रकारों और मीडिया संस्थानों का दायित्व है कि वे तथ्य जांच, नैतिक पत्रकारिता और सत्यनिष्ठ रिपोर्टिंग के जरिए समाज का विश्वास बनाए रखें।

डिजिटल युग में गलत एवं भ्रामक सूचनाओं का प्रसार अत्यंत तेजी से हो रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे तथ्य-जांच, स्रोतों की विश्वसनीयता, प्रमाण-आधारित रिपोर्टिंग तथा पारदर्शिता को प्राथमिकता दें, क्योंकि विश्वसनीयता ही प्रेस की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले को आगे ले जाने में प्रेस की अहम भूमिका है, उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि जिले के बेहतरीन सक्सेस स्टोरी को देश दुनिया तक पहुंचाकर जिले का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन रजनीकांत, द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है,सही परख एवं प्रमाण आधारित रिपोर्टिंग काफी महत्व रखता है, भ्रामक खबरों के साथ जनमानस में विश्वसनीयता घटती है, अपनी सूझबूझ, सत्य पर आधारित बातों को आमजन के बीच परोसा जाना चाहिए, ताकि प्रेस की गरिमा बनी रहे। जिला प्रशासन द्वारा प्रेस बंधुओ को अहमियत, इज़्ज़त देने की उन्होंने बातें कहीं। इस अवसर पर पत्रकार रवि रंजन, राजकुमार मिश्रा, रणजीत सिंह, महफूज आलम, राज आदि ने अपनी अपनी बातें रखी। इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# अस्मिता खेलो इंडिया साइकिलिंग लीग में बालिकाओं की दमदार भागीदारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के कल्याण विगहा में रविवार को आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग ने साबित कर दिया कि ग्रामीण बिहार की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। नालंदा जिला साइक्लिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया और अपनी लगन, फिटनेस व रफ्तार से सबका दिल जीत लिया। एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पदक देना नहीं, बल्कि ग्रामीण स्तर पर बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य की प्रतिभाओं को पहचान देते हैं और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मौका प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता अंडर-14 और अंडर-18 दो वर्गों में हुई।

5 किलोमीटर की मास स्टार्ट रेस में प्रतिभागियों ने दमदार स्टैमिना, संतुलन और स्पीड का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

स्वर्णः पायल शांति कुमारी — 8 मिनट 11 सेकेंड

रजतः रागिनी कुमारी — 8 मिनट 39 सेकेंड

कांस्यः सुहानी कुमारी — 9 मिनट 7 सेकेंड

उद्घाटन समारोह में बिहार राज्य साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. कौशल किशोर सिंह, अवधेश सिंह, सुरेश सिंह, कल्याण विगहा थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी, जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनील कुमार पांडे और सचिव प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों ने बालिकाओं के जज़्बे की भरपूर सराहना की। रिंकू कुमारी, विकेश कुमार, सतनाम कबीर, आस्था प्रकृति, पल्लवी कुमारी, मुस्कान कुमारी, आशा कुमारी, अनिशा कुमारी, आभा समेत दर्जनों बालिकाओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। स्थानीय खेल प्रेमियों और एसोसिएशन सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम को बड़ी सफलता मिली।

# लूटे गए मोबाइल के साथ तीन अपराधी धराए



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** नवादा जिला की कौआकोल थाना की पुलिस ने रविवार को लूटी गई एक मोबाइल के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर किया है। वही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन बाइक को भी जब्त किया है। थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने बताया कि 21 अक्टूबर 2025 को वादी व कौआकोल थाना क्षेत्र के कदहर गांव निवासी श्रीकांत कुमार,पिता-पारसनाथ पाठक गाँव के ई-रिक्सा से अपने पिताजी को लाने के लिए बड़राजी बाजार जा रहे थे। तभी समय करीब 12:30 रात्रि में पाली पॉवर हॉउस के पास तीन मोटरसाइकिल पर सवार सात अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा वादी का ई-रिक्शा रोक कर उनके साथ मार पीट कर वादी से 5000/- रुपया एवं सोने का बजरंगबली का लॉकेट, विभो कम्पनी का मोबाइल, चांदी के ब्रेसलेट तथा ई-रिक्शा में लगे 05 (पांच) बैट्री छीन लिया है। वादी के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर कौआकोल थाना कांड संख्या-436/25,दिनाक- 21.10.25,धारा 310 (2)/ 311 बी०एन०एस० दर्ज किया गया। एवं कांड को गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल पर एफएसएल टीम एवं तकनीकी अनुसंधान इकाई को बुलाया गया। जिसके द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित की गई। अनुसंधान के क्रम में घटना में छिनी गई मोबाइल को कौआकोल थाना क्षेत्र के बिंदीचक गांव के सचिन कुमार, पिता राजू सिंह के पास से बरामद किया गया तथा घटना में उपयोग किया गया मोटरसाइकिल भी उसके पास से बरामद किया गया। घटना के संबंध में सचिन कुमार से पूछ ताछ करने के बाद उसने अपने अपराध को स्वीकार किया तथा घटना में अन्य अपराधकर्मियों के शामिल होने की बात बताई गई। जिसके बाद पुलिस ने निशानदेही पर घटना में लूटी गई मोबाइल एवं घटना में उपयोग किया गया तीनो मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। वहीं घटना में शामिल दो अन्य अपराधकर्मी बिन्दीचक गांव के ही रामवृक्ष यादव के पुत्र सियाराम कुमार एवं दिनेश यादव के पुत्र नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

# पाइप लीकेज के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली मुख्यालय समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर पेयजल का पाइप फटा हुआ है, जिससे पानी का बहाव सड़कों एवं खेतों में बह रहा है। जबकि हरदिया पंचायत अवस्थित फुलवरिया जलाशय पर स्थित बहुद्देशीय ग्रामीण जल परियोजना में लगभग 110 करोड़ रुपए से अधिक की लागत लगी है। साथ ही इसके देखरेख के लिए जिंदल नामक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिंदल के प्रोजेक्ट मैनेजर सैम तबरेज द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं से नगरवासी एवं ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों द्वारा जब प्रोजेक्ट मैनेजर को कॉल किया जाता है,तो वे फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। पाइप लीकेज से प्रत्येक दिन हजारों लीटर पानी का बहाव हो रहा है। बभनटोली निवासी शर्मा पंडित ने बताया कि बीते छह महीनों से पूर्व उनके घर के समाने सप्लाई पाइप से प्रतिदिन पानी का बहाव हो रहा है। शिकायत करने के बाद भी अबतक पाइप लीकेज को ठीक नहीं किया गया है। जबकि इस योजना के तहत फुलवरिया जलाशय के पानी को शुद्ध कर रजौली प्रखंड के 10 पंचायतों के करीब 90 गांवों के हर घर तक पहुंचाना है। इसके लिए 06 जोन बनाया गया है और लगभग 10000 घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कि जानी है। किंतु जमीन पर इस योजना का नियमित संचालन जिंदल के मैनेजर सैम तबरेज द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे आमलोगों में काफी रोष व्याप्त है। इस बाबत पीएचइडी एसडीओ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पाइप लीकेज का मामला संज्ञान में आया है। इसके लिए पीएचइडी के जेई सुजीत कुमार को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

# प्रेस दिवस पर प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर विचार-विमर्श



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 16 नवंबर को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत कायनात सिस्टर्स (कायनात नादरा और कायनात असमत) द्वारा स्वागत-गान प्रस्तुत किया गया, जिसने समारोह के माहौल को और अधिक सौम्य एवं प्रेरणादायी बनाया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस का विषय "Safeguarding Press Credibility Amidst Rising Misinformation" (बढ़ती भ्रामक सूचना के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा) निर्धारित किया गया था। अध्यक्षीय संबोधन में शम्भू शरण पांडेय ने कहा कि डिजिटल युग में गलत एवं भ्रामक सूचनाओं का प्रसार अत्यंत तेजी से हो रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे तथ्य-जांच, स्रोतों की विश्वसनीयता, प्रमाण-आधारित रिपोर्टिंग तथा पारदर्शिता को प्राथमिकता दें, क्योंकि विश्वसनीयता ही प्रेस की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वागत संबोधन में प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। नवादा भास्कर के ब्यूरो चीफ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि सूचना की भरमार के बीच सत्य को पहचानना कठिन होता जा रहा है और ऐसे में पत्रकार द्वारा किए गए हर सत्यापन का अत्यधिक महत्व है। ईटीवी भारत के ब्यूरो चीफ सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि भ्रामक सूचनाएं समाज में अनावश्यक तनाव और भ्रम पैदा कर सकती हैं, इसलिए क्रॉस-वेरिफिकेशन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। नवबिहार टाइम्स के ब्यूरो चीफ डॉ पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि जनता का विश्वास ही पत्रकारिता की वास्तविक पूंजी है और वायरल सूचनाओं के पीछे की सच्चाई सामने लाना पत्रकार का महत्वपूर्ण दायित्व है। हिंदुस्तान के राजेश मंझवेकर ने कविता के माध्यम से विषय की गंभीरता को बताया। दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे ने कहा कि विश्वसनीय रिपोर्टिंग ही मीडिया को सम्मान और जनता का विश्वास दिलाती है। सही सूचना का प्रसार और गलत सूचना का खंडन दोनों आज की पत्रकारिता के अनिवार्य दायित्व हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सोन वर्षा वाणी के ब्यूरो चीफ मिथिलेश कुमार, प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ विशाल कुमार तथा न्यूज़ 18 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ अनिल विशाल सहित अन्य मीडिया प्रतिनिधियों ने आज विषय पर अपने मत रखे। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन जनसम्पर्क कार्यालय के हेमंत कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, सूचना लिपिक शशि कुमार, रजनी कुमारी , कमलेश कुमार,सत्यम कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# आइटीआइ नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देश पर 16 नवम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे संयुक्त श्रम भवन, राजकीय आइटीआइ परिसर, नवादा में स्थायी लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं अन्य योजनाओं पर केंद्रित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन, पीएलवी तपेश्वर सिंह, श्रम विभाग के कर्मियों, नवादा नगर ग्राम पंचायत के आमजन तथा अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अपने संबोधन में डिफेंस काउंसिल सदस्य अमन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आम लोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। कानून की जानकारी न होने के कारण लोग अक्सर भ्रमित होते हैं तथा कई बार उनका शोषण भी किया जाता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता करें, जिससे वे शोषण से बच सकें। अमन जैन एवं पी०एल०वी० तपेश्वर सिंह ने लोगों को विधिक अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी देने पर बल दिया।

# शराबबंदी के बाद भी शौकीन लोग नहीं आ रहे बाज

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित अंतरराज्यीय समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बस में शराब के साथ सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया।युवक के पास रहे बैग में छिपाकर रखे तीन बोतल शराब बरामद किया गया।बिहार में शराबबंदी को 9 वर्षों से अधिक समय हो गया है।इसके बावजूद शराब के शौकीन लोग झारखंड एवं अन्य राज्यों से बिहार आनेवाले लोग उत्पाद बलों की आंखों में धूल झोंककर शराब छिपाकर लाने में बुरी तरह फंस जा रहे हैं। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी पर प्रत्येक दिन चौबीसों घंटे झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। जांच चौकी पर एक यात्री बस पर सवार मुजफ्फरपुर जिले के सरया थाना क्षेत्र के चकना गांव निवासी रामाशीष साहनी के पुत्र अशोक कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के पास से 750 एमएल वाले सिग्नेचर के एक बोतल एवं 180 एमएल वाले टीचर्स के दो बोतल शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।गिरफ्तार युवक को रविवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न यात्री वाहनों व निजी वाहनों से शराब के नशे में सफर कर रहे 14 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिसमें एक दुबारा शराब पीकर गिरफ्तार हुए। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि पहली बार शराब के नशे में गिरफ्तार 13 लोगों ने न्यायालय में जुर्माना राशि जमा कर अपने अपने घर चले गए। वहीं दूसरे बार शराब पीकर गिरफ्तार हुए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# रजौली की जीत के बाद विधायक विमल राजवंशी ने लिया जनता का आर्शीवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली विधान सभा की सुरक्षित सीट से एनडीए समर्थित प्रत्याशी के तौर शानदार जीत दर्ज करने वाले लोजपा (आर) के नव-निर्वाचित विधायक विमल राजवंशी ने रविवार के अहले सुबह अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक व्यापक आभार और आशीर्वाद दौरा किया। विधायक ने मतदाताओं के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए,यह दृढ़ वादा किया कि वह लोगों द्वारा दिए गए अपार भरोसे पर खरे उतरेंगे और रजौली क्षेत्र के समग्र विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बनाएंगे। इनके काफिले में नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद चन्द्रवंशी, रंजीत सिंह, गौरव शांडिल्य गगन, मनीष सिंह, रंजय सिंह, अरविंद सिंह, संतोष कुमार, शशांक कुमार, शोलू सिंह, गोलू सिंह, जिलू रीनू रंजन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

***जनता के बीच पहुंचे विधायक विमल राजवंशी***

विधायक विमल राजवंशी ने अपने दौरे की शुरुआत पुरानी बस स्टैंड पहुंच बजरंगबली मंदिर में माथा टेकने के बाद की। इसके बाद उनका काफिला क्षेत्र के बभनटोली पहुंचा। बभनटोली में बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं व मिठाई खिलाने के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान वे मनोकामना धाम मंदिर में पहुंचे एवं इसके बाद स्थानीय बाजार से की,जहां उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। पूरे दौरे के दौरान, विमल राजवंशी ने वरिष्ठ नागरिकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा कि उनकी यह जीत किसी व्यक्ति विशेष की नहीं,बल्कि रजौली की जनता के सामूहिक विश्वास और एकता की जीत है। विधायक ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वे अब हर पल उनके लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है।

***बीजेपी कार्यालय में दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह***

आभार दौरे का समापन भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के स्थानीय कार्यालय में हुआ। कार्यालय में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जमावड़ा लगा हुआ था, जिन्होंने उत्साह के साथ विधायक का अभिवादन स्वीकार किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक राजवंशी ने कहा,यह विजय आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।मैं पार्टी के हर कार्यकर्ता को धन्यवाद देता हूं,जिसने दिन-रात एक करके इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया।

***विकास ही मेरी प्राथमिकता***

विधायक विमल राजवंशी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा,रजौली की जनता ने मुझे जो विश्वास और जनादेश दिया है, मैं उसे सिर-माथे पर रखता हूं। मैं आपको यह बादा करता हूं कि मैं आपके भरोसे पर हर पल खरा उतरूंगा। रजौली विधान सभा क्षेत्र को विकास के नए आयामों तक ले जाना, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना मेरी सरकार की पहली प्राथमिकता होगी।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पेंशनर भवन में परिचर्चा का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर रविवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में परिचर्चा की गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। कहा गया लोकतंत्र में चौथी स्तम्भ में प्रेस की स्वतंत्रता अंकित है। समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा देश के नागरिकों को मूल अधिकार में प्रेस की स्वतंत्रता देय है। इसमें पत्रकार समूह का विशेष महत्व हो जाता है। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के साथ आत्मीय सम्बंध होना चाहिए। देश के अंदर साथ ही जंगलों व सुदूर गांवों पहाड़ी क्षेत्रों की समस्या संकलित करने में पत्रकारों को काफी दिक्कत होती है। इसके लिए जरूरी है कि जिला अनुमंडल, प्रखंड स्तरों पर पत्रकार क्लब की स्थापना होना चाहिये। पत्रकारों को सभी प्रकार की सुविधाओं जैसे जानमाल की सुरक्षा, निःशुल्क आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य, वेतन, यात्रा भत्ता समेत अन्य सुविधा देना चाहिए। ताकि सही ढंग से समाज की घटनाओं को समाचार पत्रों के देकर सरकारी तंत्र को कराया जा सके। चूंकि पत्रकारों का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण होता है। निष्पक्ष, सच्चा, निर्भीक आमलोगों से लेकर शासन, प्रशासन के बीच पहुंचना जरूरी है। समाचार संकलन में निःशुल्क आवागमन की सुविधा मिलनी चाहिए। समाज की निचली इकाई को लेकर उच्च स्तर की समस्याओं को जानकारी सरकार को मिल सके। इससे पत्रकारों की समाज व राष्ट्र में भूमिका अहम सराहनीय होगी। मौके पर रामशरण सिंह,चंद्रिका सिंह,सियाशरण दास,रामधीन सिंह समेत अन्य ने पत्रकार की सुविधाओं की मांग जोरदार तरीके से विचार रखे।

# नवादा जिला शाखा का पुनर्गठन कार्यक्रम, कार्यकर्ता संगठन की होत हैं रीढ़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** संज्ञा समिति गयाधाम, गयाजी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नवादा जिला शाखा का पुनर्गठन कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता समिति के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक व संचालन नवादा जिले के संरक्षक डा.धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने की। पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्र, साहित्यकार पूर्व प्राचार्य डा.सच्चिदानंद मिश्र ,केंद्रीय सचिव गोपाल मिश्र, उपाध्यक्ष बृजनंदन पाठक, विष्णुकांत मिश्र, सेवानिवृत्त शिक्षक फणीन्द्र मिश्र समेत अन्य संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उपरांत संज्ञा समिति गयाधाम, गयाजी का नवादा जिला की कमिटी का गठन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भास्कर को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वंदना कर शुरु की गई। जिसमे सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मिश्र को समिति के नवादा जिलाध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई। वही जिला उपाध्यक्ष विष्णुकांत मिश्र( अरंडी), कोषाध्यक्ष अभय कुमार मिश्र को,सचिव पद पर विनय कुमार मिश्र,उपसचिव पद पर नलिन विलोचन मिश्र को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्रा, गिरेन्द्र मिश्र, अनिल मिश्र, सुनील मिश्र, शिवेन्द्र मिश्र, श्रेया शाश्वत, अमरेन्द्र मिश्र (पप्पू) दिनकर मिश्र, विनायक मिश्र, डा.अनुराग मिश्र को पदभार दिया गया है। मौके पर अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा यह संगठन काफी पुराना है। कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होता है। जिला से लेकर पंचायत व गांव स्तर पर आर्थिक,शैक्षणिक समेत अन्य उस परिवार से जुड़े बातों का सर्वेक्षण करें। इसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। ताकि समाज का उत्थान हो सके। जिला से पंचायत स्तर पर कमिटी के गठन करें। हमलोग अपने संगठन को मजबूत करने के साथ कोष और विस्तार करने में अपनी अहम भूमिका निभाने में लग जाना है। इसके लिए समय निकाल कर सामाजिक भावना से समाज का सेवा करना है।

मौके पर डॉ. आरके मिश्र, बीएस पाठक, विशाल कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# एनडीए की प्रचंड जीत पर जदयू नेताओं ने मिठाई बांटी और खुशी का किया इजहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के गांधी मंडप में एनडीए के प्रचंड जीत पर जदयू नेता एवं कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया। जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की एनडीए की ये जीत विकास एवं शुसाशन की जीत है, बिहार की जनता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विश्वास की जीत है।

महिला जिलाध्यक्ष ज्योति दांगी ने कहा की ये जीत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति महिलाओं की भरोसा की जीत है।उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए जो काम किया है, उसी का नतीजा है की एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है।इस अवसर पर अरुण राव, सोनम दास, कुंडल वर्मा, बबन चंद्रवंशी, पूनम कुशवाहा, मितंबरा होहड़े, रिंकू कुमारी, जितेंद्र दास, कैलाश पासवान, कमलेश कुमार दिवाकर, श्रीकांत प्रसाद, बलिराम चौधरी, सुरेश राव, योगेंद्र कुशवाहा, अरविंद वर्मा, राकेश पांडे, राजकुमार साह, लालजी प्रसाद, सतेंद्र मांझी, दिवाकर कुमार, गोपाल पटेल, नीरज राय, बीरेंद्र शर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## धान के बोझे में आग लगने से 60 हजार का हुआ नुकसान

**वजीरगंज(गयाजी)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुएत बधार में शनिवार की देर रात धान फसल के एक ढेर में आग लग गई, जिसपर ग्रामीणों एवं अग्निशाम दल ने रविवार की सुबह काबू पाया।पीड़ीत किसान प्रमोद सिंह ने बताया कि महुएत और चहल के सीमा पर खेत में धान को एकत्रित किया गया था, जिससे धान अलग करने के बाद घर लाया जाता, लेकिन किसी ने जानबूझकर बोझों में आग लगा दी।आगलगी से 60 हजार रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।घटना की जानकारी बीडीओ एवं सीओ को देते हुए उचित मुआवजे की मांग की गई है।वहीं अब पूरे वर्ष का आहार भी चला गया है।

# डीडीसी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निर्देश पर रविवार 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन समाहरणालय सभागार में डीडीसी नवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।इस कार्यक्रम में विभाग द्वारा निर्धारित विषय (सेफगार्ड प्रेस क्रेडिबिलिटी अमिडस्ट राइजिंग मिसइनफॉरमेशन) विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा भी अपने वक्तव्य रखे गए।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हिंदी दैनिक के गोपाल प्रसाद सिन्हा, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के उपाध्यक्ष सह हिंदी दैनिक के वरीय संवाददाता रौशन कुमार, डेली इंग्लिश अखबार के आलोक कुमार, एएनआई सूर्यप्रताप सिंह, हिंदी दैनिक के डिजिटल दीपेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार रूपक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।अध्यक्षीय संबोधन में डीडीसी ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय प्रेस दिवस की सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आज प्रेस की विश्वसनीयता अत्यंत ही जरूरी हो गयी है।

ज्यों-ज्यों तकनीक विकसित होती जा रही है, लोग उसका सही और गलत दोनों इस्तेमाल कर रहे हैं। तकनीक की वजह से लोग किसी भी व्यक्ति की आवाज निकाल कर या वीडिया अथवा फोटो को टैम्पर कर उसमें छेड़छाड़ कर देते हैं और उस वीडियो को वायरल कर देते हैं।ऐसी परिस्थिति में यह जरूरी है कि यदि ऐसी कोई वीडिया अथवा उससे संबंधित कोई न्यूज प्राप्त हो तो उसे मीडिया हाउस द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर ही न्यूज चलायी जाए, साथ ही उसमें संबंधित व्यक्ति की बाइट का भी उपयोग किया जाए, ताकि खबर की विश्वसनीयता बनी रहे और खबर तथ्यपरक बनें न कि भ्रामक हो।इस अवसर पर कुछ मीडिया प्रतिनिधि ने कहा कि प्रेस की विश्वनीयता आज की तारिख में अत्यंत ही जरूरी है, बिना इसके खबर चलाना अपराध की श्रेणी में आता है।हिंदी दैनिक के पत्रकार गोपाल सिन्हा ने कहा कि आज के प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस की विश्वसनीयता विषय अत्यंत ही सराहनीय विषय है।इस विषय को जानना अत्यंत ही जरूरी है, विशेष कर उनके लिए जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाते हैं।ऐसे यू-ट्यूबर सोशल मीडिया पर व्यूज के चक्कर में भ्रामक तथा तथ्य से परे खबरों को साझा कर देते हैं और उसका दुष्परिणाम देखने को मिलता है।ऐसी परिस्थिति में खबर की विश्वसनीय अत्यंत ही जरूरी है और लोगों को इसके लिए खबर की गहराई तक जाना चाहिए तभी खबर को प्रकाशित करना चाहिए।प्रेस अथवा पत्रकारिता को समाज का दर्पण कहा जाता है।अर्थात पत्रकार वैसी ही खबरों को प्रकाशित करते हैं, जो समाज के बीच आइने की तरह परिलक्षित हो और उसका सकारात्मक असर समाज और आमजन पर पड़े, न कि भ्रामक खबर से वे दिग्भ्रमित हों।इस लिए खबरों की विश्वसनीयता अत्यंत ही जरूरी है और इसके लिए सभी पत्रकारों को भी सजग होकर ही अपनी पत्रकारिता करनी चाहिए।जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव ने डीडीसी को पुष्पगुच्छ देखर उनका हार्दिक स्वागत किया।ततपश्चात बारी बारी से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को गुलाब का फूल देकर सभी का अभिनंदन किया।

# बिहार चुनाव परिणाम पर डॉ. प्रेम कुमार ने मतदाताओं के प्रति जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों पर खुशी व्यक्त करते हुए बिहार भाजपा के वरीय नेता और मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की महान जनता ने ऐसा जनादेश दिया है जिसने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले ने देश के राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और पंडितों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बिहार विकास और सुशासन को प्राथमिकता देता है। डॉ. कुमार ने कहा कि बिहार के मतदाताओं पर जातिवादी ठप्पा लगाना गलत है, क्योंकि जनता जाति-धर्म नहीं बल्कि काम और नेतृत्व देखकर मतदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर जनता ने पूर्ण विश्वास जताया है। साथ ही यह भी संदेश दिया है कि झूठे वादों, भय पैदा करने और तुष्टिकरण की राजनीति से जनता अब ठगी नहीं जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के मतदाताओं ने उन्हें सत्ता का सपना दिखाने के बजाय सड़क पर खड़ा कर दिया। जनता समझती है कि ऐसे गठबंधन और नेता केवल सत्ता के लिए किसी भी स्तर पर गिर सकते हैं। इस जनादेश ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार के लोग विकास, अमन और रोजगार चाहते हैं तथा केंद्र और राज्य की एनडीए सरकारों पर भरोसा करते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार का यह जनादेश देश की राजनीति को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि 'हमारे मतदाताओं के स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन ने एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। हम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और विकसित बिहार तथा विकसित गया के सपने को मिलकर साकार करेंगे।'

# सामाजिक एकता सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** रविवार को टिकारी प्रखंड के शिवनगर गांव में क्रोंचदीपिय ब्राम्हण समाज की एक बैठक हुई। जिसमें समाज की एकता सहित अन्य महत्वपूर्ण विन्दुयो पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत बैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान परशुराम की तसवीर पर माल्यार्पण के साथ हुई।

बैठक में शामिल लोगों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रह रहे लोगो के बीच जन सम्पर्क स्थापित कर समाज के प्रति जागरूक करने तथा उनकी छोटी छोटी समस्याओं के निदान को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में भगवान परशुराम के प्रतिमा स्थापित करने पर भी सहमति बनी।अगली बैठक में प्रतिमा स्थापना को लेकर प्रारूप तैयार करने पर भी बल दिया।बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय ने की जबकि संचालन वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ जीतू बाबा,धन्यवाद ज्ञापन शिव वचन पाठक ने की मौके पर लक्ष्मी कांत पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अर्जुन पाठक, अक्षय पाठक, बृजनन्दन पाण्डेय, सुमित पाठक, रंजय कुमार पाठक, निरंजन पाण्डेय सहित महमन्ना, गहरपुर, पाली, सिमुआरा सहित अन्य गांवों से समाज से जुड़े लोग भी बैठक में शामिल थे।

# भगवान बिरसा मुंडा के बताए हुए मार्ग पर विद्यार्थियों को चलने के लिए किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गिरिडीह के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के न्यू बिल्डिंग में किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में जमुआ के लोकप्रिय विधायक मंजू देवी बतौर अतिथि उपस्थित रही विधायक ने कहा कि अभाविप द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा छात्र- छात्राओं में एक नई प्रकार का ऊर्जा का संचार होगा, इसके साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के बताए हुए मार्ग पर विद्यार्थियों को चलने के लिए प्रेरित भी किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शोध संयोजक कृष्ण त्रिवेदी, प्रोफेसर विनीता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार वर्मा, पूर्व मेयर सुनील पासवान, सर जेसी बोस के प्रिंसिपल मुन्ना कुशवाह, पूर्ण कार्यकर्ता संदीप देव उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तुलसी दास, द्वितीय स्थान पर अभिषेक यादव, एवं तृतीय स्थान पर अभिषेक कुमार मिश्रा , विजेता रहे प्रथम स्थान लाने वाले को 5001 रुपया+मेडल +सर्टिफिकेट और कप दिया गया, तृतीय स्थल लाने वाले को 3001 रुपया+मेडल+ सर्टिफिकेट और कप दिया गया, तृतीय स्थल पर लाने वाले को 2001 रुपया + मेडल+ सर्टिफिकेट और कप दिया गया वही टॉप 10 में आने वाले विद्यार्थियों को मेडल सर्टिफिकेट और कप दिया गया और टॉप 50 में आने वाले विद्यार्थियों को मेडल सर्टिफिकेट दिया गया। गिरिडीह जिला संयोजक मंटू मुर्मू ने कहा की परिषद अपने स्थापना कल से ही समाज हित , राष्ट्र हित , राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करते आ रही है आज गिरिडीह जिला के 1000 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने जिस उत्साह के साथ परीक्षा दिया और पुरस्कार का भागीदार भी बने सभी प्रतिभागी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं जो प्रतिभागी पुरस्कार जीतने में असमर्थ रहे उनको भी भविष्य के लिए अनेकों शुभकामनाएं मौके पर नगर सह मंत्री अनीश राय, अभिजीत सिन्हा, श्रेयांश सौरव, सागर कुमार , दीपक वर्मा, दीपा सेठ, डिंपी सेठ, करण यादव, आनंद, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कार्यक्रम**

# बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण विषय पर सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के शुभ अवसर पर थीमः-"बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण" विषय पर समाहरणालय सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव के अलावा डीडीसी गिरिडीह स्मृता कुमारी ,डीपीआरओ अंजना भारती समीत कई पदाधिकारी गणो के साथ-साथ जिले के सभी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ के अलावा पत्रकारगण शामिल थे।

उक्त कार्यक्रम की शुरूआत जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अंजना भारती के द्वारा स्वागत भाषण के रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के शुभ अवसर पर सभी प्रेस बंधुओं को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस की अनेकों शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इसके उपरांत तमाम वरिष्ठ पत्रकार बंधुओ ने अपने विचार रखें तथा समाचार संकलन के दौरान उन्हें हो रही परेशानी को लेकर प्रशासन को अवगत कराया, तथा इसके साथ ही साथ वरिष्ठ पत्रकार बंधुओ ने अपने संबोधन के दौरान उपस्थित तमाम पत्रकार गणों से जिम्मेवारी से पत्रकारिता करने की नसीहत दी। वंही इसके उपरांत कार्यक्रम में उपायुक्त, ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपायुक्त कहा कि समाज को सशक्त करने में एवं लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में आपका आम योगदान है जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस, 16 नवम्बर, भारत में स्वतंत्र एवं जिम्मेदार प्रेस का प्रतीक है। इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद् ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करना आरंभ किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता काफी चैलेंजिंग है, दिन प्रतिदिन पत्रकारों को काफी मुश्किलों का सामना करते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करना पड़ता है। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं मीडिया में सामंजस्य स्थापित करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आगे उपायुक्त ने पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में संदर्भित किया, जो सरकार के तीन अन्य स्तंभों - विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बराबर महत्व रखता है। उपायुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराने और सरकार में पारदर्शिता लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में खबरों की निष्पक्षता और तथ्यों की सत्यता की जांच जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि आर्टिकल 21 निष्पक्ष पत्रकारिता को परिभाषित करता है। उपायुक्त ने सभी पत्रकार बंधुओ से अनुरोध किया कि आप सभी निष्पक्ष पत्रकारिता करें एवं खबरों की आड़ में भ्रामक खबरे को बढ़ावा ना दें तथा एसओपी का अनुपालन जरूर करें। उपायुक्त ने कहा कि भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाने के लिए आप सभी को ही आगे आना होगा, क्योंकि आज के दौर में सोशल मीडिया साइट्स पर बिना खबरों की सत्यता की जांच किए हुए बिना खबर लगा दिया जाते हैं, उपायुक्त ने कहा कि भ्रामक खबरों से हमें बचाना चाहिए क्योंकि आमजनों तक संचार का माध्यम है मीडिया।

# प्रेस दिवस पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** प्रेस दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सभी पत्रकारों, संपादकों एवं मीडिया कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा होती है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चार स्तंभों में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो समाज को जागरूक और सजग बनाने में सेतु का काम करती है। मंत्री ने कहा कि पत्रकार केवल सूचना देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज को दिशा दिखाने, जनचिंताओं को सरकार तक पहुँचाने और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर जनमत तैयार करने में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों, आपदाओं, सामाजिक तनाव या चुनौतीपूर्ण माहौल में बिना भय अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। सत्य, निष्पक्षता और तटस्थता पत्रकारिता की मूल पहचान है। डिजिटल युग में सूचना माध्यमों के तेज बदलाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के विस्तार के बावजूद प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आज भी अपनी विश्वसनीयता और तथ्यपरकता के कारण जनता के बीच भरोसेमंद हैं। कई बार पत्रकारों की आवाज से समाज और सरकार का ध्यान गंभीर मुद्दों की ओर जाता है और समाधान निकलता है।

## झामुमो महिला मोर्चा के विस्तार को लेकर जिला कार्यालय में हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मोर्चा की जिलाध्यक्षा प्रमिला मेहरा ने मोर्चा के विस्तार के साथ ही महिलाओं को जागरूक करने पर दिया जोर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा प्रमिला मेहरा ने की। बैठक में मुख्य रूप से महिला मोर्चा विस्तार को लेकर की चर्चा की गई। प्रखंड से लेकर पंचायत तक संगठन का विस्तार करने और नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया गया। शहरी क्षेत्र में भी नगर कमेटी का विस्तार करना है नए सदस्यों को जोड़ना है। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा जितने भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके बारे में महिलाओं को जागरूक करना है।

# दो पक्षों में मारपीट, मोबाइल-नकदी और चेन छीनने का आरोप, दोनों ओर से थाने में आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, गाली-गलौज और सामान छीनने को लेकर विवाद उभर आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने आंती थाना में अलग-अलग आवेदन देकर एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पहले पक्ष के संत कुमार ने आवेदन में आरोप लगाया है कि 11 नवंबर की सुबह वे अपने घर के पास थे, तभी अशुतोष कुमार और उसके परिजनों ने बिना कारण गाली-गलौज की। आरोप है कि संत कुमार के भाई को बचाने गए तो अशुतोष की पत्नी ने उन पर लाठी से वार कर दिया और मारपीट के दौरान संत कुमार के भाई के पास रखा मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने बताया कि आरोपित परिवार लगातार धमकी भी दे रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के अशुतोष कुमार ने आरोप लगाया है कि उसी दिन शाम 6:19 बजे संत कुमार और बसंत कुमार उनके घर में घुस आए और उनके साथ व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। आवेदन में दावा किया गया है कि आरोपितों ने उनके पैकेट से 10 हजार रुपये तथा पत्नी के गले से सोने की चेन छीन ली। दोनों पक्षों ने थाने से उचित कार्रवाई की मांग की है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने रविवार को बताता कि कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## 17 व 18 को क्रिकेट एवं 19 को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सांसद प्रतिनिधि सह आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव ने बताया कि इस सांसद खेल महोत्सव में छौ सांस्कृतिक नृत्य, उड़ीसा से बाइकर्स स्टंट टीम, भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी मुख्य आकर्षण रहेगा। साथ ही गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे, कल शाम 4 बजे गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा भव्य उद्घाटन किया जाएगा गिरिडीह जिला में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के दिशानिर्देश पर जीपीएल 5 संबंधित झंडा मैदान में कल से शुरू होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव और अपनी देख रेख में सभी वॉलंटियर को साफ सफाई, मैनेजमेंट संबंधित कई दिशा निर्देश दिया।प्रतियोगिता 17 और 18 एवं 19 नवंबर को झंडा मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित होगा मौके पर गुड्डू यादव,आलोक रंजन, आनंद पांडे,सोनू सिंह,रमन राय, सेंस इरशाद आदि मौजूद रहे।

# मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा जिसे आरजेडी का गढ़ कहा जाता है उस गढ़ में एनडीए एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी ने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन के प्रत्याशी रेखा देवी को 7643 वोटो से हराकर जीत हासिल की है।

अरुण मांझी वर्ष 2010 में भी मसौढी विधानसभा सीट से लोजपा को हराकर 5000 वोटो से जीत हासिल की थी, ऐसे में अरुण मांझी को दुबारा मसौढ़ी से विधायक चुने जाने पर कार्यकताओं में काफी उत्साह है हर तरफ समर्थक अब आलाकमान से अरुण मांझी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। रविवार को धनरूआ में धन्यवाद यात्रा के दौरान सभी कार्यकताओं ने मंत्री पद देने की मांग की है। जिसमें धनरूआ के जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, ललन आजाद, मुखिया रानी कुमारी, जदयू के वरीय नेता पप्पू सिंह, सुषमा कुमारी अशोक रजक, वही मसौढ़ी में भी सुनील कुमार वर्मा, अश्विनी गोल्डी अशोक सिंह समेत कई नेताओं ने इस बार मसौढ़ी से चुने हुए विधायक को मंत्री मंडल में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। मसौढ़ी में जदयू समर्थकों की माने तो मसौढी हमेशा से अपने पार्टी के लिए अग्रणी भूमिका में रहा है ऐसे में इस बार मसौढ़ी विधानसभा सीट से जीते हुए विधायक अरुण मांझी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग कर रहे है।

# बांके बाजार के लाल इलाके में लौटा अमन-चैन, लोग बेखौफ होकर जी रहे शांतिपूर्ण जीवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी (गया)।** बाँके बाजार प्रखंड का वह क्षेत्र, जो कभी लाल इलाका कहलाता था और नक्सली गतिविधियों के कारण दहशत का पर्याय माना जाता था, आज अपने बदले स्वरूप के लिए चर्चा में है। समय के साथ परिस्थितियाँ बदलीं, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई और अब इन इलाकों में अमन-चैन लौट आया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एक समय ऐसा था जब शाम चार बजे के बाद घरों से निकलना मुश्किल होता था। नक्सलियों के भय से ग्रामीण रात नहीं, कई बार सांझ का उजाला भी बाहर सुरक्षित महसूस नहीं करते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। ग्रामीण बताते हैं कि आज वे बिना किसी डर के रात 12 बजे तक भी यात्रा करने में सहज महसूस कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में विकास कार्यों की रफ्तार भी तेज हुई है। सड़क, बिजली और संचार जैसी सुविधाओं के विस्तार से जनजीवन पटरी पर आया है। ग्रामीण युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर मिलने से समाज में सकारात्मक बदलाव और भरोसा बढ़ा है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि यह परिवर्तन सरकार, सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। गांवों में शांति कायम होने के बाद लोग भविष्य को लेकर आशावान हैं और क्षेत्र में फिर से सामाजिक और आर्थिक गतिविधियाँ तेज होती दिखाई दे रही हैं। बाँके बाजार क्षेत्र का यह परिवर्तन न सिर्फ वहाँ के ग्रामीणों के जीवन में सुखद बदलाव लाया है, बल्कि उन तमाम इलाकों के लिए भी मिसाल बन रहा है जहाँ कभी बुरे दौर का असर दिखाई देता था। अब यह क्षेत्र संघर्ष नहीं, शांति और विश्वास की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही के दिनों में जहां नक्सलियों के द्वारा जन अदालत लगाकर लोग को फरमान सुनाया जाता था आज वह पर बाँके बाजार के एमसीएसआर एथलेटिक्स के द्वारा बिहार झारखंड के लड़कियों के द्वारा क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

# फरीदपुर गांव का भाकपा माले नेताओं ने किया दौरा, पत्थरबाजी मामले में कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के बेलागंज इलाके में इलेक्शन रिजल्ट के बाद विजय जुलूस के दौरान पत्थरबाजी मामले में राजनीति तेज हो गई है।शनिवार को भाकपा माले की जांच टीम फरीदपुर गांव पहुंची।ग्रामीणों से बातचीत करके मामले की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने भाकपा माले के प्रतिनिधियों ने बताया कि चुनाव नतीजे आते ही दादपुर से कुछ असामाजिक तत्वों ने बाइक रैली निकालते हुए गांव से नारेबाजी और गाली गलौज करते हुए आगे बढ़े। एनडीए समर्थकों का कहना था कि इस गांव से राजद को वोट कैसे चला गया।इसके बाद मामला शांत हो गया। शनिवार की रात में जब गांव के लोग नमाज पढ़ रहे थे। उस समय कुछ लोग समूह में डीजे बजाते हुए फरीदपुर मस्जिद के पास पहुंचे।पटाखा फोड़ने लगे।यही नही घरों में जलते हुए पटाखे भी फेंकने लगे।जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया।विरोध करने पर मस्जिद पर पत्थरबाजी की गई और झड़प हो गई।गांव के कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं।समय रहते पुलिस पहुंच गई, नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।वहीं, माले नेताओं ने कहा कि बेलागंज में जदयू प्रत्याशी की जीत के बाद एनडीए सपोर्टर ने राजद समर्थकों पर सामंती सांप्रदायिक सोच के साथ हमला किया है और मस्जिद को निशाना बनाया। यही भाजपा के नफरत का मॉडल है।जीत के नशे में चूर एनडीए समर्थक मनमानी और दबंगई कर सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रहे हैं।माले नेताओं ने डीएम और एसएसपी से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और कानून व्यवस्था बहाल रखने की मांग की है। टीम में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, बेलागंज प्रखंड सचिव सूर्य विलास पासवान, इंसाफ मंच जिला प्रभारी मो. शेरजहां, वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह और मो. शाकिब शामिल थे।

संपादकीय

# एसआईआर सुचारू ढंग से चले

मध्यप्रदेश में देश के अन्य राज्यों के साथ मतदाता सूचियों का एसआईआर 4 नवंबर से प्रारंभ तो हो गया है, लेकिन जमीनी स्तर से जो रिपोर्टें आ रही हैं, उससे लगता है कि यह काम अपेक्षित सुचारू और व्यवस्थित तरीके से नहीं हो पा रहा है। हालांकि मप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने एसआईआर में लगे सभी बीएलओ और अन्य स्टाफ को एसआईआर का काम पूरी जिम्मेदारी और समय पर करने को कहा है। उधर एसआईआर को राजनीतिक मुद्दा बना रही कांग्रेस ने एसआईआर की पूरी कार्यवाही की मॉनिटरिंग के लिए 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने गठित कमेटी से कहा है कि पूरे एसआईआर कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ इसमें कोआर्डिनेशन का काम भी कमेटी में शामिल सदस्य और पार्टी नेता करेंगे। गौरतलब है कि मप्र में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर की कार्रवाई औपचारिक तौर पर 28 अक्टूबर से ही प्रारंभ हो गई थी। जिसके तहत फार्म प्रिंटिंग व ट्रेनिंग का काम 3 नवंबर तक चला। जबकि 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन प्रारंभ कर दिया गया है। यह काम 4 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची पर दावे आपत्तियों पर सुनवाई के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को होगा। वर्तमान में मप्र में कुल 5 करोड़ 74 लाख मतदाता है। बहरहाल एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कई शिकायतें सामने आई हैं। मसलन जिस फर्म को गणना पत्रक छापने का टेंडर दिया गया, वह समय पर काम खत्म नहीं कर पाई। राज्य में कई जगह से यह शिकायत आ रही है कि इस महाअभियान में बीएलओ को बिना गणना पत्रक (एन्यूमरेशन शीट) के ही मैदान में उतार दिया गया। बताया जाता है कि इंदौर की जिस फर्म को गणना पत्रक छापने का टेंडर दिया गया, उसने समय पर इन्हें नहीं छापा। इसकी वजह से आयोग का डोर-टू डोर अभियान पिछड़ गया है। जिस फर्म को ये ठेका मिला है, उसका कहना है कि जिलों के निर्वाचन कार्यालयों की तरफ से डेटा मांगा गया था। उन्होंने जानकारी समय पर नहीं दी। जिन्होंने जानकारी दी, वो भी आधी अधूरी दी। कई जिलों के अफसरों ने तो मतदाता सूची के बंडल ही गायब कर दिए। बीएलओ को आईपैड और टैबलेट इसलिए दिया है, ताकि वे 2003 की पुरानी वोटर लिस्ट और 2025 की नई वोटर लिस्ट के डेटा का मिलान कर सके। चुनाव आयोग का नियम है कि बिना फॉर्म पर मतदाता के हस्ताक्षर के डेटा को ऐप में एंट्री नहीं किया जा सकता। ऐसे में कई बीएलओ को या तो अपना काम रोकना पड़ा या फिर पुराने ड्राफ्ट फॉर्म के सहारे अस्थायी रूप से जानकारी जुटानी पड़ी। फार्म छापने में देरी की एक वजह डाटा ट्रांसफर में आई दिक्कतें भी हैं। कुछ जिलों से भेजी गई पीडीएफ फाइलें डाउनलोड हो रही थीं, तो कुछ नहीं हो रही थीं। इस पर आयोग ने स्टाफ को सभी जिलों में भेजकर पेन ड्राइव और हार्ड डिस्क के माध्यम से डेटा मंगवाया । कुछ जिलों में फार्म का बंडल गुमने तो कुछ फार्म गायब होने की भी शिकायतें हैं। चुनाव आयोग के एक नए नियम ने भी फील्ड में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस बार बीएलओ केवल वही व्यक्ति बन सकता है, जिसका नाम उसी बूथ की मतदाता सूची में हो या जो उसी वार्ड का कोई सरकारी कर्मचारी हो।

# बिहार में जातीय समीकरणों की राजनीति से ऊपर का फैसला

**महागठबंधन के लिए यह चुनाव लगभग विनाशकारी साबित हुआ। राजद मात्र 35 सीटों पर सिमट गया, कांग्रेस 7 पर और वामदलों को कुल मिलाकर सिर्फ 5 सीटें मिलीं। यही नहीं महागठबंधन के सीएम फेस और राजद नेता तेजस्वी यादव भी अपने चुनाव क्षेत्र में बार-बार पीछे हो रहे हैं, यदि तेजस्वी जीतते भी हैं तो उनकी जीत का अंतर काफी कम रहने वाला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज विदेश में घूम रहे हैं जबकि उनको अपने कार्यकर्ताओं को ढांढस बनाने के लिये उनके बीच मौजूद होना चाहिए था। एनडीए को सभी वर्गों के वोट मिले यही वजह थी जेडीयू के मुस्लिम प्रत्याशी भी मैदान में अच्छा प्रर्दशन करते हुए दिखाई दिये। तेजस्वी यादव के लिए यह परिणाम एक बड़ा झटका है। वे लगातार अपनी राजनीति को युवाओं के ने और रोजगार के मुद्दे पर केंद्रित करते हुए बिहार में बदलाव की बात कर रहे थे। लेकिन जनता ने उन्हें अवसर देने से इनकार कर दिया।**

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव कहे जाने वाले चुनावों में बिहार ने इस बार जो फैसला दिया, उसने देशभर के राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। राज्य की जनता ने जातीय समीकरणों और पारंपरिक परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठकर स्पष्ट रूप से विकास, नेतृत्व और स्थिरता को प्राथमिकता दी। परिणाम यह रहा कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन सरकार को भारी बहुमत मिला, जबकि यादव और गांधी परिवार का प्रभाव लगभग समाप्त होता दिखा। तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसे चेहरों का कथित सेक्युलर गठबंधन इस बार मतदाताओं को भरोसा दिलाने में नाकाम रहा। राज्य में कुल 243 विधानसभा सीटों में से एनडीए ने करीब 175 सीटें हासिल कर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। इसमें भाजपा के खाते में 99 सीटें आईं, जबकि जनता दल यूनाइटेड ने 68 सीटें जीतीं। इसके अलावा छोटे सहयोगी दलों, हम, वीआईपी और रालोसपा को भी कुल मिलाकर आठ सीटें मिलीं। इस जीत ने न केवल नीतिश कुमार की साख दोबारा मजबूत कर दी बल्कि भाजपा को भी बिहार की राजनीति में निर्णायक स्थिति में पहुंचा दिया। दूसरी ओर, महागठबंधन के लिए यह चुनाव लगभग विनाशकारी साबित हुआ। राजद मात्र 35 सीटों पर सिमट गया, कांग्रेस 7 पर और वामदलों को कुल मिलाकर सिर्फ 5 सीटें मिलीं। यही नहीं महागठबंधन के सीएम फेस और राजद नेता तेजस्वी यादव भी अपने चुनाव क्षेत्र में बार बार पीछे हो रहे हैं, यदि तेजस्वी जीतते भी हैं तो उनकी जीत का अंतर काफी कम रहने वाला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज विदेश में घूम रहे हैं जबकि उनको अपने कार्यकर्ताओं को ढांढस बनाने के लिये उनके बीच मौजूद होना चाहिए था। एनडीए को सभी वर्गों के वोट मिले यही वजह थी जेडीयू के मुस्लिम प्रत्याशी भी मैदान में अच्छा प्रर्दशन करते हुए दिखाई दिये।तेजस्वी यादव के लिए यह परिणाम एक बड़ा झटका है। वे लगातार अपनी राजनीति को युवाओं के ने और रोजगार के मुद्दे पर केंद्रित करते हुए बिहार में बदलाव की बात कर रहे थे।



लेकिन जनता ने उन्हें अवसर देने से इनकार कर दिया। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाया, परंतु एनडीए ने इसे विकास बनाम जातिवाद की लड़ाई के रूप में पेश किया और इसी रणनीति ने सभी जातीय गणनाओं को ध्वस्त कर दिया। यादव मतदाताओं के अलावा अन्य पिछड़ी जातियों, दलितों और अति पिछड़ों का बड़ा वर्ग इस बार पहली बार पूरी मजबूती से एनडीए के पक्ष में खड़ा दिखा। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की संयुक्त रैलियाँ भी जमीन पर असर नहीं डाल पाईं। राहुल गांधी की सभाएँ सीमित भीड़ में सिमटकर रह गईं और कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरी फिर एक बार उजागर हो गई। महागठबंधन के कई उम्मीदवार खुद स्थानीय स्तर पर प्रचार के लिए अपने दम पर संघर्ष करते दिखाई दिए। वहीं भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी के नेतृत्व में प्रचार को आक्रामक अंदाज में चलाया। पटना, गया, दरभंगा, भागलपुर और बक्सर जैसे जिलों में मोदी की सभाओं में भारी भीड़ ने इस बात के संकेत पहले ही दे दिए थे कि मतदाताओं का झुकाव केंद्र की योजनाओं और मजबूत नेतृत्व की ओर है। नीतिश कुमार के लिए यह चुनाव साख बनाम थकान की लड़ाई कहलाया जा रहा था। कई विश्लेषकों ने दावा किया था कि नीतिश के पक्ष में एंटी इंकम्बेंसी विरोधी लहर काम करेगी, लेकिन अंतिम परिणाम ने सभी आकलनों को गलत साबित कर दिया। एनडीए ने करीब 46 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया, जबकि महागठबंधन 38 प्रतिशत पर सिमट गया। इसका अर्थ यह हुआ कि बिहार की जनता ने स्थिर प्रशासन और राजनीतिक परिपक्वता को जातीय समीकरणों से ऊपर रखा। ग्रामीण इलाकों में एनडीए की योजनाओं का सीधा असर दिखा। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और हर घर नल योजना जैसे प्रोजेक्ट्स ने महिलाओं और गरीब तबके को सीधे लाभ पहुँचाया। इन्हीं स्कीमों ने घर घर में भाजपा और जेडीयू की पकड़ को मजबूत किया। इसके अलावा, कानून व्यवस्था में सुधार और नीतिश कुमार की छवि अब भी सुशासन बाबू के रूप में लोगों के मन में कायम रही। दूसरी ओर, युवा मतदाताओं ने तेजस्वी यादव की बातों को दिलचस्प तो पाया, लेकिन अनुभवहीनता और अतीत में उनके परिवार पर लगे आरोपों ने उन्हें पूरी तरह समर्थन नहीं दिया। लालू प्रसाद यादव के समय की पिछली राजनीतिक यादें जंगलराज, अपराध और परिवारवाद अभी भी बिहार के मतदाताओं के मन में ताजा हैं। यही कारण रहा कि तेजस्वी की परिवर्तन यात्रा का असर सीमित इलाकों तक ही रहा। राहुल गांधी की भूमिका भी महागठबंधन में केवल प्रतीकात्मक दिखी। कांग्रेस ने अपने पारंपरिक गढ़ जैसे सासाराम, कटिहार और किशनगंज में भी हार का सामना किया। पार्टी का वोट शेयर घटकर मात्र 6.5 प्रतिशत रह गया। इस पराजय के साथ ही कांग्रेस का राज्य स्तर पर भविष्य बेहद धुंधला होता दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव ने भी महागठबंधन के समर्थन में कुछ सभाएँ कीं, मगर उनका प्रभाव सीमित रहा। उत्तर प्रदेश की राजनीति से लेकर बिहार की जातीय संरचना तक, उनका हस्तक्षेप मतदाताओं पर असर छोड़ने में नाकाम रहा। बिहार के मतदाताओं ने साफ संदेश दिया कि उन्हें बाहरी नेताओं के भावनात्मक भाषणों की जगह स्थानीय मुद्दों पर ठोस जवाब चाहिए।

इस चुनाव का एक दिलचस्प पहलू यह भी रहा कि महिलाओं ने इस बार रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया। महिला वोटिंग प्रतिशत 61 प्रतिशत तक पहुंचा, जो पुरुषों की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक था। नीतिश कुमार ने कुछ महीनों पहले महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर विशेष योजनाएं शुरू की थीं, जिनका असर मतदान में साफ तौर पर दिखा। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने भी ग्रामीण स्तर पर संगठन मजबूत करने में बड़ा योगदान दिया। अब सवाल यह है कि इस बंपर जीत के बाद बिहार की राजनीति किस दिशा में जाएगी। नीतिश कुमार आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं और भाजपा ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वह मिलकर स्थिर सरकार चलाएगी। हालांकि पार्टी के अंदर कुछ नेता चाहते हैं कि धीरे-धीरे भाजपा राज्य नेतृत्व में प्रमुख भूमिका निभाए। बिहार में यह संभवतः उस नए चरण की शुरुआत होगी जहाँ भाजपा मैदान में मुख्य भूमिका में उभरेगी और जेडीयू सहयोगी की भूमिका निभाएगी।

महागठबंधन में निराशा का माहौल है। तेजस्वी यादव अब संगठनात्मक सुधार की बात कर रहे हैं और पार्टी को नए सिरे से खड़ा करने का संकल्प जता रहे हैं। मगर चुनौती यह है कि मतदाता अब पारिवारिक राजनीति के बजाय नए चेहरों, गंभीर योजनाओं और ठोस नीतिगत दृष्टिकोण को महत्व देने लगे हैं।

अध्यात्म

## दूसरों की नकारात्मक बातों से कमजोर होता है आत्मविश्वास

जब भी कोई हमारे सामने नकारात्मक बातें करता है तो उसका असर हमारी सोच पर भी होता है। मुश्किल समय में ऐसी बातें हमारा आत्मविश्वास कमजोर कर सकती हैं। इसीलिए खुद पर भरोसा रखना चाहिए और सोच सकारात्मक बनाए रखेंगे तो ऐसी परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की जा सकती है।

दूसरों की नकारात्मक बातें कैसे असर करती हैं, इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राज्य में दो राजकुमार थे। एक दिन दोनों भाइयों ने शिकार पर जाने की योजना बनाई। राजकुमार कुछ सैनिकों को साथ लेकर जंगल की ओर निकल पड़े।

जंगल में काफी दूर पहुंचने पर राजकुमारों को थकान होने लगी। तभी इन्हें एक नदी दिखाई दी। राजकुमारों ने नदी किनारे डेरा डाल दिया। स्नान के लिए दोनों राजकुमार नदी में उतर गए। नदी का बहाव तेज था। एक राजकुमार बहाव में बह गया और गहराई में पहुंच गया।

किनारे पर दूसरा राजकुमार और सैनिक नदी के बहाव से डर गए और डूब रहे राजकुमार को बचाने की कोशिश भी नहीं कर पा रहे थे। किनारे पर खड़े-खड़े सभी लोग यही बोल रहे थे कि अब राजकुमार नहीं बचेंगे। नदी में डूब रहा राजकुमार भी इनकी बातें सुनकर कमजोर महसूस करने लगा। उसके हाथ-पैर चलना बंद होने लगे। उसे खुद पर भरोसा नहीं रहा कि वह अब बच सकेगा।

जब राजकुमार ने तैरने की कोशिश बंद कर दी तो वह तेजी से नदी में बह गया। किनारे पर बैठे सभी लोग राजकुमार की चिंता में निराश हो रहे थे। तभी कुछ देर बाद दूसरी और से एक साधु और राजकुमार इन्हें आते हुए दिखाई दिए।

किनारे पर बैठे सभी लोग प्रसन्न हो गए। उन्होंने राजकुमार से पूछा कि वह कैसा बचा? तब साधु ने कहा कि जब ये नदी में बहकर दूर तक चला गया तो ये वहां अकेला था, इसे निराश करने वाली बातें नहीं थी, कोई भी इसका उत्साह कम करने वाला नहीं था। इसने खुद को ये समझाया कि वह नदी से बाहर निकल सकता है, सकारात्मक विचार आते ही ये ऊर्जा से भर गया। इसका उत्साह लौट आया। अब राजकुमार ने बाहर निकलने की कोशिश शुरू कर दी। कुछ ही देर में इसे लकड़ी का बड़ा टुकड़ा मिल गया, जिसे पकड़कर ये किनारे तक पहुंच गया और इस तरह राजकुमार के प्राण बच गए।

# बिहार का जनादेश, सुशासन और नेतृव का संदेश

**बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है। एनडीए गठबंधन एक बार फिर बिहार में स्थिर सरकार देने को तैयार है। जबकि विपक्ष की चुनावी रणनीति पूरी तरह फिसल गयी है। विपक्ष बिहार में जंगलराज की बात भले प्रचारित किया, लेकिन जनता ने भाजपा और जदतादल (यू) नितीश और मोदी की जोड़ी पर भरोसा जताया। बिहार के लोगों ने सुशासन बाबू को दिल से लिया। एनडीए गठबंधन पिछले चुनाव का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जबकि प्रमुख विपक्षी दल आरजेडी और महागठबंधन पूरी तरह पराजित हुआ है।**

तेस्जवी यादव की नेतृत्व वाली आरजेडी का प्रदर्शन पिछली बार की अपेक्षा से भी घटिया रहा है। विपक्ष जहां चुनावी माहौल सिर्फ हवा में बनाता रहा वहीं भाजपा जमीनी स्तर पर उतरकर वहां अपनी स्थिति मजबूत किया है। दूसरी तरफ एनडीए लगातार सत्ता में बनी रही जिसका उसे फायदा मिला है। कांग्रेस जैसे बड़े राष्ट्रीय दल से भी कई गुना अच्छा प्रदर्शन लोजपा चिराग पासवान की पार्टी ने किया है। बिहार का चुनाव राजनीति के लिए साफ संदेश है। बिहार का चुनाव परिणाम किसी राजनीतिक दल की हार और जीत का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के जनादेश का परिणाम है। राहुल गाँधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव को इस बात को समझना चाहिए कि सिर्फ हवा में आरोप लगाकर आप सत्ता नहीं हासिल कर सकते हैं। जनता विकास चाहती है, हवाई नारों पर वह विश्वास करने वाली नहीं है। बिहार की जनता ने कम से कम यह साफ संदेश दे दिया है। बिहार का जनादेश, बदलाव की दिशा में नया संदेश है। बिहार की जनता ने एनडीए के सुशासन पर अधिक भरोसा जताया है। बिहार में सच्चाई है कि वहां विकास हुआ है और लोगों को जंगलराज से राहत मिली। विपक्ष के लिए है चिंता और चिंतन का सवाल है। राहुल गांधी को अब जमीनी राजनीति करनी चाहिए। सिर्फ तालियां पिटवाने की राजनीति से उन्हें बाज आना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उन्होंने जितना निजी हमला किया। उसका परिणाम सकारात्मक होने के बजाय नकारात्मक



आया। कांग्रेस अपनी जड़ और जमीन दोनों खो दिया है। कांग्रेस और उसका नेतृत्व कब समझेगा यह विचारणीय बिंदु है। सिर्फ जुमले और नारों से आप जमीन नहीं बदल सकते हैं। जनता जमीन पर बदलाव देखना चाहती है। लालू यादव के कुशासन और जंगल राज की तस्वीर आज उसके जेहन में चस्पा है। जिसकी वजह से तेजस्वी यादव को लोगों ने नकार दिया है। दूसरी वजह लालू यादव के पारिवारिक झगड़ों के साथ महागठबंधन में रणनीति की कमी और आंतरिक बिखराव इसका सबसे बड़ा कारण है।

बिहार की जनता ने 20 सालों पर नितीश पर भरोसा जताया है। बिहार में नीतीश और मोदी की जोड़ी ने सिर्फ नारे नहीं लगाए गए जमीन पर काम भी किया। जिससे बिहार की जनता को सीधा फायदा मिला है राजनीतिक दलों के लिए बिहार चुनाव बड़ा संदेश है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों ने यह साबित किया कि है यहाँ की राजनीति अब सिर्फ जात-पात और संप्रदाय तक सीमित नहीं रही, बल्कि विकास, पर आधारित है। महिला मतदाता ने निर्णायक भूमिका निभाई है। दो चरणों में मतदान हुआ जिसमें दूसरे चरण में 69 फीसदी तक मतदाताओं की हिस्सेदारी इस बात का संकेत है कि बिहार कि जनता सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी देना चाहती है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछली बार की तुलना में समाज के उन वर्गों ने मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा बढ़ाया है जिनके मतों पर दल लंबे समय से निर्भर थे। इस बढ़ी भागीदारी का मतलब साफ है, नेताओं को अब जवाबदेही भी ढंग से दिखानी होगी। एनडीए ने न सिर्फ बहुमत पार किया, बल्कि बहुत मामलों में महागठबंधन को पीछे छोड़ा। इस बढ़त के पीछे कई कारक हैं। नीतीश कुमार की महिला मतदाता और अत्यंत पिछड़ा वर्ग फॉर्मूला माना जा रहा है जिनमे एनडीए ने अच्छी पकड़ बनाई है। मुस्लिम बहुल सीटों में एनडीए को पारंपरिक अनुमान से बेहतर नतीजे मिले, खासतौर पर जब बहुत लोग मान रहे थे कि यह हिस्से विरोधी गुट का सहज आधार होंगे। एनडीए की जीत का प्रमुख कारण यह रहा की जनता के बीच जाकर उन्होंने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाई जबकि विपक्ष के पास ऐसा कुछ नहीं था सिवाय नाकामियों के। केंद्र सरकार की तरफ से 10, 000 रुपए की महिलाओं को सौगात भी वोट बैंक का मजबूत आधार बना। दूसरी तरफ विपक्ष मनगढ़ंत नारों पर चलता रहा और जनता ने उस पर भरोसा नहीं जाताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' जैसे राहुल गांधी के नारों ने उल्टा काम किया। राहुल गाँधी लगातार अपनी राजनीति में बैकफुट पर हैं, लेकिन अपनी रणनीति में कोई बदलाव नहीं ला पा रहे हैं। बिहार चुनाव की सबसे बड़ी बात यह रही है कि नितीश और मोदी के वहां सत्ता में होने की वजह से इसका सीधा लाभ मिला है, जबकि विपक्ष के पास सिर्फ हवाई नारों के अलावा उसके पास दिखाने के लिए कोई जमीन नहीं थी। जबकि बिहार की जनता नितीश और भाजपा सरकार के कार्यों से संतुष्ट थीं जिसका असर चुनाव परिणाम पर साफ दिखा। महागठबंधन इस चुनाव में कुछ आशा लेकर उतरा था, लेकिन उसके प्रदर्शन ने दिखाया कि उसकी रणनीति कामयाब नहीं रहीं और जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया। पूर्वानुमानों में उसे करीब 98-118 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की गयी थी।

लेकिन परिणामस्वरूप वह उम्मीद के मुताबिक स्थिति नहीं बना पाया। विपक्ष में नेतृत्व का स्पष्ट अभाव जनता को यह भरोसा नहीं हुआ कि गठबंधन में कौन वास्तविक सत्ता संभालेगा। जबकि बिहार के युवा, महिलाएं और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं ने विकास पर अधिक विश्वास जताया। बिहार के जनादेश ने साफ कर दिया है कि वह धर्म-जात और संप्रदाय की राजनीति से जनता उब चुकी है। अगर सुकून से उसे दो वक्त की रोटी, दो हाथों के लिए काम, बेहतर यातायात और स्वास्थ्य सुविधा मिल रहीं है तो यह निश्चित रूप से एक अच्छी सरकार चुनना चाहती है। बिहार की जनता ने सच्चे मायनों में उसने किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं बिहार की उन्नत के लिए यह जनादेश दिया है। बेशक इसमें कोई शक नहीं है कि वहां एनडीए सरकार ने नेतृत्व में नितीश ने काम किया है और इसका फायदा सीधे जनता को मिला है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको खुशखबरी सुनने को मिलेगी, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए सुखद रहने वाला है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है।

**मिथुन**
आज आपको पैसे से संबंधित कामों को पूरा समझदारी से करना होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपने पेट संबंधित समस्याओं को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने बढ़ते खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलें।

**धनु**
पिताजी आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने बॉस की बातों को इग्नोर ना करें।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से कोई निर्णय लेकर कुछ नए कामों को करेंगे। आपको अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देना होगा ।

**कुंभ**
आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आपको हर काम में सफलता मिलेगी। किसी गरीब की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**मीन**
यदि आपको कोई समस्या हो, तो उसे छोटा ना समझें। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे आपका कोई नुकसान भी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 275 लीटर देशी शराब के साथ ई रिक्शा एवं शराब तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब छापेमारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को पीपरा थाने की पुलिस ने एक ई रिक्शा पर लदे हुए 275 लीटर देसी शराब के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है थाना अध्यक्ष ने बताया कि पिपरा थानातर्गत अवैध शराब तस्करी की जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था,जहाँ प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते उक्त स्थान पर छापेमारी किया गया।जहाँ कल्याणपुर पुल के पास छापेमारी के दौरान 275 लीटर देशी चुलाई शराब एवं 01 ई-रिक्शा के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है क गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम लक्ष्मण कुमार( 26 वर्ष) पिता लखरू मोची है जो रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर गांव के रहने वाला है यह बेहरावां चकिया से शराब लेकर पटना डिलीवरी किया करता था। गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### टेंट हाउस में लगी आग, लाखों संपत्ति राख

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के डिहरी गांव स्थित मिथुन टेंट हाउस में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया और इस आग लगी में तकरीबन 5 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पिपरा थाने की पुलिस दलबल के साथ पहुंची और अग्निशमन को मौके पर बुलाया गया जहां पर किसी तरह से आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन इस घटना में टेंट हाउस का सारा सामान जलकर राख हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि डिहरी गांव स्थित मिथुन टेंट हाउस नाम का डेकोरेशन चलता था जिसका मालिक रौशन कुमार उर्फ मिथुन पिता सतेंद्र चौधरी डिहरी का रहने वाला है। आग कैसे लगी कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, टेंट हाउस में जितने भी सारे सामान थे तकरीबन सभी जलकर राख हो गए हैं। वहीं पीड़ित रौशन कुमार उर्फ मिथुन ने बताया की तकरीबन 5 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। देखते ही देखते सभी वह जलकर राख हो गया है कुछ भी नहीं बचा है। घटना कैसे घटी है इसकी जानकारी नहीं हो पाई हैं। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

### फतुहा विधायक प्रो. डॉ. रामानंद यादव की जीत पर बधाइयों का तांता लगा



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जनता दल के नव निर्वाचित फतुहा विधायक प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव को जीत की शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है. लोग उनके फ्लैट पर पहुंचकर तथा मोबाइल से कॉल कर फूलमाला, गुलदस्ता और मिठाई के साथ बधाई दे रहे हैं. संपतचक के सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार यादव अपने परिवार और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ पहुंचे. वहीं समर्थकों के साथ फुलवारी शरीफ प्रखंड के पूर्व प्रमुख विनोद यादव, बिहार राजद नेता शशि यादव, कुरथौल पंचायत के पूर्व उपमुखिया अरविंद कुमार, सीपीआई नेता गुड्डू यादव, राजद नेता शैलेंद्र यादव, उपेंद्र कुमार, अजीत यादव, रामाशंकर यादव सहित कई लोग पहुंचे. सभी ने प्रोफेसर डॉ. रामानंद यादव को फूलमाला पहनाकर, गुलदस्ता और मिठाइयां भेंट कर भव्य स्वागत किया. विधायक की जीत पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है.

### नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया संदेश- लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित नाटक 'लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत' की शानदार प्रस्तुति फुलवारी शरीफ स्थित वाल्मी में की गई. नाटक के माध्यम से मंच ने सभी नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा सदस्यों को हार्दिक अभिनंदन और बधाई देते हुए यह संदेश दिया कि भारत विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र है, जहाँ जनता ही सर्वोच्च शक्ति है. भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए यह दर्शाया गया कि यहां हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त है. जनता ही वह ताकत है जो बुनियादी मानवाधिकारों की रक्षा करती है और देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय सुनिश्चित करती है. नाटक में कलाकार महेश चौधरी, सौरभ, अमन, करण, नमन, श्रीकांत एवं देव दर्शन ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया.

### दानापुर में सामाजिक सदभाव को लेकर बैठक

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में रविवार को सामाजिक सद्भाव को लेकर समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों की बैठक किया गया. बैठक में हिंदू समाज में बढते विसंगतियों को दूर करने पर चर्चा किया गया है. बैठक में समाज के सभी जाति समूह के प्रमुख व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समाज में बढते भेदभाव व उंच - चीन के विसंगतियों को दूर कर समाज को सबल बनाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये. विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि अपने देश को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए सारे भेदभाव समाप्त करने का आह्वान किय. साथ ही इस तरह का कार्यक्रम प्रखंड स्तर पर करने का निर्णय लिया गया . वक्ताओं ने कहा कि जो सनातन के विरोध में काम कर रहे हैं उनका एजेंडा तो फिक्स है हमें उनके एजेंट के विरुद्ध एक बड़ी शक्ति के रूप में अपने आप को तैयार करना है इसी के लिए यह समरसता का कार्यक्रम रखा गया है कि समाज के अंदर समरसता बनी रहे और एकता बनी रहे ताकि आने वाली किसी भी समस्या का हम एक जुटता के साथ सामना कर हम उसे पर विजय पा सके.

### बीज के लिए किसान रहे परेशान, दुकानदार का अता-पता नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि भवन में बीज दुकानदार के द्वारा यह नोटिस चिपकाया गया था कि रविवार के दिन भी बीज वितरण किया जाएगा लेकिन सुबह 11:00 बजे के आसपास जब किसान कृषि कार्यालय पहुंचे तो दुकान बंद पाया। इस दौरान किसानों ने दुकानदार से भी बात करने का प्रयास किया लेकिन दुकानदार का मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया। जिसको लेकर किसान बेहद परेशान रहे राणा बीघा पंचायत के किसान सूरज कुमार ने बताया कि मनमाने तरीके से दुकान चल रही है एक तो किसानों के खेत लेट से सुखा है और फसल लगाने का समय भी बीता जा रहा है वहीं दलहन और गेहूं के बीज के लिए किसान परेशान है। प्रखंड कार्यालय में अक्सर कृषि पदाधिकारी के नहीं रहने के चलते दुकानदार मनमानी करते हैं जिसको लेकर किसानों में काफी आक्रोश है।

# माथे पर लगाया तिलक-कहा विकास और सुशासन है हमारा लक्ष्य : अरुण मांझी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद के गढ़ में एनडीए का परचम लहराने वाले अरुण मांझी विधायक बनकर रविवार को जब धनरूआ पहुंचे, जहां पर समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया, महिला समर्थकों ने माथे पर चंदन लगाया, आरती उतारी,उसके बाद शंख बजा कर न्याय के साथ विकास का शंखनाद किया। दरअसल मसौढ़ी विधानसभा आरजेडी का गढ़ माना जाता है और इस राजद के गढ़ का किला ध्वस्त करने वाले एनडीए के प्रत्याशी अरुण मांझी 7643 वोटो से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन के राजद प्रत्याशी रेखा देवी को हराया है। रेखा देवी पिछले दो टर्म से यहां विधायक रही हैं। मसौढी विधानसभा में सबसे ज्यादा वोट यादव जाति की है,ऐसे में माय समीकरण के लिहाज से कोई दूसरा प्रत्याशी यहां से जितना असंभव हो जाता है।लेकिन इस बार के चुनाव में न्याय के साथ विकास, सुशासन, महिला सशक्तिकरण कास्ट पॉलिटिक्स पर भारी पड़ा है। बहरहाल अरुण मांझी ने नवनिर्वाचित विधायक बनकर रविवार को धनरूआ प्रखंड के कई जगहों पर आभार यात्रा निकालकर सभी गांव में घूम-घूम कर लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा कि चुनाव में हमने जो भी वादे किए हैं उन वादों पर और जनता का विश्वास पर हम खरा उतरेंगे। वर्ष 2010 में भी हम विधायक बनकर यहां आए थे और सुशासन विकास के वादे के साथ हमने काम किया है यही हमारा लक्ष्य है।मैं विधायक बनकर यहां राज करने नहीं बल्कि बेटा और भाई बनकर काम करने आया हूं। आभार यात्रा धनरूआ जेडीयू कार्यालय से धनरूआ बाजार,साई बाजार मोरियावा पथ होते हुए कादिरगंज बाजार ,पंडितगंज बाजार,नीमडा पाली, बहरामपुर,पभेड़ा बाजार,पभेड़ी मोड, महादेव स्थान,सोनमई बाजार,तेतरी बाजार, कोसूत बाजार,नंदवा बाजार आदि जगहों पर भ्रमण किया गया। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, धनरूआ जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, मुखिया रानी कुमारी, ललन आजाद, शिक्षक पंकज कुमार सिंह, कुमुद कुमार सिंह, राणा लखन सिंह चंदेल, मुकेश पासवान, दिलीप कुमार सुषमा कुमारी, जदयू नेता पप्पू सिंह,अशोक रजक,समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## पुनपुन में धन्यवाद यात्रा के दौरान भावुक हुए श्याम रजक

**कहा पुनपुन वासियों के हम कर्जदार है, चौतरफा बहेगी विकास की गंगा**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव निर्वाचित विधायक श्याम रजक रविवार को पुनपुन के कई क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा के दौरान भ्रमण किया। इस दौरान पुनपुन वासियों ने श्याम रजक को लक्ष्मण झूला का प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें स्वागत किया। इस मौके पर श्याम रजक भावुक होते हुए कहा कि पुनपुन वासियों के हम कर्जदार हैं। पुनपुन के पावन धरती ने बहुत कुछ दिया है। जब हम विधायक थे उसी समय लक्ष्मण झूला का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शिलान्यास हुआ था। ऐसे में यह पुनपुन कि वह धरोहर है जिसे हमें सहेजने और सेवा करने का अवसर मिला है। हम पुनपुन वासियों के भरोसे पर खरा उतरेंगे। यह हमारी कोशिश रहेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में न केवल पुनपुन में बल्कि पूरे बिहार में चौतरफा विकास होगा और विकास की गंगा बहेगी, धन्यवाद यात्रा के दौरान पुनपुन पार्क स्थित शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, बगल के विद्यालय में अंबेडकर आवास में जाकर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, वहां बच्चों ने गुलाब का फूल भेट दी उसके बाद दुर्गा मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर मधुसूदन सिंह, ओम सिंह सदगुरू प्रसाद समेत सभी एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित रहे



## सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाग में आयोजित किया गया सामाजिक सदभाव बैठक । संघ शताब्दी वर्ष के निमित पूरे देश मे आयोजित की जा रही है । इस सामाजिक सदभाव बैठक का उद्देश्य जाती बिरादरी से ऊपर उठकर हिन्दू समाज व देश का का सोचने वाला बने ,देशभक्ति का भाव जगे, सामाजिक नेतृत्व विकसित हो ,समाज परस्पर सहयोगी बने , कुरीति से मुक्त एकरस समाज का निर्माण ,स्थानीय समस्याओं का समाधान , निर्दोष समाज निमित में मिलकर प्रयास हो । इस बैठक में समाज के सभी जाति बिरादरी की सहभागिता हुई और सभी जाति बिरादरी के प्रमुख लोगो के द्वारा सराहना की गई और मांग की गई कि समय समय पर समाज के सभी जाति बिरादरी के लोग एक साथ बैठकर समाज मे आनेवाली चुनौतियों एवं समस्याओं का समाधान कर समाज को एक सकारात्मक दिशा देने का काम करेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की हुई मौत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है। मृतक के शव को बरामद कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर भेज दिया है। पुलिस मृतक के बाइक को जब्त कर अपने साथ थाने ले आई है। बताया जाता है कि रामपुर तोफिर पंचायत के रामपुर दियारा गांव निवासी उपेंद्र सिंह के 32 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार शनिवार की देर रात को पटना की ओर से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार में रहे एक अज्ञात गाड़ी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

# पुनपुन में शादी से पहले युवक की आत्महत्या मामले में लड़की समेत छह लोगों पर प्राथमिकी



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में शादी से पहले एक युवक की आत्महत्या मामले में मृतक के पिता दिनेश राम ने लड़की समेत लडकी पक्ष 6 लोगों पर पुनपुन थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है।दरअसल मामला बिते शनिवार की है जहाँ पकड़ी में एक युवक की आत्महत्या से इलाके में सनसनी फैल गई, थाने के पकड़ी निवासी दिनेश राम के 24 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी, परिजनों का आरोप है कि शादी को लेकर बढ़ते दबाव ने मानसिक रूप से उसे तोड़ दिया था। मृतक के मां आशा देवी ने बताया है कि आशीष बीए में एसएमडी कालेज पुनपुन के श्रीपालपुर में पढ़ता था। आशीष की शादी नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के निवासी नरेंद्र राम की पुत्री सोनी कुमारी से 22 नवंबर को होनी थी। शादी के कार्ड भी छप चुके थे, परंतु इसी बीच विवाद शुरू हो गया। मृतक के पिता दिनेश राम ने बताया कि लड़की का किसी अन्य युवक से संबंध था, जिसके बाद मेरा बेटा आशीष ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बावजूद लड़की के नाना नरेश राम, मौसी अन्य परिवार लगातार शादी का दबाव डालता रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि लड़की के मां सोनी देवी ने रुपये की मांग भी की और अपने परिवार के साथ शुकवार को घर आकर हंगामा किया। परिवार का आरोप है कि मामला थाना पुलिस तक पहुंचाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा पुलिस ने भी शादी करने की सलाह देकर मानसिक दबाव बढ़ा दिया। इससे तनाव में वो चला गया और अंततः कमरे में खुद को बंद कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर तक आवाज नहीं आने पर परिवार ने लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा, लेकिन वह फंदे से लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया मृतक युवक के पिता दिनेश राम ने पुनपुन थाने में लड़की समेत उनके पूरे परिवार पर मानसिक दबाव डालने के कारण उसने आत्महत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं।

# मसौढ़ी धनरूआ में खेतों में जल रही है परली, विभाग बना उदासीन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेतों में पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है बल्कि मिट्टी में मौजूद मित्र कीट एवं कई पोषक तत्व भी खत्म हो जाते हैं। इस बात से अनजान किसान इन दोनों मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड के कई हिस्सों में किसान पराली जला रहे हैं। हालांकि सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाई है और पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई भी कर रही हैं। लेकिन मसौढ़ी एवं धनरूआ के इलाकों में धान की कटनी चल रही है और कटनी के बाद बचे हुए अवशेष यानी पराली को लोग खेतों में ही जला दे रहे हैं कई जगहों पर पराली जलाने से न केवल पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है बल्कि अगल-बगल के खेत में भी वह आग पहुंच जा रही है और उनका धान नुकसान हो जा रहा है। वहीं खेतों में जलाया जा रहे पराली को लेकर प्रखंड कृषि कार्यालय उदासीन बनी हुई है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा है कि खेतों में पराली जलाने वाले किसानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. जिला प्रशासन के आदेश पर वैसे सभी किसानों को चिन्हित किया जाएगा. जो अपने-अपने क्षेत्रों में पराली जला रहे हैं, पराली जलाने से आसपास का वातावरण काफी प्रदूषित होता है. सभी किसान सलाहकार को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में पराली जलाने वाले किसानों को जागरूक करें।किसान कृषि वैज्ञानिक मृणाल ने बताया कि किसान पराली खेतों में ना जलाएं बल्कि उन्हें डीकंपोज करें. इसके लिए कई तरह के केमिकल बाजार में आते हैं. जिसके बाद उन्हें गोबर गैस करके उर्वरक भी बना सकते हैं.

## दानापुर में एक देसी पिस्तौल, 28 गोली के साथ दो गिरफ्तार





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस को शनिवार की देर रात गुप्त दियारा के हवसपुर व गंगहारा में छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व 28 गोली के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार हवसपुर निवासी अनिल राय व गंगहरा निवासी गुड्डू कुमार उर्फ भुअरा उर्फ भूरा शामिल है. सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार की देर रात गुप्त सूचना मिला था कि दियारा के पतलापुर पंचायत के हवसपुर गांव निवासी अनिल राय अपने घर में हथियार छुपा कर रखे हुए है और किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है. सिटीएसपी ने बताया कि एएसपी शिवम धाकड के नेतृत्व में टीम गठित कर शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद समेत पुलिस बल के साथ हवसपुर निवासी अनिल राय के घर में छापेमारी किया . उसके घर से 12 गोली बरामद किया गया है. गिरफ्तार अनिल ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया गंगहारा निवासी गुड्डू कुमार उर्फ भुअरा से खरीदारी किया है. पुलिस ने अनिल के निशानदेही पर गंगहरा निवासी गुड्डू उर्फ भुअरा के घर पर छापेमारी कर उसके घर से एक देसी पिस्तौत और 18 गोली बरामद किया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि जमीन कब्जा करने के लिए अनिल व गुड्डू अपने घर पर हथियार छुपाकर रखे हुए थे. गिरफ्तार अनिल व गुड्डू से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# ड्रग माफिया पर बड़ी कार्रवाई, स्मैक और गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने भूसौला दानापुर इलाके में छापामारी कर नशीले पदार्थ की बिक्री करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके पास से भारी मात्रा में गांजा भी बरामद हुआ. सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के भुसौला इलाके में नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री की सूचना पर त्वरित छापामारी की गई. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना के निर्देश पर थानाध्यक्ष फुलवारीशरीफ के नेतृत्व में बनी टीम ने 15 नवंबर की शाम भुसौला के पास अचानक छापा मारा. छापामारी के दौरान दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान संगत कुम्हार टोली निवासी अकाश कुमार, पिता मोती महतो तथा बिड़ला कॉलनी निवासी अमित कुमार, पिता लालदेव राय के रूप में हुई. दोनों के पास से 42 पुड़िया स्मैक (16.83 ग्राम), 53 पुड़िया गांजा (161 ग्राम) और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए. इस संबंध में फुलवारीशरीफ थाना कांड संख्या 1842/25, दिनांक 15.11.2025, धारा 8(c) /21 (b)/ 20(b) (ii) (अ) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस टीम में पुनि सह थानाध्यक्ष गुलाम शहबाज आलम, पुअनि कुन्दन कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### जदयू विधायक श्याम रजक ने किया बेकरी शॉप का उद्घाटन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन ब्लॉक रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास रिबन्स एंड बैलून्स बेकरी शॉप का शुभारंभ मुख्य उद्घाटनकर्ता जदयू विधायक श्याम रजक ने रिबन काटकर किया.इस दौरान स्थानीय लोगों और ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली.दुकान के मालिक अभिषेक कुमार ने बताया कि बेकरी का उद्देश्य ग्राहकों को ताजा, स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण केक व बेकरी आइटम उपलब्ध कराना है. यह बेकरी क्षेत्र में नए और किफायती विकल्पों के साथ ग्राहकों की पसंद बनेगी.मौके पर केक के विभिन्न फ्लेवर और बेकरी आइटम की झलक उपस्थित लोगों को दिखाई गई.

## एक दर्जन शराब की भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त, चार बाइक के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को शेरपुर स्थित गंगा नदी के पास दियारा पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान शराब के खिलाफ चलाई। इस दौरान पुलिस ने गंगा नदी के दियारे पर करीब एक दर्जन बड़े पैमाने पर चल रहे शराब की भट्ठियों को ध्वस्त आग के हवाले कर दिया। वही करीब 30,000 लीटर से ज्यादा अर्ध निर्मित शराब को नष्ट कर बहा दिया। पुलिस की कार्रवाई को लेकर शराब कारोबारी के बीच अफरा तफरी मची रही। इस दौरान पुलिस ने निर्मित दो सो लीटर शराब के साथ चार बाइक को बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले आई है। गिरफ्तार अभियुक्त शेरपुर गांव का रहने वाला शिवकुमार साहू के रूप में की गई है। इस छापेमारी टीम में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, एडिशनल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार, एसआई ओम प्रकाश दुबे, एएसआई अशोक कुमार सहित जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष ने बताया कि शेरपुर गांव स्थित गंगा नदी पर दियारे पर बड़े पैमाने पर शराब की भट्ठियां चलने की सूचनाए मिल रही थी। इसके बाद टीम की तैयारी कर छापेमारी की गई। जिसमें करीब एक दर्जन बड़े पैमाने पर चल रहे देसी शराब की भट्ठियों को 30000 लीटर अर्ध निर्मित शराब के साथ ध्वस्त व नष्ट किया गया है। इस मामले में चार बाइक, निर्मित 200 लीटर शराब के साथ अभियुक्त शिवकुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है।

### फरार चल रहा अभियुक्त धराया

मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर गांव में चार माह पूर्व एक युवक की हत्या मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बंध में सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि व्यापुर सोना ईंट भठ्ठा समीप 25 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बोरे में बंद कर ईंट डाल कर बाढ़ के पानी मे फेंका हुआ पाया गया था। शव की पहचान बाद में व्यापुर निवासी टुन्ना सिंह के रूप में कई गई थी। मगर वह चार माह से फरार चल रहा था। बीती रात उसे उसके व्यापुर स्थित घर से धर दबोचा गया। गिरफ्तारी करने के बाद जेल भेजा गया है। टीम में थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार पुलिस अनि0 पप्पू कुमार समेत अन्य शस्त्र बल शामिल थे।

### देसी चुलाई शराब की बड़ी खेप जब्त, दो गिरफ्तार.

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गोपालपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने चेकिंग और छापामारी के दौरान दो अलग-अलग वाहनों से कुल 100 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक टेंपू से 80 लीटर और एक मोटरसाइकिल से 20 लीटर देसी चुलाई शराब जब्त की गई. पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरपतपुर संपतचक निवासी धर्मेंद्र कुमार और दरियापुर, परसा बाजार थाना क्षेत्र निवासी रजनीश कुमार के रूप में हुई है.

# राष्ट्रीय चिकन दिवस पर पोल्ट्री सेक्टर के विकास का खींचा गया खाका






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय चिकन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. यह दिवस पद्मश्री डॉ. बी. वी. राव, जिन्हें भारतीय पोल्ट्री सेक्टर का जनक माना जाता है, की स्मृति में समर्पित है. कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. एन. के. सिंह, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. उमेश सिंह, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह तथा बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एन. के. सिंह ने कहा कि पोल्ट्री सेक्टर के सतत विकास के लिए माइक्रो इकोनॉमिक्स पर काम करने, नीति निर्माण में शोध आधारित दृष्टिकोण अपनाने तथा हाइजीन और लागत नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि चिकन प्रोटीन का एक सुलभ और प्रभावी स्रोत है, जो कुपोषण दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि देश में मीट की बढ़ती मांग की पूर्ति में चिकन की भूमिका सबसे अहम है क्योंकि यह सस्ता, सुपाच्य और आसानी से उपलब्ध है. वहीं, डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पोल्ट्री क्षेत्र न सिर्फ पोषण सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है. उन्होंने बायो-सिक्योरिटी पर विशेष बल दिए जाने की आवश्यकता बताई. बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने कहा कि चिकन आज मानव भोजन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और बिहार सरकार की योजनाओं—जैसे लेयर और ब्रीडिंग फार्म के लिए सब्सिडी तथा पोल्ट्री फार्म और हैचरी को कृषि दर पर बिजली उपलब्ध कराना—से इस उद्योग को नई गति मिली है. उन्होंने फीड टेक्नोलॉजी में नवाचार कर लागत कम करने और सस्ते विकल्प विकसित करने पर जोर दिया, जिससे चिकन और उसके उत्पाद और भी सुलभ मूल्य पर उपलब्ध हो सकें. कार्यक्रम का संचालन बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशुधन उत्पाद तकनीकी विभाग द्वारा किया गया, जिसने अपना चालीसवां स्थापना दिवस भी केक काटकर मनाया. विभाग की ओर से चिकन के कई व्यंजन तैयार कर प्रतिभागियों को परोसे गए और संवेदी मूल्यांकन कराया गया. इस अवसर पर वेटरनरी पब्लिक हेल्थ विभाग की प्रोफेसर डॉ. सिउली शाहा रॉय ने पोल्ट्री हाइजीन पर तथा विश्वविद्यालय के पोल्ट्री रिसर्च एवं ट्रेनिंग सेंटर के हेड डॉ. कौशलेन्द्र ने पोल्ट्री प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में डॉ. शुष्मा, डॉ. मोईन अंसारी, डॉ. सरोज, डॉ. संजय, डॉ. देवनारायण सिंह, डॉ. ज्ञान देव सिंह, डॉ. सुधा, डॉ. दीपक, डॉ. शिवराज, डॉ. रोहित, डॉ. गार्गी समेत बड़ी संख्या में पोल्ट्री किसान, उद्यमी और वैज्ञानिक उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### 22 होंठ तालु कटे बच्चों की डंकन में होगी निःशुल्क सर्जरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलें के विभिन्न प्रखंडो के 22 होंठ तालु कटे बच्चों की डंकन हॉस्पिटल रक्सौल में निःशुल्क सर्जरी करायी जायेगी। वहीं 16 से 21 नवंबर तक कैंप का आयोजन स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार के सहयोग से किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ0 विजय कुमार ने बताया कि मार्च 2025 में भी कैंप के माध्यम से 16 बच्चों का सर्जरी कराया गया था जो सफल रहा। उन्होंने बताया कि डंकन अस्पताल में शल्य चिकित्सा के साथ ही अभिभावकों के लिए भोजन व रहने की भी मिलेगी सुविधा। सीएस ने कहा कि जिला से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अंतर्गत कार्यरत टीम द्वारा चिन्हित 22 क्लेफ्ट लिप और पैलेट बच्चों को एम्बुलेंस के साथ सुबह डंकन अस्पताल, रक्सौल, भेजा गया है।

### संस्कार भारती का सांस्कृतिक महोत्सव 13-14 दिसंबर को

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्कार भारती की ओर से आगामी 13 और 14 दिसंबर को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष के आयोजन में थारू संस्कृति को विशेष स्थान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान थारू समुदाय की पारंपरिक हस्त एवं शिल्प कला का विशेष स्टॉल भी लगाया जाएगा, जिसकी तैयारी थारू कला संस्कृति एवं प्रशिक्षण संस्थान, हनार्टाड़ के प्रांगण में शुरू हो चुकी है। संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष उत्तम मोटानी ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य कला एवं संस्कृति के माध्यम से पूरे देश और समाज को जोड़कर रखना है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा और थारू कला को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी। बैठक में जिला महामंत्री प्रभात कुमार झा, दृश्य कला संयोजक अंशुमन कुमार, तथा थारू कला संस्कृति की ओर से स्थानीय मुखिया खूब लाल जी, होम प्रसाद जी, जयदेव कुमार, अखिलेश कुमार, धर्मनाथ काजी, विशेष कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। संस्कार भारती सभी कलाप्रेमियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों से इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने हेतु सहभागिता की अपील करती है।

### चुहडी में निकली पवित्र यूखरिस्तिय यात्रा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की दोपहर चुहडी स्थित कैथोलिक चर्च में पवित्र यूखरिस्तीय यात्रा आयोजित की गई। इस यात्रा को संबोधित करते हुए फादर टेलिस्फोर टोप्पो ने कहा कि हमें प्रभु येसु के बताए प्रेम, शांति और त्याग के मार्ग पर चलना चाहिए और परोपकार की भावना रखनी चाहिए। यात्रा में श्रद्धालुओं ने लोयोला बालक विद्यालय में बनी वेदी पर परमप्रसाद की आराधना की। इसके बाद, श्रद्धालु चुहडी गिरजाघर से शुरू होकर ईसाई मुहल्ले की गलियों, लोयोला स्कूल परिसर और मां मरियम की ग्रोटो में बने बेदी तक पहुंचे। यात्रा में क्रूस, मोमबत्तियाँ, और विभिन्न धर्मबहनें, ब्रदरगण, पुरोहित, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। युवतियों ने विक्ट्री फ्लैग लेकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जबकि छोटी बच्चियां फूलों के साथ स्वागत कर रही थीं। यात्रा में बेतिया, चनपटिया, रामनगर, नरकटियागंज जैसे क्षेत्रों के कैथोलिक श्रद्धालुओं के साथ धर्मप्रांत के बिशप पीटर सेवास्टियन गोवियस और चर्च के प्रमुख पुरोहित भी शामिल हुए। इस यात्रा ने सामूहिक प्रार्थना और धार्मिक उत्साह का आयोजन किया।

### दुकानों से सेंपल लेकर बीज की गुणवक्ता जांच के लिए भेजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रबी फसल के बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने अनुमंडल क्षेत्र के करीब दर्जनभर दुकानों व प्रक्षेत्रों के सेंपल लेकर बीज का नमूना तैयार किया है। सभी सेंपल को मोतिहारी स्थित लैब में उसकी गुणवत्ता जांच के लिए भेजा जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि नरकटियागंज और मैनाटांड प्रखंड क्षेत्र की कई अलग अलग दुकानों से गेहूं, मक्का, पालक, और सरसों, मटर समेत अन्य रबी फसलों के बीजों के सेंपल लिया गया है। लिए गए सभी सेंपल को गुणवक्ता जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिलें। एसडीएओ श्री कुमार ने यह भी कहा है बिक्रेताओं को हर हाल में अच्छी गुणवक्ता वाली बीज ही बाजार में बिक्री करना है। अगर लैब रिपोर्ट में बीज मानक के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो संबंधित बीज विक्रेताओं के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मुसहरी में झोपड़ी जलकर राख, एक गाय की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत बनकट मुसहरी गांव वार्ड संख्या 3 में शनिवार की देर रात में भीषण आग ने एक गरीब परिवार का आशियाना पलभर में खाक कर दिया। हरिशंकर यादव, की झोपड़ीनुमा आवासीय घर देखते ही देखते राख हो गेया के आग की लपटों में बर्तन, कपड़ा और रोजमर्रा की सभी जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गए, जिससे परिवार को हजारोंहलाखों का नुकसान उठाना पड़ा।सबसे बड़ी त्रासदी उस समय सामने आई, जब आग की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी गाय गंभीर रूप से झुलसकर जीवनहमौत की जंग लड़ रही है। अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने राजस्व कर्मियों को तत्काल मौके पर भेजकर नुकसान का विस्तृत सर्वे कराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगलगी में हुई क्षति के अनुसार सरकारी सहायता शीघ्र प्रदान की जाएगी।

### ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने जांच शिविर लगाया

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब और लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक के लायन सदस्य पंकज कुमार के द्वारा रविवार को मोतिहारी गांधी मैदान के किनारे शिविर लगाकर 87 लोगो का मधुमेह तथा ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच कराई गई। जहाँ मधुमेह के 9 नए मरीज पाए गए,जिन्हे मौके पर मौजूद क्लब सचिव लायन डॉ. सच्चिदानंद पटेल ने नियमित योग के साथ-साथ सुबह में तेज गति से पैदल चलने की सलाह दी। दूसरी ओर क्लब ने अपने सदस्य लायन डॉ. अभिनव दीपंकर के सहयोग से मुफ्त आंख जांच शिविर का आयोजन द मोतिहारी आई हॉस्पिटल, टाउन थाना के सामने किया, जहां 42 मरीजों की जांच की गई। क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि ऐसे मरीज जिन्हें जानकारी नहीं थी कि मुझे मधुमेह है लेकिन शिविर में जांच कराने के बाद उन्हें पता चल गया यह हमारे लिए उपलब्धि की बात है।

### विधायक प्रमोद सिन्हा को मंत्री बनाने की मांग

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश में चुनाव परिणाम आने के बाद अब सियासी हलचल भी तेज हो गई है। खबर है कि सूबे में नई बनने वाली सरकार में इस बार रक्सौल विधान सभा से अपने दूसरे कार्यकाल के लिए दुबारा चुने गए भाजपा विधायक प्रमोद सिन्हा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की लोगों की मांग ने रफ़्तार पकड़ ली है। सिन्हा ने अपने क्षेत्र में पार्टी के भीतर मतभेद और कथित भीतरघात के बावजूद दूसरी बार लगातार अच्छे मर्जिन से जीत हासिल की है, जिसके बाद उनके समर्थक अब खुलकर उन्हें मंत्री बनाए जाने की पैरवी कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बार का चुनाव सिन्हा के लिए बहुत आसान नहीं था। क्षेत्र में संगठन की एकजुटता को लेकर सवाल खड़े होते रहे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मजबूत जनसंपर्क और बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के दम पर जीत दर्ज की।

# अपराध का अंधकार मिटा, मोतिहारी में फिर कमल खिला : राधामोहन सिंह

**● मौका था विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजन का**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा की प्रचंड जीत पर अमर रिसोर्ट में रविवार को मोतिहारी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार एवं संचालन उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि विपक्षी के धनबल और बाहुबल को मोतिहारी की जनता ने नकार दिया। मोतिहारी मुफस्सिल अंतर्गत सात पंचायतों में आठ हजार से अधिक,मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र नौ हजार से अधिक मतों से हमने जीत हासिल किया। श्री सिंह ने कहा कि इस चुनाव में हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों का भारी समर्थन मिला है। इस चुनाव में मोतिहारी की जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठ कर मोतिहारी की शांति और सुरक्षा को सर्वोपरि जाना। यहाँ की जनता ने यह साबित कर दिया कि वह एक जिम्मेवार नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि अपराध का अंधकार मिटा,मोतिहारी में फिर कमल खिला। जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि मोतिहारी की महान जनता ने कट्टा की जगह कलम का चुनाव किया, इसके लिए मैं यहाँ की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ। मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन चौधरी ने कहा कि मोतिहारी की जनता ने मछुआरा समाज को ठगने वालों के मुंह पर जोरदार थप्पड़ मारा है। जनता ने शांति,विकास और सहजता को अपना समर्थन दिया है। जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि इस चुनाव में मोदी और नीतीश कुमार के विकास के मॉडल को जनता ने स्वीकार किया है और विकास को अवरुद्ध करने वाली शक्तियों को नकार दिया है। उक्त अवसर पर एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, जिलाध्यक्ष रालोमो रमेश पासवान, जदयू के प्रदेश मंत्री दीपक पटेल, प्रदेश सहसंयोजक मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ राजकिशोर सहनी, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन एवं मीना मिश्रा, महामंत्री मार्तण्ड नारायण सिंह मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सह प्रभारी सुधीर गुप्ता, मोतिहारी विधानसभा प्रभारी वकील सहनी,मोतिहारी विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह, संगीता चित्रांश, पुतुल पाठक, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाईः बगीचे से तीन स्मैक तस्कर गिरफ्तार, सप्लायर भी चढ़ा हत्थे

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल थाना क्षेत्र के जोकियारी गांव स्थित एक बगीचे में स्मैक की बिक्री की गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। रक्सौल टाउन थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर बगीचे में छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से तीन स्मैक कारोबारी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 25 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान : श्याम बाबू शाह, पिता-भगवान शाह, निवासी-भगवानपुर कौड़ीहार, दीपक कुमार, पिता-मुन्ना मांझी, निवासी-धागड़टोली, श्रवण गुप्ता, पिता-अनहोतीलाल शाह, निवासी-कौड़ीहार। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें स्मैक की सप्लाई रक्सौल के मौजे निवासी रामचंद्र महतो से मिलती थी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मौजे में छापेमारी कर रामचंद्र महतो को भी गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। गौरतलब है कि एसपी स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में जिला पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चला रही है। लगातार हो रही कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



## चिरैया विधानसभा क्षेत्र के दोनों प्रखंडों में राजद ने अपने प्रखंड अध्यक्ष को बदला

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरैया विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने संगठनात्मक स्तर पर एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए दो प्रखंड अध्यक्षों को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। चिरैया प्रखंड अध्यक्ष रामदरेश पासवान और पताही प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए संगठन से निलंबित कर दिया है। राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह द्वारा 9 नवंबर को जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार चिरैया प्रखंड में कैलाश ठाकुर को नया प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, वहीं पताही प्रखंड की कमान मोहन सिंह को सौंपी गई है। दोनों नवमनोनीत अध्यक्षों को संगठन विस्तार और पार्टी गतिविधियों को सशक्त करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस निर्णय की जानकारी राजद के चिरैया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव ने दी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकताओं में नई ऊर्जा भरने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। नए अध्यक्षों से उम्मीद है कि वे प्रखंड स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। नए प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की खबर से कार्यकताओं में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। मुखिया उपेंद्र यादव, बब्लू कुमार, रामेश्वर यादव, लालू यादव, रंजीत कुमार राम, राकेश कुमार, नन्हक राय सहित दर्जनों कार्यकताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। कार्यकताओं ने कहा कि नए नेतृत्व के आने से संगठन में सकारात्मक बदलाव दिखाई देगा और राजद को आगामी चुनावी तैयारी में मजबूती मिलेगी।राजद कार्यकताओं ने नवमनोनीत अध्यक्षों को बधाई देते हुए उनसे संगठन को नई दिशा देने की अपेक्षा जताई है। पार्टी में हुए इस पुनर्गठन को स्थानीय स्तर पर एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।





### मोतिहारी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक चुनाव में महेश सिन्हा बने अध्यक्ष

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होटल रामसन प्लाजा के सभागार में चैंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से महेश सिन्हा को सत्र 2026 के लिए अध्यक्ष, आलोक कुमार को महासचिव, दो उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता और सुरेश चंद्र कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, उपसचिव विनय देवकुलियार को निर्वाचित किया गया। सभा में संयोजक मनीष कुमार, अध्यक्ष अंगद सिंह पूर्व अध्यक्ष रविकृष्ण लोहिया, अनुपम जायसवाल, रोहित शाह संजीव रंजन कुमार अरविंद श्रॉफ, धीरेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों व्यावसाई भाग लिए मुख्य चुनाव पदाधिकारी सुधीर अग्रवाल और सहायक चुनाव पदाधिकारी संजय जायसवाल थे, उक्त जानकारी चेंबर के मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

## नरकटियागंज में छह प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले

**जनता ने नकारा, चार को 10 हजार भी वोट नहीं**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में एक तरफ जहां लगभग हर बूथ पर पिछले मतदान की अपेक्षा इस बाद मतदाताओं ने ज्यादा उत्साह के साथ मतदान किया। वही कई प्रत्याशियो को इस चुनावी मैदान से सबक सिखाने का भी काम वोटरों ने किया है। यही कारण है कि नरकटियागंज विधानसभा में 2203 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर चुनावी मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों को सिरे से नकार दिया है। इसमें दिलचस्प बात यह है कि नरकटियागंज विधानसभा में कुल एक दर्जन प्रत्याशि चुनावी मैदान में थे। जिसमें से आधा दर्जन प्रत्याशियो को नोटा से भी कम वोट प्राप्त हुए हैं। वही अधिकतर प्रत्याशी अपने जमानत की राशि भी नही बचा पाए है। नोटा से कम वोट मिलने वाले प्रत्याशियो में शामिल दिलशाद अहमद को 1238 वोट, राजेंद्र प्रसाद यादव को 1205, मो. मोतिउर रहमान को 951, समीर सुनु को 703, ध्रुप राम को 676 और सबसे कम वोट पाने वाले में मो. राशिद आजिम को 291 वोट मिले हैं। वही चार अन्य प्रत्याशियो को दस हजार से कम मत प्राप्त हुए हैं। इसमें शास्वत केदार को 5388, मो. वसिउल्लाह को 4238, इश्तेयाक अहमद को 3831 और किन्नर माया देवी को 2337 मत प्राप्त हैं। बता दे कि नरकटियागंज विधानसभा में कुल 276981 मतदाता है। यहां दूसरे चरण में 70.67 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### बारिश में बांध ध्वस्त अनदेखी से ग्रामीणों में बढ़ी चिंता

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बखरिया पंचायत स्थित 62 पुल के समीप नदी का बांध बिगत दिनों हुई जोरदार बारिश एवं आंधी-तूफान के दौरान ध्वस्त हो गया। बांध टूटे कई हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बांध टूटने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन हाल की भारी बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है।स्थानीय लोगों में मनोज प्रसाद,रमभू प्रसाद,बबलू कुमार, दीपक प्रसाद,नंदू ठाकुर,इरशाद आलम,पिंटू कुमार,निक्कू पटेल के अनुसार बांध क्षतिग्रस्त होने से आसपास के खेतों में नदी का पानी भरने का खतरा मंडरा रहा है,जिससे रबी फसलें बुरी तरह प्रभावित हो सकती हैं। वहीं, बांध किनारे से गुजरने वाला मुख्य रास्ता भी मिट्टी धंसने के कारण असुरक्षित हो गया है।

## ग्रामीण डाक कर्मचारियों का अधिवेशन, राजीव बने पुनः सचिव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का वार्षिक अधिवेशन रविवार को डाकघर बेतिया परिसर में आयोजित किया गया। अधिवेशन में मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने भाग लिया।अधिवेशन का उदघाटन बेतिया मंडल के डाक अपर अधीक्षक अवधेश प्रसाद, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार राय, नगर निगम की डिप्टी मेयर गायत्री देवी, कर्मचारी नेता राहुल कुमार आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार राय ने कहा कि ग्रामीण डाक कर्मचारी भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन बावजूद इसके उन्हें उनकी मेहनत और कार्य के हिसाब से उचित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने ग्रामीण डाक कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहें और एक साथ मिलकर संघर्ष करें। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बेतिया नगर निगम की डिप्टी मेयर गायत्री देवी ने भी ग्रामीण डाक कर्मचारियों की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हैं, वही अपने क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं देने के मामले में अव्वल होते हैं। उन्होंने अपने बयान में ग्रामीण डाक कर्मचारियों के प्रति उनकी समर्पण भावना को उजागर किया। वार्षिक अधिवेशन में संघ के चुनाव भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए, जिनमें पर्यवेक्षक की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया हुई। चुनाव के परिणामस्वरूप जनार्दन प्रसाद को अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार पांडे, नागेश्वर दुबे और अभय कुमार को उपाध्यक्ष, जबकि राजीव रंजन कुमार को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। सचिव राजीव रंजन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण डाक कर्मचारी दिन-रात अपने कार्यों में जुटे रहते हैं, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मेहनत का सही मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हम एकजुट होकर अपनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे, तब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा। वहीं, सहायक सचिव पद के लिए सुधाकर मिश्र, मधुबाला, शिवरानी, चंद्रभूषण चतुर्वेदी, बैजनाथ प्रसाद और शंकर राम को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने का संकल्प लिया और एकजुट होकर संघ को और मजबूत बनाने का वादा किया। अधिवेशन के समापन पर संघ के सदस्य और नवनिर्वाचित पदाधिकारी एकजुट होकर सरकार से अपनी मांगें पूरी करने की दिशा में संघर्ष करने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखे।




## वैशाली के बौद्ध केन्द्रों में नैतिक मूल्यों की जीवंत परंपरा पर डॉ. सतवीर राव का शोध पूरा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गाँधी एवं शांति अध्ययन विभाग के शोधार्थी डॉ. सतवीर राव (मूल निवासी बैजापुर, ग्राम, मऊ, उत्तर प्रदेश) ने अपना शोधकार्य बौद्ध दर्शन में नैतिक मूल्य : वैशाली स्थित बौद्ध केन्द्रों का एक अनुभवपरक अध्ययनह्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। यह शोध विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभय विक्रम सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। बौद्ध दर्शन की करुणा, अहिंसा, मैत्री और सम्यक आचरण जैसे मूलभूत सिद्धांतों को केंद्र में रखकर किए गए इस अध्ययन में वैशाली के प्रमुख बौद्ध स्थलों—जैसे वियतनाम, जापान और भारतीय बौद्ध केंद्र, कोल्हुआ स्तूप, विश्वशांति स्तूप, सम्यक दर्शन सह स्मृति स्तूप तथा केसरिया स्तूप—का प्रत्यक्ष अवलोकन शामिल है। स्थानीय नागरिकों, भिक्षुओं, अनुयायियों और पर्यटकों से संवाद के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया कि बौद्ध नैतिक मूल्य किस प्रकार आज के सामाजिक जीवन में सक्रिय रूप से मौजूद हैं। शोध में पाया गया कि वैशाली के बौद्ध केंद्र आज भी पाँच शीलों - सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और मादक पदार्थों से विरति—सहित बौद्ध नैतिकता को व्यवहारिक रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। कई भिक्षु समुदाय शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जिससे ये केंद्र केवल धार्मिक स्थल नहीं बल्कि नैतिक शिक्षालयों के रूप में भी उभर रहे हैं।अध्ययन के दौरान यह भी उजागर हुआ कि बाहरी देशों द्वारा संचालित बौद्ध केंद्रों की तुलना में भारतीय बौद्ध केंद्र अपेक्षाकृत उपेक्षित हैं, जिसका एक मुख्य कारण स्थानीय समुदाय में कौशल एवं वैकल्पिक अवसरों की कमी है। शोध सुझाव देता है कि यदि इन चुनौतियों का समाधान कर इन स्थलों को रोजगार और पर्यटन के अवसरों के रूप में विकसित किया जाए, तो वैशाली वैश्विक स्तर पर बौद्ध संस्कृति का और भी प्रभावी केंद्र बन सकता है।शोध का निष्कर्ष यह रेखांकित करता है कि बुद्ध के नैतिक मूल्य—प्रज्ञा, शील, समाधि, विपश्यना, सम्यक दृष्टि और अहिंसा—सर्वकालिक हैं और आधुनिक समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने की अपार क्षमता रखते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुनील महावर, सह-आचार्य डॉ. जुगल किशोर दाधीच, प्रो. (डॉ.) असलम खान, सहायक आचार्य डॉ. अभय विक्रम सिंह, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी तथा शोधार्थी के सहपाठियों ने डॉ. सतवीर राव को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सदर अस्पताल से जिले के 18 होंठ तालु कटे बच्चे सर्जरी हेतु डंकन हॉस्पिटल रवाना

**रक्सौल में 16 से 21 नवंबर तक कैंप के माध्यम से होगी निःशुल्क सर्जरी**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव ने होंठ तालु कटे बच्चों की सर्जरी हेतु सुबह 9 बजे एम्बुलेंस से जिले के 18 होंठ तालु कटे बच्चों को डंकन हॉस्पिटल रक्सौल रवाना किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने जानकारी देते हुए कहा की 16 से 21 नवंबर तक कैंप का होगा आयोजन स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार के सहयोग से किया गया है। पूर्व में भी जिले के कई बच्चों का ईलाज हुआ है जो सफल रहा है।उन्होंने बताया की डंकन अस्पताल में शल्य चिकित्सा के साथ ही अभिभावकों के लिए भोजन व रहने की भी मिलेगी सुविधा।सीएस ने कहा की पूर्वी चंपारण जिला से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अंतर्गत कार्यरत टीम द्वारा चिन्हित 18 क्लेफ्ट लिप और पैलेट ( "फटे होंठ और तालु") बच्चों को एम्बुलेंस के साथ सुबह डंकन अस्पताल, रक्सौल, पूर्वी चम्पारण भेजा गया है, वहीं मौके पर जिला आरबीएसके डीसी डॉ. शशि मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की इन बच्चों के साथ एक आयुष चिकित्सक एवं फार्मशीस्ट को भेजा गया है, जो अस्पताल प्रबंधन से समन्वय कर सर्जरी सुनिश्चित करेंगे । डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गरीव परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है।आर.बी. एस. के. डी.सी डॉ शशि मिश्रा ने बताया कि मार्च 2025 में आयोजित कैंप में होठ एवं तालु की सर्जरी हेतु आयोजित डंकन अस्पाल रक्सौल में आयोजित कैंप में जिले के 40 बच्चों की सफलतापूर्वक सर्जरी हुई थीं। वहीं डंकन अस्पताल के लाइजनिंग आफिसर समीर दिग्गल ने बताया की बच्चों एवं सर्जरी हेतु आए बच्चों व अभिभावक का रहना खाना सर्जरी निशुल्क होगी।

## डिजिटल युग में तीव्र गति से सूचनाओं के प्रसार के बीच तथ्य की सटीकता बेहद जरूरीः धर्मेंद्र रस्तोगी

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर एकमा में संगोष्ठी आयोजित**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बरकरार रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। क्योंकि डिजिटल युग में तीव्र गति से सूचनाओं के प्रसार के बीच तथ्य की सटीकता के प्रति हर स्तर पर संजीदगी एक अनिवार्य तथ्य है। उक्त बातें नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के पूर्व जिला महासचिव सह वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी ने एकमा में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने यह भी कहा कि सनसनी फैलाने के चक्कर में सूचनाओं की पड़ताल ठीक से नहीं की जा रही है। तेजी से प्रसारित गलत सूचनाओं का नकारात्मक प्रभाव समाज पर हो रहा है। जिससे पत्रकारिता के प्रति विश्वास पर भी असर पड़ रहा है। मीडिया के सभी आयामों प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को फैक्ट चैकिंग पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय पत्रकार मोतीचंद प्रसाद ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता शहरों से निकलकर अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गई हैं। जिस कारण समाचार विस्फोटक होने लगा है। जिसका खामियाजा पत्रकारों को भुगतना पड़ रहा है। शहर से लेकर आंचलिक और पंचायत स्तर तक फैले आज के पत्रकारों के समक्ष जोखिम भरी चुनौतियाँ पहले से ज्यादा बढ़ गई हैं, लेकिन हमारे युवा पत्रकार साथियों ने इस चुनौती को स्वीकार किया है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में स्थानीय समाजसेवी योगेंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी पत्रकार साथियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज में बेहद सकारात्मक भूमिका निभाती है। इसलिए पत्रकारों को पत्रकारिता की विश्वसनीयता को कायम रखने के लिए धैर्य, परिश्रम, सकारात्मकता पर बल देना चाहिए। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) गोपालगंज इकाई के पूर्व जिला महासचिव सह वरीय पत्रकार के. के. सिंह सेंगर ने कहा कि तकनीकी क्रांति के इस दौर में पत्रकारिता की विश्वसनीयता को कायम रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की नितांत आवश्यकता है। साथ ही खबरों में वैल्यू एडिशन की प्रक्रिया के महत्व, कंटेंट क्रिएटर व पत्रकारिता के बीच के अंतर को समझे जाने, पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों के परिपालन की भी आवश्यकता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता स्थानीय वरीय पत्रकार मोतीचंद प्रसाद ने की। जबकि मंच संचालन वरीय पत्रकार के. के. सिंह सेंगर ने किया। संगोष्ठी को एनयूजे (आई) के पूर्व जिला महासचिव सह प्रमंडल के वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, पत्रकार मोतीचंद प्रसाद, केके सिंह सेंगर, विनीत कुमार, नागेंद्र राय, सुनील पंडित, अमित सिंह, संजीत कुमार, डॉ प्रभुनाथ शर्मा, समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा आदि अन्य क्षेत्रीय पत्रकारों ने संबंधित किया।

# दसवीं पास युवक ने सिलाई मशीन के सहारे बढ़ाया 20 लाख का कारोबार

डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो जहानाबाद

**जहानाबाद**। शहर के मलहचक मोड के पास एक छोटे से मकान में एक साथ कई सिलाई मशीन चलने की आवाज को सुनकर भले ही कोई उसे गौर न किया हो, लेकिन सिलाई मशीन के पहियों की घनघनाहट के साथ शुरू होती है एक दसवीं पास युवक के उद्यमिता की कहानी। यहां रहने वाले एक युवक ने 26 वर्ष पहले एक छोटे से जगह में एक सिलाई मशीन के सहारे ऊनी गारमेंट्स बनाने का काम शुरू किया था। मात्र 13 000 रुपए के सिलाई मशीन से रोजगार शुरू कर आज युवक ने 20 लाख रुपए का कारोबार खड़ा कर दिया है।

अनिल बताते हैं कि वर्ष 1999 में उसके पास 10 वीं पास करने के बाद न तो कोई काम धंधा था और ना ही कोई नौकरी ऐसे में उसने परिवार के साथ मिलकर ऊनी कपड़ों की सिलाई के लिए मशीन खरीदने की योजना बनाई। इस काम में परिवार के लोगों का भी समर्थन मिला और उसने यह ठान लिया कि अब काम की तलाश में लुधियाना और पंजाब जाने की जरूरत नहीं है, यहीं से मेहनत करके परिवार को चलाएंगे।

कहा जाता है कि 'जहां चाह, वहां राह' इस कहावत को चरितार्थ करते हुए उस युवक ने मात्र 13000 लगाकर एक ऊनी कपड़े का मशीन घर ले आया और फिर परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर एक छोटे से कुटीर उद्योग के रूप में अपने रोजगार की शुरूआत किया। काम करने का स्मार्ट तरीका और परिवार के सदस्यों की मेहनत और लगन ने धीरे-धीरे उसे पूरे जहानाबाद शहर में चर्चित कर दिया। बताया जाता है कि जैसे-जैसे कपड़ों की मांग बढ़ती गई वैसे-वैसे उसके बिजनेस का भी विस्तार जिले से बाहर बिहार और दूसरे प्रदेश में भी हो गया।





***आज है शहर का चर्चित कपड़ा उद्योग***

लगभग ढाई दशक के बाद आज एक ऐसा समय आ गया है जब जहानाबाद के इस छोटे से इलाके में कपड़ों का यह उद्योग ना सिर्फ पूरे इलाके में चर्चित है बल्कि राज्य और उसके बाहर भी इसकी चर्चाएं होने लगी है। आखिर हो भी क्यों ना? क्योंकि यहां गर्मी के कपड़े से लेकर सर्दी के कपड़े शोरुम वाले भी खरीद रहे हैं। यहां अभी सर्दियों के मौसम में कार्डिगन, महिलाओं के ऊनी सूट, गरम जैकेट, स्वेटर और इनरवियर दिन-रात तैयार किया जाता है। यहां के बने कपड़ों की मांग आसपास के कई शहरों में भी है। उद्योग के संचालक अनिल कुमार ने बताया कि वर्तमान में 38 स्कूलों का स्कूल ड्रेस का ऑर्डर उनके पास है। इन स्कूलों का ड्रेस यहां पर तैयार किया जाता है। जहानाबाद में कपड़ों का यह उद्योग धंधा धीरे-धीरे आज बाजार का चहेता उद्योग बन चुका है। बताया जाता है कि यहां कुछ शोरूम से भी कपड़ों के आर्डर मिल रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जो कीमत में आप बाजार से ऊनी सूट खरीदने हैं, उससे एक चौथाई कम कीमत पर यहां सूट ग्राहकों को उपलब्ध हो जाता है। उद्योग के प्रोपराइटर अनिल कुमार बताते हैं कि जिस सूट की थोक कीमत 1800 रुपए हमारे यहां होती है, उसी सूट की कीमत बाजार में 2500 होती है।

***14 प्रकार के कपड़े बनाकर सालाना 20 लाख रुपए का टर्न ओवर***

अनिल कुमार बताते हैं कि वर्ष 1999 में एक मशीन से अनिल गारमेंट्स की शुरुआत उन्होंने की थी। आज शहर में एक बहुचर्चित गारमेंट्स उद्योग के नाम से हमारी पहचान है। यहां 14 प्रकार के कपड़े तैयार किए जाते हैं। सर्दियों में लेडिस और जेंट्स दोनों के सभी प्रकार के कपड़े हमारे यहां बनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 1 वर्ष में लगभग 20 लाख रुपए का कारोबार उनका होता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस समय उन्होंने अपनी दुकान की शुरूआत किया था, उसके पहले कुछ वर्ष लुधियाना में गारमेंट्स फैक्ट्री में मेहनत करके वहां उन्होंने काम को सीखा था, तभी से उनको यह लगने लगा था कि इस काम की शुरुआत क्यों ना वह अपने शहर में शुरू करे। लेकिन कम पढ़े लिखे होने और पूंजी के अभाव में शुरू में तो उन्हें इस काम में बड़ी झिझक थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने एक बार इस काम को ठान लिया सफलता मिलती गई। परिवार के लोगों के समर्थन से धीरे-धीरे उनका रोजगार आज काफी ऊंचाइयों तक पहुंच गया है। बताया जाता है कि अनिल गारमेंट्स में 20 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है तो वहीं 50 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी आज मिल रहा है। एक छोटे से जगह में उद्योग लगाने की उद्यमशीलता भले ही आम लोगों तक नहीं पहुंची हो, लेकिन यह जरूर कहना होगा कि पढ़- लिखकर जो युवा नौकरी और रोजगार की तलाश में भटकते हैं, ऐसे युवाओं के लिए अनिल की उद्यमशीलता की कहानी उन्हें जरूर प्रेरित करेगी।

## कपड़ा व्यवसायी पर 33 लाख से अधिक के गबन का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। सूरत के रिंग रोड के एक कपड़ा व्यवसायी और दो एजेंट का 33 लाख से अधिक रुपए गबन कर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में तीनों ने रविवार को नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें सूतापट्टी के एक कपड़ा व्यवसायी, उनकी पत्नी और पिता को नामजद किया है। आवेदन में सूरत के व्यवसायी नारायण साह, एजेंट बब्लू गुप्ता और रौनक सर्राफ ने पुलिस को बताया है कि इसमें शामिल तीनों आरोपित पूर्व में उनसे और एजेंट के माध्यम से कपड़ा का व्यवसाय कर रहा था। दो साल पूर्व 33 लाख रुपए बकाया होने के बाद व्यवसाय बंद कर दिया। बकाया मांगने पर टाल-मटोल करने लगा है। फिर बाद में कई तरह का धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपितों के खिलाफ सूरत के स्थानीय थाने में शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मुजफ्फरपुर आकर नगर थाने में आवेदन दिया है। इधर, नगर थानेदार कमलेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना कि पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए 6 मवेशी (भैस) एवं एक पिकअप गाड़ी को जप्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पशु प्रेमी शशांकधर शेखर के बयान पर टेहटा थाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें एक पिकअप गाड़ी 6 मवेशी (भैस) को जप्त किया गया है। साथ ही गाड़ी चालक परितोष पासवान को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि पिकअप गाड़ी में कुर्तापूर्ण तरीके से 6 मवेशी (भैंस) को लादकर गया जिले के टिकारी से जहानाबाद की ओर ले जा रहा था, जिसे एनएच 22 के नंदनपुरा मोड के समीप जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पिकअप गाड़ी पर यदी कुर्तापूर्ण तरीके से पशुओं की ढुलाई की जाएगी तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के इस करवाई के बाद पशु तस्करों के बीच हड़कम्प मच गया हैं।

हालाकि देखा जाए तो टेहटा थाना के समीप ही अवैध पशु मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में पशुओं की तस्करी होती है। इस दौरान मेले के दिन टेहटा बाजार में ट्रैफिक की समस्या भी उत्पन्न होती है। अक्सर मेले से खरीदे गए पशुओं को क्रूरतापूर्ण तरीके से छोटे वाहनों में ठूंसकर ढुलाई की जाती है। इस दौरान पुलिस प्रशासन सिर्फ मूकदर्शक बनी रहती है।

## दाउदनगर का ऐतिहासिक किला पर्यटन विभाग के मानचित्र से है ओझल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले से दाउदनगर के पुराना शहर में करीब 17वीं शताब्दी का दाउद खां का ऐतिहासिक किला है। बता दें कि शहर का नाम भी दाउद खां के नाम पर रखा गया है। वहीं किला परिसर देखने में आकर्षक लगता है परंतु यहां फैली गंदगी किले के आकर्षण को कम करती जा रही है। बता दें कि यह किला स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण है। किले की कलाकृति के अवशेष इसकी विशेषता को दर्शाते हैं। इसके अंदर दक्षिण 20, पश्चिम से 10 व उत्तर में सात अस्तबलनुमा ध्वस्त अवशेष और मस्जिद की आकृति के अवशेष अब भी विराजमान हैं। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार 17 वीं शताब्दी में दाउद खां के किला का निर्माण हुआ था। दाउद खां मुगल शासक औरंगजेब के सिपहसलार थे। बता दें कि 1659 से 1664 तक वे बिहार के सूबेदार थे। पलामू फतह के बाद बादशाह औरंगजेब ने दाउद खां को अंछा, मनोरा परगना भेंट किया था, जिसके बाद दाउद खां ने किले का निर्माण कराया था। किला का सौंदर्यीकरण तो किया गया परंतु कार्य अधूरा रह गया। यहां तक कि दाउदनगर का ऐतिहासिक किला 17वीं शताब्दी में औरंगजेब के शासन काल में उनके सिपहसालार दाउद खां ने निर्माण कराया था। किला के निर्माण में 10 वर्ष लगे थे। किला परिसर का क्षेत्रफल 12715.40 वर्ग मीटर है परंतु रखरखाव के अभाव में किला खंडहर में तब्दिल हो गया। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम से कार्य शुरू हुआ। चारदीवारी के साथ शौचालय, कमरा, चारो कि नारे पर शेड बनाया गया। दोनों मुख्य द्वार पर दरवाजा लगाया गया था। पुरातत्व विभाग द्वारा करीब दो वर्ष पहले परिसर के सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया गया था। किला के दोनों तरफ गेट लगा दिया गया है। दक्षिण-पश्चिम की तरफ की चहारदीवारी करा दी गई है। उत्तर की ओर चाहरदीवारी नहीं कराई गई है। अतिक्रमण की समस्या होने के कारण उधर की चारदीवारी अभी तक नहीं हो पाई है। परिसर में चारों तरफ पैदल पथ का निर्माण कराया गया है। पांच पीसीसी पथ बनाया गया है। कई जगहों पर लोगों को बैठने के लिए चबूतरा भी बनाया गया है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधा और फूल लगाने के लिए दर्जनों गेवियन बनाया गया था लेकिन रखरखाव के अभाव में कुछ गेवियन टूटकर बिखर गए हैं। पीने के लिए पानी टंकी लगाया गया है, शौचालय का निर्माण कराया गया है जो चालू अवस्था में नहीं है। इतना होने के बावजूद भी किला पर्यटन विभाग के मानचित्र से ओझल है। राज्य सरकार को किला को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की जरूरत है।



## घोसी विधायक ऋतुराज कुमार ने हजरत बीबी कमाल की दरगाह पर की चादरपोशी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के घोसी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ऋतुराज कुमार ने रविवार को काको प्रखंड मुख्यालय स्थित हजरत बीबी कमाल की दरगाह पहुंच कर चादरपोशी की। इस दौरान विधायक ऋतुराज ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी।

दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद विधायक ऋतुराज कुमार ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। स्थानीय लोगों ने विधायक के सामने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई मांगें भी रखीं।

ऋतुराज कुमार ने लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और लोगों को भरोसा दिया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा।

## गोगो गांव जाने वाली कच्ची सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

### सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों का नहीं है ध्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। नबीनगर प्रखंड के ठेंगों पंचायत के उतरी व दक्षिणी गोगो गांव में आजादी के 79 वर्ष बाद भी ग्रामीणों को सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीण कच्ची सड़क से होकर गुजरने को मजबूर हैं। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर बारिश के दिनों में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। जब कोई बीमार पड़ता है तो उसे खाट पर टांग कर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक ले जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। कच्ची सड़क होने के कारण स्कूल बस गांव तक नहीं आती है। जिसके कारण बच्चों को प्रतिदिन डेढ़ से दो किलोमीटर की पैदल चलकर विद्यालय जाना पड़ता है। कई बार सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग किया परंतु उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उनके इलाके में गोगो से बदल बिगहा पांच किमी, कोईरीडीह मेन रोड से नोनिया बिगहा दो किमी और राटा बिगहा से लक्ष्मीपुर दो किमी जाने वाली सड़क आजादी के बाद से आजतक नहीं बनी है। तीनों सड़के आज भी कच्ची है, जिससे 10 से 12 हजार की आबादी प्रभावित है। यहां तक कि बारिश के दिनों में सड़कें तालाब में तब्दिल हो जाती है। इतना होने के बावजूद भी अबतक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।

## खगड़िया में 18 नवंबर को रोजगार मेला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया**। बिहार के खगड़िया जिले के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं को रोजगार देने की दिशा में जिला नियोजनालय खगड़िया की ओर से एक बड़ा कदम उठाया गया है।

बताया जा रहा है कि श्रम संसाधन विभाग और जिला नियोजनालय खगड़िया द्वारा 18 नवंबर 2025 को एक दिवसीय जॉब कैम्प आयोजित किया जा रहा है। श्रम संसाधन विभाग द्वारा यह कैम्प सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक नियोजनालय परिसर में होग । इस अवसर पर देश की जानी-मानी निजी कंपनी (Blinkit) युवाओं की भर्ती करेगी।

## शराब माफिया ने उत्पाद विभाग की टीम पर की फायरिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिंद थाना क्षेत्र के मसीहाडीह गांव में रविवार को अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शराब कारोबारियों ने उत्पाद विभाग की टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई है। घटना के बाद पुलिस, माइनिंग और बिजली विभाग सहित कई एजेंसियों ने एक साथ कार्रवाई कर अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। मध निषेध विभाग की अपर निरीक्षक श्वेता सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ विशेष टीम बनाई गई थी। छापेमारी के दौरान टीम ने एक घर से 20 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। लेकिन इसी दौरान अचानक हालात बिगड़ गए। सूत्रों के मुताबिक पांच बदमाश वहां पहुंच गए और शराब को छीन लिया। इसके बाद उन्होंने विभागीय टीम पर करीब आधा दर्जन राउंड गोलीबारी की। अपर निरीक्षक श्वेता सिंह ने बताया कि सुरक्षा के तहत टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, लेकिन गोली मिस फायर हो गई। राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में कोई घायल नहीं हुआ। मौके से टीम ने 200 लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया। फायरिंग के बाद सभी आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए कई विभागों की संयुक्त कार्रवाई शुरू की। पुलिस विभाग द्वारा बिंद थाना पुलिस तुरंत स्थल पर पहुंची।



मध निषेध विभाग ने 5 नामजद आरोपियों पर एफआइआर दर्ज कराई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए गए हैं।

माइनिंग विभाग द्वारा गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। बिजली विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान संजय यादव को अवैध बिजली कनेक्शन और हीटर चलाते पकड़ लिया गया। उस पर 1,33,631 का जुर्माना लगाया गया। वहीं अजीत यादव पर 59,133 का फाइन किया गया। घटना के बाद बिंद थाना क्षेत्र में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार, गोलीबारी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## चुनाव परिणाम के बाद होली और दिवाली दोनों उत्सवों का दिखा एक साथ नजारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के सभी तीन विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच आनंद और उत्सव का नजारा देखने को मिल रहा था। जीत की खुशी के आनंद में डुबे प्रत्याशी और उनके समर्थक ढोल और गाजे बाजे के साथ मतदाताओं और समर्थकों का अभिनंदन स्वीकार करते देखे गए। पहली बार विधायक चुने गए घोसी विधानसभा सीट से निर्वाचित ऋतुराज कुमार के समर्थक कहीं अधिक जोश में दिख रहे थे। अधिकतर प्रत्याशी जीत की खुशी में विभिन्न मंदिरों सहित अपने क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों पर माथा टेकते भी नजर आए। जीत की सूचना मिलते ही प्रत्याशियों के समर्थक पहले से ही फूल माला के साथ पटाखों की लरी और अबीर गुलाल की व्यवस्था किए हुए थे लिहाजा जीते हुए प्रत्याशी के सामने आते ही नारे बुलंद करने के साथ समर्थकों ने खूब पटाखे फोड़े और आपस में गुलाल लगाकर जीत की खुशी एक दुसरे के साथ साझा किया। हर्ष और उमंग की प्रकाष्ठा में युवाओं का जोश रह रह कर और ताजा हो रहा था किलकारियां निकालते हुए समर्थक अपने प्रत्याशी के समर्थन में जोरदार नारा बुलंद कर रहे थे। कई प्रत्याशी पहले से ही जीत के लिए आश्वस्त नजर आ रहे थे लिहाजा उन्होंने जीत की खुशी में रोड शो की मुक्कमल तैयारी पहले ही पूरी कर ली थी । खुले गाड़ियों में सजे फूल मालाओं से सजा काफिला जिसमें प्रत्याशी जिला मुख्यालय से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए जनता जनार्दन का अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापन करते गुजर रहे थे। पटाखों की लरी की ध्वनि और गुलाल के रंग से दीपावली और होली दोनों उत्सवों की याद जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थक एक साथ पूरा करने में लगे थे।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के हसौली स्थित रूद्रा क्रिकेट अकादमी में रविवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने किया। जहां सत्र 2025-26 जिला लिग सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुआ। बैठक में औरंगाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित सभी क्लब के संचालक लोग मौजूद रहे। बैठक में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कुमार उज्ज्वल ने बताया कि पूरे लिग के दौरान अंपायर बीसीआइ से मंगाए जाएंगे और खिलाड़ियों का चयन प्रक्रिया लीग मैच के आधार पर ही पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। कोषाध्यक्ष शशांक शेखर ने बताया कि लिग के दौरान खिलाड़ियों को जरूरत के सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जैसे स्वच्छ पानी, खाना, मेडिकल किट सहित मौजूद संयुक्त सचिव अमित अखौरी ने बताया कि सत्र 2025-26 का लीग मैच संभवत 29 नवंबर से शुरू की जाएगी, जहां 15-16 क्लब शामिल होने कि संभावना है। इस सत्र के सभी मैच मदनपुर और देव ग्राउंड पर कराए जाएंगे।

## दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि तीन किशोर को निरूद्ध किया गया है। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के केसराढ़ी गांव का हैं। पकड़े गए आरोपियों में उस गांव निवासी सरोज यादव एवं मंतोष कुमार पासवान है। इसके अलावा मामले में तीन किशोरों को निरूद्ध किया गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया गया कि यह घटना बीते 13 नवंबर की है। केसराढ़ी गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी थी जिसमें एक पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई। वायरल वीडियो का पुष्टि होने पर त्वरित कार्रवाई की गई। इस संदर्भ में दोनों पक्षों के लिखित आवेदन के आधार पर दाउदनगर थाना में प्राथमिकी की गई जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से एक-एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि तीन विधि विरुद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया। जबकि तीनों विधि विरुद्ध किशोरों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि यह मामला चुनावी रंजिश से संबंधित नहीं हैं। वायरल वीडियो के कैप्शन में लिखे गए तथ्य भ्रामक है। औरंगाबाद पुलिस इस वायरल वीडियो का खंडन करती है।

## ओवरलोडिंग पकड़े जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में आए दिन दुर्घटना हो रही है परंतु यात्री बसों में इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। जिले के विभिन्न रुटों में चलने वाली निजी बसों में ओवरलोडिंग हो रही है। बता दें कि प्रतिदिन दुर्घटना होने के बावजूद भी बस संचालक सवारियों को बस की छत पर सफर करवाया जा रहा है। यहां निजी बस मालिक लगातार क्षेत्र में अपनी बसों में यात्रियों को छतों पर भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भर रहे हैं। निजी बस मालिक चंद पैसों की खातिर यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर ओवरलोडिंग करने में लगे हुए हैं। यहां तक जिले में जब कहीं भी बस हादसा होता है तो उस वक्त बड़े-बड़े नेता व प्रशासन हरकत में आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े कानून बनाने की बातें कहते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर स्थिति पहले जैसे ही हो जाती है। यातायात नियमों की अवहेलना पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। यहां तक की जब कभी बस चालक की नजर पुलिस पर पड़ती है तो बस चालक बसों में सवारियों को छतों से उतार कर अंदर ठूंस दिया जाता है। औरंगाबाद के दानी बिगहा निवासी अंकेश सिंह, प्रदीप कुमर ने बताया कि बस में अत्यधिक भीड़ थी तो मजबूरन जान जोखिम में डालकर बस के छत के ऊपर बैठ गए। जान जोखिम में डालकर किसी तरह यात्रा करने को मजबूर हैं। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ प्रतिदिन जांच अभियान चलाई जाती है। इसके साथ ही वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाता है। वाहन चालकों को निर्देश देते हुए कहा जाता है कि ओवरलोडिंग करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## रेड क्रॉस सोसाइटी ने निशुल्क सैकड़ो लोगों का किया इलाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बिहारशरीफ में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में दस विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक, फिजिशियनः डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. इंद्रजीत कुमार, दंत रोग विशेषज्ञः डॉ. रवि कुमार, फिजियोथेरेपिस्टः डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार, ऑडियोलॉजिस्टः डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, ने आये हुए रोगियों का इलाज किया और उचित परामर्श दिया। इसके अलावा मधुमेह की जांच भी की गई। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित यह स्वास्थ्य शिविर जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह कैंप स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा सहारा बन रहा है।



# भ्रामक खबर से पत्रकार बरतें परहेज:समाहर्ता

## बढ़ती भ्रामक खबरों के बीच प्रेस की विश्वसनीयता विषय पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सेमिनार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय परिसर स्थित कारगिल विजय सभा भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर रविवारको जिला सूचना एवं जन-संपर्क विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के समाहर्ता अजय यादव,वरिष्ठ पत्रकार, विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी तथा मीडिया शोधकताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक समाहर्ता अजय यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नेहा कुमारी तथा सहायक निदेशक, दिव्यांग सशक्तिकरण कोषांग सहित उपस्थित पत्रकारों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस सेमिनार का विषय बढ़ती भ्रामक खबरों के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की सुरक्षा रखा गया था। इसी विषय पर केंद्रित मुख्य सत्र में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में सूचनाओं का प्रवाह जितना तेज हुआ है। उतनी ही तेजी से फेक न्यूज, आधी-अधूरी जानकारी और अफवाहों का दुष्प्रचार भी बढ़ा है। ऐसे समय में पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता के विश्वास को बनाए रखना है।वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता का मूल लक्ष्य तथ्यों की खोज, सत्य की प्रस्तुति और समाज के प्रति जवाबदेही है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले उसकी दोहरी पुष्टि, स्त्रोतों की जांच, और संदिग्ध सूचनाओं का गहन विश्लेषण पत्रकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। मीडिया पर लोगों का भरोसा तभी कायम रह सकता है, जब पत्रकारिता निष्पक्ष, तथ्यपरक, संतुलित और जिम्मेदाराना हो। संगोष्ठी में बदलते मीडिया परिदृश्य, सोशल मीडिया के प्रभाव, डिजिटल प्लेटफॉर्म के जोखिम और पारंपरिक मीडिया की चुनौतीपूर्ण भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भ्रामक सूचनाओं के दौर में सत्य को सामने लाना न केवल कठिन है, बल्कि पत्रकारों के लिए नैतिक और पेशेवर परीक्षा की घड़ी है।कार्यक्रम के दौरान बेगूसराय जिले के पत्रकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों और उनकी सामाजिक जागरूकता में भूमिका की भी सराहना की गई। अधिकारियों ने कहा कि बेगूसराय के पत्रकारों ने हमेशा ज्वलंत मुद्दों को साहस और निष्पक्षता के साथ उठाया है। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद कर्ण, हिंदुस्तान संवाददाता प्रवीण कुमार, नवविहार टाइम्स के ब्यूरो चीफ सुमित कुमार सिंह, एएनआई संवाददाता हरेराम दास, जी-न्यूज जितेंद्र कुमार, एनडीटीवी संतोष कुमार,डीडी न्यूज प्रेम कुमार, न्यूज11 संजय कुमार, न्यूज10 निशांत कुमार तथा नंदकिशोर सिंह सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार प्रशांत कुमार ने किया।

### हाइवा की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**बीहट।** चकिया थाना क्षेत्र के थर्मल बस स्टैंड स्थित एनएच 31 सड़क पर रविवार को हाइवा ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। मृतक व्यक्ति बीहट गुरुदासपुर टोला निवासी सूचना जनसंपर्क विभाग बेगूसराय से अवकाश प्राप्त कर्मचारी 65 वर्षीय चंद्रभूवन सिंह उर्फ गोरेलाल सिंह थे। इधर घटना की सूचना पाकर चकिया थाना प्रभारी नीरज कुमार चैधरी ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में चकिया थाना प्रभारी श्री चैधरी ने बताया कि मृतक श्री सिंह अपने साइकिल से सिमरिया धाम स्थित राजकीय कल्पवास मेला में साधु-संतों से मिलने के लिए सिमरिया धाम जा रहे थे, इसी दौरान थर्मल बस स्टैंड स्थित निमार्णाधीन आरओबी के समीप बेगूसराय से पटना की ओर जा रहे हाइवा ट्रक की चपेट में आने से उनका मौत घटना स्थल पर ही हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना स्थल पर मौजूद लोगों की तत्परता से हाइवा ट्रक तथा चालक को पकड़ कर चकिया थाना पुलिस को सौप दिया गया है।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी वार्ड संख्या 16 से एक महिला का फंदे से लटका शव पुलिस ने बरामद किया है। शनिवार की देर शाम स्थानीय लोगों की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मृतका की पहचान समस्तीपुर जिला के रोसड़ा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी अमरनाथ शर्मा की 32 वर्षीय पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। मायके पक्ष के अनुसार वह छोड़ाही थाना क्षेत्र के पंसल्ला गांव की रहने वाली थी। मृतका का एक सात वर्ष का बेटा भी है।जो इस समय अपने ननिहाल में रह रहा है।जानकारी के मुताबिक शोभा देवी करीब दो से तीन वर्षों से प्रोफेसर कॉलोनी स्थित विकास सिंह के मकान में किराए पर रह रही थीं। उनके पति अमरनाथ शर्मा दिल्ली में लकड़ी का काम करते हैं और अक्सर बाहर ही रहते थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार से शोभा देवी घर से बाहर नहीं निकली थीं। इसी बीच शनिवार की शाम मकान मालकिन जब उन्हें देखने उनके कमरे तक पहुंची तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला था। अंदर प्रवेश करने पर शोभा देवी का शव पंखे से लटका हुआ मिला। घटना देखकर मकान मालकिन स्तब्ध रह गई और तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की सुचना पाकर सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडेय एवं रतनपुर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुचककर जाँच पड़ताल शुरू कर दिए है।

# पोलिंग एजेंट के अभाव में भी बूथ पर बढ़े रहे अनंत सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सियासी समर में मोकामा हॉट सीट रही। सबकी नजर विशेष रूप से इस सीट पर टिकी थी। दुलारचंद यादव की हत्या के बाद यहां का मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया। लेकिन अंनत की आंधी ने सबको उड़ा दिया। जीत का झंडा फहरा दिया।

मोकामा विधानसभा सीट से बाहुबली अनंत कुमार सिंह ने 28,206 मतों से जीत हासिल की। लेकिन जिस बूथ पर अनंत सिंह को पोलिंग एजेंट भी नहीं मिला, उस बूथ पर भी ज्यादा वोट मिले। जी हां, हम बात कर रहे हैं दुलारचंद यादव के गांव तारतर की। जिला प्रशासन के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 224 नंबर बूथ पर बाहुबली अनंत कुमार सिंह को 264 वोट मिले, जबकि बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी को 174 वोट मिले, जो दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं, दुलारचंद यादव जिसके लिए प्रचार-प्रसार कर रहे थे, कहा जा रहा था कि यादव और धानुक जिसे वोट देंगे, उस प्रियदर्शी पियूष को मात्र 15 वोट मिले। दरअसल दुलारचंद यादव की हत्या का आरोप अनंत सिंह पर लगा था, जिसके बाद शव यात्रा के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसका मोकामा समेत आसपास की सीटों पर असर पड़ा। जिसके बाद माना जा रहा था कि यादव और धानुक समाज के लोग अनंत सिंह के विपरीत मतदान करेंगे, लेकिन रिजल्ट के बाद आए आंकड़ों ने सबको चौंका दिया।

तारतर गांव के आसपास के बूथों पर टक्कर देखने को मिली। राजद प्रत्याशी वीणा देवी को 226 और 227 नंबर बूथ पर अनंत सिंह से ज्यादा वोट मिले। 226 नंबर बूथ पर अनंत सिंह को 206 वोट, वहीं वीणा देवी को 483 वोट मिले। वहीं 227 नंबर बूथ पर अनंत सिंह को 103 वोट और वीणा देवी को 635 वोट मिले।

वहीं मोकामा नगर परिषद के मोदनगाछी वार्ड नंबर 4 में लोगों ने सड़क और नाले को लेकर विरोध जताया था, लेकिन वहाँ भी 176, 177 नंबर बूथ पर अनंत सिंह को 333, 192 वोट मिले और वीणा देवी को 274, 213 वोट मिले।

# पति को जिंदा जलाने की कोशिश में घर हुआ राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र के अरगरा चौक मोफरगंज में एक घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया और पति-पत्नी के झगड़े का मामला आगजनी और जान लेने की कोशिश तक पहुंच गया। आरोप है कि कल्याणी देवी ने अपने ही घर में आग लगा दी और पति पंकज पोद्दार को जिंदा जलाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग लगने के तुरंत बाद बंद कमरे से उठती तेज लपटों ने मोहल्ले का ध्यान खींचा। पड़ोसियों ने आवाज देकर दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उन्होंने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा। घर पूरी तरह आग की चपेट में था और उर्दू मध्य विद्यालय शरीफगंज के सरकारी शिक्षक पंकज पोद्दार बुरी तरह झुलस चुके थे। लोगों ने आनन-फानन में उन्हें बाहर निकाला और सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक पंकज की हालत गंभीर है और उन्हें रेफर कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग फैलने के दौरान कल्याणी देवी ने अपने आप पर पानी डालकर खुद को सुरक्षित रखने की कोशिश की, ताकि पीड़ित दिख सकें। हालांकि पड़ोसियों ने आग लगाने में उनकी भूमिका पर कई सवाल उठाए। लपटों के बढ़ते खतरे को देखते हुए दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया, लेकिन तब तक घर का लगभग सारा सामान जलकर राख हो चुका था। मोहल्ले में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। लोगों का कहना है कि दंपति के बीच पिछले कई दिनों से झगड़ा चल रहा था। चार दिन पहले सड़क पर हुई मारपीट की घटना ने तनाव और बढ़ा दिया था, जिसकी शिकायत पुलिस तक भी पहुंची थी, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि स्थिति इतनी भयावह हो जाएगी। पुलिस ने कल्याणी देवी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। इधर अस्पताल में पंकज पोद्दार जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं, जबकि मोहल्ले के लोग अब भी यह सवाल कर रहे हैं कि घरेलू विवाद आखिर इतना भयावह कैसे बन गया।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, चार घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। बड़हरिया-मीरगंज मुख्य मार्ग पर स्थित जगतपुरा गांव के मिडिल स्कूल के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।इस भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

मृतक की पहचान पकवलिया गांव निवासी रविन्द्र प्रसाद के रूप में की गई है। वहीं घायलों में पकवलिया गांव के नरेश यादव, तथा तिलसंडी 510 के अखलाख अहमद, विश्वनाथ और साबिर अली शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत बड़हरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को गंभीर स्थिति देखते हुए सिवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार, रविन्द्र प्रसाद घर निर्माण के ठेकेदारी का कार्य करते थे। प्रतिदिन की तरह वे देर शाम काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जगतपुरा मिडिल स्कूल के समीप पहुँची, सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रविन्द्र प्रसाद ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी और सड़क पर अंधेरा होने के कारण हादसा और भी गंभीर रूप ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में बताया जा रहा है कि दोनों बाइकों में से एक पर तीन लोग सवार थे, जिससे संतुलन बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में शोक का माहौल है।

# अंतर प्रमंडल सेपकटकरा बालिका खेल प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय (अंतर प्रमंडल) सेपकटकरा बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।प्रतियोगिता में बिहार एम सभी नौ प्रमंडल की टीम शामिल हुई। गांधी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर 14 के फाइनल में पटना ने सारण को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

मुंगेर प्रमंडल की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 17 के फाइनल में पटना ने मगध को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया जबकि तिरहुत और मुंगेर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।अंडर-19 में पटना ने सारण को हराकर ट्राफी अपने नाम किया वहीं मुंगेर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इससे पूर्व सेमी फाइनल और फाइनल का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, बीडीओ रविशंकर कुमार, सेपकटकरा के राज्य कोषाध्यक्ष करुणेश कुमार, जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार, रंधीर कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी श्री श्याम कुमार सहनी ने कहा कि जिला निरंतर राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन कर रहा है इसी कड़ी में तीन दिवसीय सेपकटकरा खेलों का सफल आयोजन किया गया है।

लोगों को यह खेल देखने, सीखने, समझने के साथ इसे खाकर आगे बढ़ने और बढ़ाने का अवसर मिला है। आगे बेगूसराय में राजा स्तरीय फुटबॉल का आयोजन होना है।इस अवसर पर बेगूसराय बीडीओ ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच में आकर काफी अच्छा लग रहा है। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सलाह दी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए आवासन की व्यवस्था बीपी उच्च विद्यालय में की गई है।

# नीतीश के नये मंत्रिमंडल में नामों का लगाया जाने लगा कयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एनडीए के घटक दलों ने नई सरकार के लिए अपने कोटे से मंत्रियों के नाम तय करने शुरू कर दिए हैं।

इस बाबत जो सूचना है उसमें नए लोगों को बहुत अधिक जगह नहीं मिल रही। पुराने लोगों के नाम ही अधिक चर्चा में हैं। ऐसे में नए विधायकों को थोड़ी निराशा हो सकती है।

जदयू कोटे से विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, जयंत राज व सुनील कुमार फिर से मंत्री बन सकते हैं।वर्तमान में नीतीश मंत्रिमंडल में सदस्य हैं। वहीं मंजीत सिंह और रामसेवक सिंह दो ऐसे नाम हैं जिन्हें मंत्री पद मिल सकता है।

यह कहा जा रहा कि अगर सुनील कुमार को मंत्री पद नहीं मिला तो संतोष निराला या फिर श्याम रजक को नीतीश मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

भाजपा कोटे से कुछ नाम पहले से पक्के दिख रहे। इनमें उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व हरि सहनी का नाम भी शामिल है।

चर्चा तो यह भी है कि अगर विजय सिन्हा को मंत्री नहीं बनाया गया तो उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। नए लोगों में रामकृपाल यादव के नाम की खूब चर्चा है।

### कपड़ा फाड़कर सड़क पर लोटे थे विधायक

## मदन शाह की बददुआ लगी राजद को ?

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव के टिकट वितरण के दौरान राबड़ी आवास के पास कपड़ा फाड़कर सड़क पर लोटते हुए एक राजद नेता का वीडियो काफी वायरल हुआ था। अब उस राजद विधायक का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने न सिर्फ संजय यादव पर हमला किया बल्कि अपनी पार्टी को भी जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि मुझे दुख है कि पार्टी हार गई, लेकिन भगवान जो करता है अच्छा करता है। वह राजद विधायक हैं मदन शाह।

राजद नेता मदन शाह ने कहा कि इस दर्द ने मुझे पागल कर दिया। मैं पटना में लालू जी से मिलने गया था, लेकिन किसी ने मुझे उनसे मिलने नहीं दिया। मैं दुःख से अभिभूत हो गया और अपने कपड़े फाड़ दिए। मैं जमीन पर गिर पड़ा और कहा कि मैं श्राप दे रहा हूँ कि उनकी पार्टी 25 सीटों तक सीमित रहेगी और वास्तव में ऐसा ही हुआ। मैं अभी भी पार्टी के लिए दुखी हूँ। राजद नेता मदन शाह ने कहा कि मुझे दुख है कि पार्टी हार गई, लेकिन भगवान जो करता है अच्छा करता है।

राजद नेता मदन शाह ने संजय यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में जिन्हें 'चाणक्य' कहा जाता है, वो पार्टी को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। जब तक उन्हें पार्टी से निकाला नहीं जाता, तब तक कुछ नहीं सुधरेगा।

मदन शाह ने कहा कि इस बार टिकट बंटवारे में लालू जी से सलाह नहीं ली गई। इसलिए पार्टी का ये हश्र हुआ। मुझसे सीधे तौर पर (टिकट के लिए) पैसे नहीं मांगे गए; ये मीडिया के जरिए किया गया। तो मैं पैसे कैसे दे सकता था? मैं उसे सड़क पर तो नहीं फेंक सकता था? उन्होंने कहा कि मैंने संजय यादव से बात नहीं की। बड़े नेताओं ने मीडिया के जरिए कहा था कि मुझसे टिकट के बदले पैसे मांगे जा रहे हैं।

# फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार वांछित छतौना के रूपेश कुमार उर्फ विदेशिया है। उस पर चार अगस्त को बदल चैधरी स्थान छतौना के पुराने लैट्रीन की टंकी से रांयल प्रीमियम ह्विस्की के 375 मिली के 56 कार्टून, इम्पीरियल ब्लू रिजर्व के 375 मिली के 15 कार्टून तथा 750 मिली के 7 कार्टून कुल 78 कार्टून विदेशी शराब बरामदगी में नामजद अभियुक्त था ।

इसके अतिरिक्त गांव के ही निर्मल कुमार पर कृष्णाष्टमी की रात जानलेवा हमला का भी प्राथमिकी नामजद था। वह चार महीने से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी कर रही थी पर पकड़ने में नाकामयाब हो रही थी।

गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, एस आई रंजीत कुमार, विश्वजीत कुमार, पूनम कुमारी तथा सशस्त्र बल के जवान द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी कर उसे उसके डेरा पर से धरदबोचा गया। इस पर नावकोठी सहित कई अन्य थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट के कुल 18 मामले दर्ज हैं। जिसमें नावकोठी थाने में 5, मुफसिल थाने में 4, साहेबपुर कमाल थाने में 02, बरौनी थाने में 2, फुलवरिया थाने में 2, बखरी थाने में 1 तथा पटना जिले के मोकामा थाने में 1 मामले अंकित है। नावकोठी थाना कांड संख्या 172दिनांक 4 अगस्त 2025 में विदेशी शराब बरामद में पुलिस को उसकी तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस महकमा ने राहत की सांस ली हैं।

# डीएमसीएच में जलजमाव से बढ़ा डेंगू का खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** दरभंगा मेडिकल कालेज और अस्पताल (डीएमसीएच) में जलजमाव से डेंगू का खतरा बढ़ गया है। उतर बिहार के सबसे बड़े अस्पताल में स्थिति दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। खासकर डेंगू के खतरे को देखते हुए यह स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है।

डीएमसीएच के मेडिसिन वार्ड परिसर में स्थित डेंगू वार्ड और जनसेवा वार्ड के सामने लगातार जलजमाव की समस्या बनी हुई है। यहां पर बरखा एवं नाली का गंदा पानी जमा रहता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं। शाम होते ही इस पानी से निकलने वाले मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है।

अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों और उनके स्वजनों के लिए यह बेहद खतरनाक स्थिति बन गई है। औषधि विभाग के परिसर में बने डेंगू वार्ड के बाहर ही डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का पनपना और जलजमाव की समस्या इस बात का संकेत है कि अस्पताल में पर्याप्त सफाई और व्यवस्थाओं का अभाव है। इससे डेंगू का प्रकोप पूरे जिले में फैलने का खतरा बढ़ सकता है, जो स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बड़ा संकट पैदा कर सकता है। इसके अलावा, अस्पताल के अन्य विभागों में भी गंभीर समस्याएं देखी जा रही हैं।

डीएमसीएच के कई वार्डों में जैसे औषधि विभाग,आर्थो विभाग में बेड की भारी कमी हो गई है साथ ही औषधि विभाग के पीछे पूरब की तरफ घने जंगल टूटी-फूटी दीवारें हैं। अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण भारी दबाव में काम कर रहे हैं।

कई मरीजों को फर्श पर लेटा के इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जबकि कुछ को सही इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। यह स्थिति अस्पताल की लापरवाही और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के ढहते ढांचे को बयां करती है। अस्पताल के भीतर एक और गंभीर समस्या सामने आई है, और वह है संकीर्ण रास्ते और जाम की स्थिति। इमरजेंसी चौक से न्यू सर्जिकल बिल्डिंग और एमसीएच जाने वाला मार्ग काफी संकीर्ण और घना है, जिससे एंबुलेंस में यात्रा कर रहे गंभीर मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस मार्ग पर अक्सर अतिक्रमण की स्थिति बनी रहती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों के लिए अस्पताल में प्रवेश करना और इलाज के लिए पहुंचना और भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, अस्पताल के इस मार्ग पर जलजमाव के कारण रास्ते और भी बाधित हो जाते हैं, और इस कारण एंबुलेंस और मरीजों के लिए रास्ता पार करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

कई बार गंभीर मरीज एंबुलेंस में ही घंटों फंसे रहते हैं। इस पूरे मामले पर स्थानीय लोगों में नौशाद खान का कहना है कि अस्पताल के हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। एक तरफ जहां डेंगू का खतरा बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।



लोगों का कहना है कि यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और इनकी वजह से कई बार गंभीर मरीजों की स्थिति बिगड़ जाती है। वहीं, मरीजों और उनके परिजनों के लिए अस्पताल के भीतर और आसपास की स्थिति बेहद असहज बनी हुई है। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो न यह केवल मरीजों की स्वास्थ्य की स्थिति को और बिगाड़ सकता है, बल्कि यह उतरी बिहार की सबसे बड़ा अस्पताल डीएमसीएच स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ा संकट भी बन सकता है।

# बेतिया स्टेशन बनेगा हाइटेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया (पश्चिम चंपारण)।** बेतिया शहर के रेलवे स्टेशन के लिए अब नया और आधुनिक भवन तैयार किया जाएगा। जो एयरपोर्ट लुक में होगा। यह बदलाव न सिर्फ स्टेशन की खूबसूरती को बढ़ाएगा, बल्कि यात्री सुविधाओं को भी बेहतर बनाएगा।

इस भवन के निर्माण से क्षेत्र को नया चेहरा मिलेगा और यहां आने वाले यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रोजेक्ट मैनेजर सह इंजीनियर सैयद शाहबाद शमीम ने बताया कि स्टेशन के दोनों तरफ से प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे।

### कार्यकर्ताओं में हर्ष

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के नगर परिषद बीहट असुरारी में एनडीए कार्यकर्ता एवं भाजपा के कार्यकताओं में खुशी की लहर देखा गया। तेघड़ा 143 विधानसभा में रजनीश कुमार को 35364 वोट से विजय प्राप्त हुआ। इस खुशी में कार्यकताओं में लड्डू मिठाई एक दूसरे को मिठाई खिलाया गया । कार्यकताओं में खुशी लहर देखा गया मौके पर मुख्य पार्षद बबीता देवी, प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सात अशोक सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य 19 श्री राम राय, समाजसेवी मुकेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह, नितेश सिंह संवेदक, पूर्व मुखिया अजय कुमार ,पूर्व सरपंच रविंद्र कुमार भाजपा, हरिनाथ राय, राजेश राय, फणींद्र कुमार राय पंचायत अध्यक्ष बीजेपी ,विकास कुमार, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह, आदि मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पटना के गांधी मैदान...

मैदान में बड़े स्तर पर काम चल रहा है। टेंट, गेट, मंच और बैरिकेडिग तेजी से बनाई जा रही है। वीवीआईपी आगमन, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण और मीडिया कवरेज के लिए अलग से प्लान तैयार किया जा रहा है। इस दौरान सुबह-शाम टहलने वाले लोग, दुकानदार और आसपास के रहने वाले भी मैदान के अंदर नहीं जा पाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह बेहद भव्य होने की उम्मीद है। इसमें राज्य के साथ-साथ देशभर के कई बड़े नेता शामिल हो सकते हैं। पीएम मोदी के शामिल होने की संभावना है। डीएम और एसएसपी ने लोगों से अपील की है कि वे कुछ दिनों तक गांधी मैदान के आसपास जाने से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। एनडीए इस आयोजन को अपनी शक्ति प्रदर्शन का मौका भी बना रहा है। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और गठबंधन के प्रमुख नेता भी बुलाए जाएंगे। शीर्ष नेताओं की भारी मौजूदगी के कारण यह कार्यक्रम और ज्यादा महत्वपूर्ण हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और प्रशासन पूरी तैयारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा है।

CMYK

## झूठ, जातीय उकसावे व फजीवाड़े पर धमदाहा का प्रहार

# लेसी सिंह बोलीं, 'जनता ने साजिशों को जड़ से उखाड़ फेंका'

■ वोट की चोट से टूटे भ्रम, बंटवारे की राजनीति को नकारते हुए मतदाताओं ने दिया सबसे सटीक जवाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** चुनाव परिणाम ने जैसे ही धमदाहा का रुख तय किया, राजनीति की भाषा बदल गई—और इसी बदली हुई हवा का प्रवाह लेशी सिंह की पहली प्रेस वार्ता में साफ-साफ महसूस हुआ। उनका स्वर आक्रामक भी था, आत्मविश्वास से भरा भी, और जनता के प्रति कृतज्ञ भी। उन्होंने पूरे चुनाव अभियान को झूठ, जातीय उकसावे, सोशल मीडिया फजीवाड़े और चरित्र-हनन की राजनीति का घिनौना उदाहरण बताते हुए कहा कि धमदाहा ने इसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

उन्होंने शुरूआत धमदाहा के देव तुल्य मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए की और कहा कि इस जीत ने विपक्षियों की हर चाल को बेनकाब कर दिया। 'विपक्षियों ने हमें हराने के लिए जितना झूठ गढ़ा जा सकता था, सबकुछ गढ़ा। फर्जी वीडियो, छेड़छाड़ वाली तस्वीरें, यूट्यूब पर किराए के चेहरों द्वारा गलत सूचनाएँ—लेकिन धमदाहा की जनता के विवेक पर इन सबका जरा भी असर नहीं हुआ,' उन्होंने जोर देकर कहा। यही नहीं, उन्होंने वह सबसे खतरनाक हथकंडा भी उजागर किया जिसे विपक्ष ने चुनावी हवा में घोलने की कोशिश की—जातीय उन्माद। उनके




शब्दों में, 'मतदाताओं को जातियों में बाँटकर भड़काने की कोशिश हुई। हमें लगा था कि वे कुछ सीमा तक रहेंगे, लेकिन उन्होंने पूरी तरह जातीय जहर फैलाने की कोशिश की। जनता ने उनकी इस साज़िश को पहले ही पल में भांप लिया और वोट की चोट पर ऐसा जवाब दिया कि उनकी पूरी चाल धरी की धरी रह गई।'

लेशी सिंह ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि उन्हें 'डायन' कहा गया, 'राशन चोर' के नाम से बदनाम करने की कोशिश की गई, और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक को साजिशों के जाल में फंसाने का प्रयास हुआ। तकनीकी छेड़छाड़ कर बनाई गई फर्जी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर ऐसे फैलाया गया जैसे वह कोई 'राजनीतिक हथियार' हों। लेकिन लेशी सिंह के मुताबिक जनता का एक-एक वोट इस बार उन हथकंडों का करारा प्रतिवाद था। उन्होंने खासकर महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धमदाहा की आधी आबादी ने जो एकजुटता दिखाई, वही इस चुनाव की कहानी लिखने वाली असली ताकत है। उन्होंने देखा कि बेटी को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। पर वे चुप नहीं रहीं। बूथ पर जाकर उन्होंने विरोधियों को सबसे मजबूत जवाब दिया। विपक्ष द्वारा फैलाए गए धमदाहा की 'आजादी' वाले नारे पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। 'किस बात की आजादी? लूट की? भ्रष्टाचार की? गुंडागर्दी की? धमदाहा ने बता दिया कि यह धरती ऐसी आजादी की प्रयोगशाला नहीं बनने वाली है,' उन्होंने दृढ़ता से कहा। इस प्रेस वार्ता ने यह साफ कर दिया कि धमदाहा ने सिर्फ एक प्रतिनिधि नहीं चुना—बल्कि एक संदेश दिया है। जनादेश यह कह रहा है कि यहां न जातीय विभाजन चलेगा, न डिजिटल झूठ, न अफवाहों की राजनीति। धमदाहा ने विकास, शांति और सच्चाई को चुना है—और झूठ पर अपनी मुहर के प्रहार से साबित कर दिया है कि जनता को बांटना आसान नहीं, और गुमराह करना असंभव।

## एनडीए की जीत के बाद पटना में विधायक विजय खेमका की सक्रिय उपस्थिति, शीर्ष नेतृत्व से मुलाकातों का दौर तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** एनडीए की प्रचंड जीत के बाद पूर्णिया से लगातार तीसरी बार चुने गए विधायक विजय खेमका शनिवार को पटना पहुंचे, जहां उन्होंने सरकार और संगठन दोनों के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर चुनाव परिणाम को लेकर धन्यवाद और शुभकामनाएँ साझा कीं। पूरे दिन उनकी राजनीतिक व्यस्तता ने राजधानी की सियासी हलचल को और तेज कर दिया।

सबसे पहले विजय खेमका मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह जनादेश जनता की अपेक्षाओं, विकास और स्थिर प्रशासन पर भरोसे का संकेत है। मुख्यमंत्री ने भी पूर्णिया की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य की योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा की।इसके बाद श्री खेमका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से मिले। दोनों के बीच संगठन की भूमिका, कार्यकताओं की मेहनत और आगामी राजनीतिक कार्ययोजनाओं पर विस्तृत बातचीत हुई। खेमका ने



इसे संगठन और जनता की संयुक्त जीत बताया। विधायक की अगली मुलाकात उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से हुई। उन्होंने उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दीं और चुनाव परिणामों पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने खेमका को बधाई देते हुए कहा कि पूर्णिया ने एनडीए पर जो भरोसा जताया है, वह आने वाले समय में विकास के नए रास्ते खोलेगा। पटना प्रवास के दौरान खेमका ने केंद्र के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं से मिलने के बाद खेमका ने बताया कि यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता द्वारा दिए गए बड़े दायित्व का संकेत है। विजय खेमका शाम तक संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, बिहार विधानसभा के स्पीकर नंदकिशोर यादव, और प्रदेश भाजपा कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकताओं से मिलते रहे। उन्होंने सभी से बातचीत के दौरान यह स्पष्ट किया— 'यह जीत जनता की आकांक्षाओं का संदेश है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस भरोसे को विकास में बदलें।' इस तरह पूरे दिन पटना में खेमका की सक्रियता ने यह संदेश साफ कर दिया कि पूर्णिया से लेकर पटना तक एनडीए की जीत को नई ऊर्जा और नई दिशा देने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### बनमनखी ने लिखी भरोसे की नई इबारत

## कृष्ण कुमार ऋषि की छठी जीत पर जनसैलाब उमड़ा, विकास के प्रति जनता की साफ प्रतिबद्धता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी रविवार की सुबह जिस उर्जा से जागा, वह किसी सामान्य विजयी जुलूस का नजारा नहीं था। सड़कें रंगीन अबीर की उड़ान से गुलाबी थीं, ढोल-नगाड़ों की गूंज लगातार फैल रही थी और भीड़ का उत्साह इस बात का ऐलान कर रहा था कि कृष्ण कुमार ऋषि की छठी जीत सिर्फ एक चुनावी परिणाम नहीं—बल्कि जनता का दिया हुआ ठोस जनादेश है।

विजयी जुलूस जब नगर की मुख्य सड़कों से गुजर रहा था, महिलाओं की अग्रणी भूमिका ने पूरा माहौल बदल दिया। डीजे की धुन पर उनका लयबद्ध उत्साह इस बात का संकेत था कि इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने न सिर्फ रिकॉर्ड संख्या में हिस्सा लिया, बल्कि अपने वोट से वातावरण की दिशा भी तय की। युवाओं की उमंग, बुजुर्गों की सहभागिता और बच्चों का उल्लास—तीनों ने इस जुलूस को एक सामूहिक उत्सव में बदल दिया।

**विकास की राजनीति को जनता ने दिया मजबूत समर्थन**

विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने जनता के बीच पहुँचकर अभिवादन स्वीकार किया और साफ कहा कि यह जीत विकास आधारित राजनीति के प्रति जनता की निष्ठा को दशार्ती है। बिहार में एनडीए की अपेक्षाओं से कहीं आगे निकलकर हुई जीत इस बात का संकेत भी है कि जनता ने नकारात्मक विमर्श को दरकिनार कर आगे बढ़ने की राह चुनी है। इस विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा ने भी चुनावी माहौल को नया मोड़ दिया था। बनमनखी को विकास की पटरी पर तेजी से चढ़ाने और किसानों के लिए चीनी मिल स्थापना की संभावनाओं को लेकर दिया गया संदेश ग्रामीण वोटरों के बीच गहरी छाप छोड़ गया। अब यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि उद्योग की स्थापना वियाडा की जमीन पर होगी या नया अधिग्रहण होगा। किसानों और युवाओं के लिए रोजगार का मुद्दा अब सिर्फ कल्पना नहीं, बल्कि आने वाली योजनाओं का केंद्र बन चुका है।

**जातीय समीकरणों पर जनता ने लगाई पूर्ण विराम**

इस चुनाव ने यह भी स्पष्ट किया कि बनमनखी के मतदाता किसी बंधन या खांचे में सीमित नहीं रहे। जातीय समीकरणों को पीछे धकेलते हुए लोगों ने साफ छवि, काम की क्षमता और विश्वसनीयता पर वोट किया। विजेता को मिले 45296 मतों के अंतर ने यह संदेश और भी स्पष्ट कर दिया कि जनता बदलाव नहीं, भरोसे की निरंतरता चाहती है। विजय जुलूस में विभिन्न वर्गों की उपस्थिति इसकी पुष्टि कर रही थी कि यह जीत किसी एक तबके की नहीं—पूरे समाज की सामूहिक जीत है। महिलाएँ अग्रणी थीं, युवा सबसे आगे थे और बुजुर्गों की संतुष्टि चेहरों पर साफ दिख रही थी। विधायक स्वयं भी जुलूस में सहज रूप से शामिल होते हुए बच्चों को कंधे पर उठाए दिखे, जो इस जश्न का सबसे मानविक और जीवंत क्षण था।

## केनगर पुलिस की बड़ी कामयाबी : विदेशी शराब की भारी खेप बरामद, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** रविवार दोपहर करीब 2 बजे केनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब की भारी खेप के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई थाना से बिल्कुल करीब विशेष छापेमारी के दौरान की गई, जिसमें पुलिस ने पंच लग्जरी कार (रजिस्ट्रेशन संख्या इफ06 DC 8392) को भी जब्त कर लिया।

थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाल से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब लोड कर एक वाहन केनगर होकर बनमनखी की ओर जाने वाला है। सूचना की पुष्टि के बाद



पुलिस टीम का गठन किया गया और बनभाग चौक से लेकर केनगर चौक तक नाकेबंदी करते हुए छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान थाना के समीप एक उजले रंग की पंच कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें विभिन्न ब्रांड के कुल 346.77 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से धंधेबाज मो. दिलसान, पिता मो. मुर्शिद, निवासी — झिकटिया गाँव, थाना सिंहेश्वर, जिला मधेपुरा — को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया जाएगा।

## क्षेत्रीय रेलवे हिंदी नाटक प्रतियोगिता में कटिहार रेल मंडल सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे राजभाषा विभाग मालीगांव गुवाहाटी की ओर से आयोजित क्षेत्रीय रेलवे हिंदी नाटक प्रतियोगिता में कटिहार रेल मंडल की ओर से प्रस्तुत नाटक उदास मत हो चिन्निह्न का सफलतापूर्वक मंचन किया गया। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया। जिनमें तीन टीमें हेडक्वार्टर और एक टीम कटिहार रेल मंडल की रही। प्रतियोगिता में हेडक्वार्टर की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं कटिहार रेल मंडल को उत्कृष्ट एवं बेहतर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

राजभाषा विभाग मालीगांव द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन को बढ़ावा देना था।कटिहार रेल मंडल की प्रस्तुति ह्यउदास मत हो चिन्निह्न मूलत महिला सशक्तिकरण के विषय पर आधारित एक प्रेरक नाटक है। जिसका निर्देशन आलोक कुमार ने किया।नाटक के प्रमुख कलाकारसोनम शर्मा, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, रितेश कुमार, सौरव, आकाशदीप, नंदकिशोर, कौशिक कर, अभिनव पॉल, अनुराग कुमार आदि रहे ।संगीत संयोजन कुमार सत्यम, वेश-भूषा एवं मेकअप कौशिक कर रहे। कटिहार रेल मंडल प्रशासन ने सभी कलाकारों, तकनीकी दल एवं आयोजनकताओं को सफल प्रस्तुति के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## बिहार जनादेश 2025 : एनडीए की प्रचंड जीत से भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास चरम पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जनता विकास, स्थिरता और सुशासन की राह से भटकने को तैयार नहीं। पूर्णिया सदर ,कसबा और धमदाहा विधानसभा सहित राज्यभर में एनडीए की प्रचंड जीत ने राजनीतिक पटल पर एक नया संदेश दिया है। उक्त बातें जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ गठबंधन की रणनीति का परिणाम नहीं, बल्कि जनता के भरोसे की मुहर है। उनका मानना है कि 'बिहार ने अवसरवाद



और भ्रम की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया है। लोगों ने उन हाथों को चुना है जो काम करते हैं, न कि वे जो सिर्फ वादों की राजनीति करते हैं। श्री गुप्ता ने दावा किया कि पूर्णिया से लेकर सीमांचल के हर कोने तक विकास की योजनाओं और कानून-व्यवस्था में सुधार ने जनता को एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा किया। यह भी कहा गया कि आने वाला कार्यकाल 'गति और गारंटी' का होगा, जिसमें अधूरे कार्य पूरे किए जाएंगे और नए लक्ष्य तय होंगे। चुनावी परिणाम को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार का मतदाता अब परिपक्व, सजग और पूरी तरह विकासाभिमुख हो चुका है। चुनावी शोर थम चुका है, लेकिन जनादेश की प्रतिध्वनि आने वाले वर्षों तक सुनाई देगी।

## धान की तैयारी के दौरान लगी आग

**हसनगंज /कटिहार।** प्रखंड के जगरनाथपुर पंचायत स्थित मोहम्मदिया गांव में धान की तैयारी के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पुआल के ढेर और रखे गए धान को अपनी चपेट में ले लिया। वही आग को देख अफरा-तफरी का माहौल बन गया। किसान रामानंद साह ने बताया कि उन्होंने अपने लगभग एक बीघा खेत का धान लाकर रखा था। जिसमें से अधिकांश सामग्री आग में जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि थोड़ी मात्रा में धान बचाया जा सका। लेकिन लगभग पूरा पुआल और तैयार की जा रही फसल राख हो गई।ग्रामीणों ने जैसे ही आग की लपटें देखीं। सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## सिवाना गांव में गूंजा अखंड हरिनाम, भक्ति में डूबा पूरा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** नगर पंचायत बरारी अंतर्गत सिवाना गांव इन दिनों पूर्णतःआध्यात्मिक वातावरण में डूबा हुआ है। गांव में शुक्रवार से आरंभ हुए तीन दिवसीय श्रीश्री 108 अखंड हरिनाम संकीर्तन ने पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संचार कर दिया है।

आयोजन स्थल को वैदिक विधियों के अनुसार शुद्ध किया गया, जिसके उपरांत विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के बीच अष्टजाम का शुभारंभ हुआ। गांव में यह दिव्य परंपरा लगातार 43 वर्षों से जारी है और हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं।हरिनाम संकीर्तन में बिहार और पश्चिम बंगाल से आई कई सुप्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। इन मंडलियों ने हरिनाम के साथ रामलीला और रासलीला की मोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे स्थल का वातावरण और अधिक भक्ति रस में रंग गया। कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, कुसेर्ला के कोशिकीपुर, नवगछिया के भीटा बस्ती, फलका के सोहरा, सुजापुर के चिकनी और भंडारतल से आई मंडलियों ने धार्मिक गीतों, मृदंग-झांझ के सुर और मनमोहक नृत्य से हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरतलब हो कि 72 घंटे तक निरंतर चलने वाले इस अष्टजाम में राधाकृष्ण की अलौकिक प्रतिमा के सामने होने वाली रासलीला विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस आयोजन से गांव में शांति, सौहार्द और समृद्धि आती है। आसपास के गांवों से महिला-पुरुष, बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्ति में सराबोर हो रहे हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के पांच प्रसिद्ध पंडित पारसमणि तिवारी, शिवनाथ तिवारी, राजेश तिवारी, संजीव तिवारी और सोनू तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। अष्टजाम की पूणार्हुति भी यही पंडित संपन्न कराएंगे। पूरे आयोजन के दौरान मंत्रों की ध्वनि, ऊँचे स्वर में गूंजता हरिनाम और विभिन्न मंडलियों की भजन-कीर्तन प्रस्तुति पूरे वातावरण को दिव्यता से जोड़ रही है।इस संबंध में आयोजनकर्ता समाजसेवी भोला चौहान ने बताया कि गांव में 43 वर्षों से जारी यह धार्मिक अनुष्ठान लोगों के विश्वास और आस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि इससे गांव में सामाजिक एकता मजबूत हुई है और लोगों के बीच भाईचारा बढ़ा है।

## जयमाला शिक्षा निकेतन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** जयमाला शिक्षा निकेतन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. के. सुमन ने दीप प्रज्वलित कर की।इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने वर्ग वन, 'टू, थ्री , फोर , फाइव ,सिक्स के बच्चों ने मनमोहक नृत्य, गीत, नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। वही सेवन और एआईट के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा और ऊर्जा से पूरा परिसर उत्साह से भर उठा।

## वर्ल्ड डायबिटीज डे : पूर्णिया में जागरूकता शिविर सम्पन्न

### 'मधुमेह से बचना है तो जीवनशैली बदलनी ही होगी'– विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पूर्णिया का मोदी डायबिटिक एंड रिसर्च सेंटर चिकित्सकीय जागरूकता का केंद्र बना रहा। एपीआई, सीसीडीएसआई, आईएमए तथा रिसर्च सोसायटी ऑफ स्टडीज ऑफ डायबिटीज (RSSDI) की बिहार शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष शिविर में टाइप-1 तथा यंग टाइप-2 डायबिटिक मरीजों को रोकथाम, देखभाल और जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर विस्तार से जागरूक किया गया। शिविर में टाइप वन स्माइल फाउंडेशन से जुड़ी आकांक्षा, जो स्वयं टाइप-1 डायबिटीज की मरीज हैं, ने भी भाग लेकर उपस्थित बच्चों, युवाओं और महिलाओं को प्रेरित किया। शिविर में रोगियों की चिकित्सा जाँच की गई और उन्हें ग्लूकोमीटर, टी-शर्ट, टोपी और फल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एपीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. देवी राम, एपीआई बिहार चैप्टर के इलेक्ट चेयरमैन डॉ. आर. के. मोदी, एपीआई पूर्णिया चेयरमैन डॉ. अजय कुमार, डॉ. एस. पी. सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार और सचिव डॉ. प्रिन्स पंकज उपस्थित थे।

**'मोटापा है डायबिटीज का असली खतरा' : डॉ. आर. के. मोदी**

डॉ. आर. के. मोदी ने कहा कि देश में डायबिटीज तेजी से पाँव पसार रहा है। 'टाइप-1 डायबिटीज बच्चों में होता है और उन्हें जीवन भर इंसुलिन की आवश्यकता रहती है। जबकि टाइप-2 डायबिटीज का प्रमुख कारण मोटापा और इंसुलिन प्रतिरोध है। पहले यह बीमारी 40-50 वर्ष की उम्र में दिखती थी, लेकिन अब 30-40 वर्ष के युवा भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। 'उन्होंने आगे कहा कि गैर-संचारी रोगों का बीज बचपन में ही पड़ जाता है, इसलिए एपीआई बच्चों के बीच 'स्कूल की ओर' अभियान चला कर उन्हें जागरूक कर रहा है।

**'हर दिन पैदल चलें, तला-भुना त्यागें' : डॉ. देवी राम**

डॉ. देवी राम ने जिंदगी में अनुशासन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि 'अगर हम अपनी आदतों में बदलाव लाएँ— तला-भुना भोजन छोड़ें, कैलोरी सेवन पर निगरानी रखें और भाप में पकाए कम-कैलोरी वाले भोजन को अपनाएँ— तो मधुमेह पर नियंत्रण आसान होगा।'

**'नियमित व्यायाम ही असली बचाव'– डॉ. अजय कुमार**

एपीआई पूर्णिया अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि रेसिस्टेंस एक्सरसाइज, संतुलित प्रोटीन डाइट और नियमित व्यायाम से सारकोपेनिया (मांसपेशी क्षरण) को रोका जा सकता है। उन्होंने तनाव प्रबंधन पर जोर देते हुए ध्यान, बागवानी और शांत गतिविधियों को लाभकारी बताया।

**'डायबिटीज को नजरअंदाज किया तो अंगों को बड़ा खतरा' : डॉ. एस. पी. सिंह**

पूर्व चेयरमैन डॉ. एस. पी. सिंह ने मरीजों को चेताया कि 'अनियंत्रित डायबिटीज भविष्य में किडनी, हार्ट, स्ट्रोक, तंत्रिका तंत्र और आँखों के रेटिना को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है। शुरूआती वर्षों में कंट्रोल बनाए रखना ही बड़ा बचाव है।'

**'आँखें और पैर सबसे अधिक संवेदनशील'– आईएमए पूर्णिया**

आईएमए अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार और सचिव (ईएनटी) डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि 'अनियंत्रित मधुमेह का सबसे पहला असर आँखों पर पड़ता है। रेटिना खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। मरीज कभी भी नंगे पैर न चलें और हीटर या आग के पास पैर न सेंकें।' उन्होंने गर्भावस्था के समय डायबिटीज के नियंत्रण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

**डायबिटीज : खतरा कब बढ़ता है?**

टाइप-1: पूरी तरह जेनेटिक, टाइप-2: लाइफस्टाइल + एनवायरनमेंट + जेनेटिक यदि शुरूआती 5-10 साल बीमारी कंट्रोल में न रहे, तो आगे ऑर्गन डैमेज का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। जिन लोगों ने 20 साल तक डायबिटीज झेली और शुरूआती वर्षों में नियंत्रण रखा, उनमें खतरा कम पाया गया।

**खुद को कैसे बचाएँ? विशेषज्ञों का सरल सूत्र**

35-40 वर्ष की उम्र में अनिवार्य रूप से वार्षिक बॉडी चेकअप, बीएमआई 23 से ऊपर होने पर तुरंत व्यायाम शुरू करें, प्रतिदिन कम से कम 1 घंटे तेज चाल, योग, ध्यान और तनाव नियंत्रण, आहार में तला-भुना कम, प्राकृतिक भोजन अधिक इस मौके पर दवा प्रतिनिधि रवि कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बालिका शिक्षा के उत्सव का रंग-कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम

### नेहरू जयंती पर छात्राओं ने प्रस्तुत किए विचार, नृत्य और बाल अधिकारों पर जागरूकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धमदाहा/पूर्णिया।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, टाइम-1 में बाल दिवस अलग ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वार्डेन विभा कुमारी की अगुवाई में छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद चाचा नेहरू के जीवन-दर्शन और बाल हितों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विद्यालय की छात्राओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व पर अपनी बातें रखते हुए बताया कि आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने में उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण रहा। बाल अधिकारों को लेकर



उनके विचार आज भी बच्चों की शिक्षा और उनके विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में संथाली नृत्य की प्रस्तुति ने उत्सव को सांस्कृतिक रंग दिया, वहीं निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाल अधिकार, शिक्षा की अनिवार्यता और बाल दिवस के उद्देश्य पर सार्थक विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर पूरे दिन बाल सृजनात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस मौके पर वार्डेन विभा कुमारी ने कहा कि 'बाल दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों की चिंताओं, जरूरतों और उनके भविष्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है। कस्तूरबा विद्यालय बच्चियों को सुरक्षित, सशक्त और शिक्षा-केंद्रित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है।'कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्राओं को उत्साहवर्धन किया गया और बाल अधिकारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# विश्वसनीयता ही पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्वसनीयता ही पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी है और पत्रकारों को चाहिए की अपनी विश्वसनीयता को किसी भी हालत में बनाए रखें, चाहे कितने भी वित्तीय व्यवसायिक अथवा अन्य दबाव क्यों न हो। यह बात वक्ताओं ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। इस संगोष्ठी का उद्घाटन औरंगाबाद के अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह तथा प्रभारी सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी अंतरा सिंह ने किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता ने कहा कि सच्ची और सही खबरें जनता के सामने रखना पत्रकारों का दायित्व है और जनता को आज भी मीडिया की बातों पर सर्वाधिक भरोसा है। यह भरोसा मीडिया के ऊपर एक जिम्मेदारी भी लागू करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के जो मापदंड प्रेस काउंसिल आफ इंडिया ने निर्धारित किए हैं उनका अनुपालन हो तो फिर कोई दिक्कत नहीं रह जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से उम्मीद जाहिर की कि सभी पत्रकार खबरों की पुष्टि करके ही खबरों का प्रसारण करेंगे। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेन्द्र कुमार मिश्र ने भी खबरों की शुद्धता, तथ्यों की सटीकता और सत्यता की भली-भांति जांच पड़ताल करने के बाद ही न्यूज़ को प्रसारित /प्रकाशित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पत्रकारों ने कहा कि आज के दौर में यह देखा जा रहा है कि एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में गलत खबरें भी प्रसारित हो जा रही हैं जिसके लिए मीडिया हाउस को बाद में अफसोस प्रकट करना पड़ रहा है। यह गलत है और जरूरी है कि ऐसी अंध प्रतियोगिता से बचते हुए समाचारों के प्रसारण में पर्याप्त संयम दिखाया जाए और खुद के लिए एक आचार संहिता विकसित की जाए। इस संगोष्ठी को वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र नारायण सिंह एवं अन्य पत्रकारों ने संबोधित किया।

## हाइवा की ठोकर से ऑटो सवार ननद-भाभी जख्मी

**अम्बा(नबिटा संवाददाता)।** एनएच 139 पथ अंबा थाना क्षेत्र के बिराज बिगहा शिवाला के समीप अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से ऑटो सवार दो महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जख्मी महिला कुटुंबा थाना क्षेत्र के लभरी गांव निवासी महावीर ठाकुर की बेटी सीमा कुमारी (22) व परशुराम ठाकुर की पत्नी व उसकी भाभी चंचला देवी (28) बताई जा रही है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, चंचला अपने मासूम बच्चे को इलाज कराने के लिए घर से हरिहरगंज निजी क्लिनिक में जा रही थी। अंबा बाजार से ऑटो पर सवार होकर हरिहरगंज जाने के क्रम में सड़क से गुजर रहा हाइवा उसके ऑटो में धक्का मार दिया। हालांकि संयोग सही रहा कि ऑटो पर सवार उसका बच्चा बाल-बाल सुरक्षित बच गया। इधर, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अंबा थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते के साथ ही अंबा थाना के पुलिस पदाधिकारी गौतम कुमार ने मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा में भर्ती कराया। इसके पहले ही हाइवा का चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

## रफीगंज के नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज के नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने मंगलवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात की और चुनाव में मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान सुशील कुमार सिंह का मार्गदर्शन, सहयोग और आशीर्वाद उन्हें निरंतर मिलता रहा, जिसके चलते चुनावी रणनीति मजबूत बनी और जनता ने उन पर विश्वास जताया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने भरोसा दिलाया कि वे पूर्व सांसद के अनुभव और सलाह को साथ लेकर रफीगंज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी और क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रमोद कुमार सिंह को जीत की बधाई देते हुए कहा कि वे लंबे समय से क्षेत्र की जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और उनकी निरंतर जनसेवा को देखते हुए जनता ने उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों से प्रेरित होकर मतदाताओं ने रफीगंज में एक सक्षम जनप्रतिनिधि का चयन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रमोद कुमार सिंह रफीगंज के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे और क्षेत्र की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। मुलाकात के दौरान जदयू के प्रदेश नेता विश्वनाथ सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने देव व उमंगेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** रविवार को औरंगाबाद से भाजपा नवनिर्वाचित विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने उमगा स्थित मां उमंगेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर पुजारियों द्वारा विधिवत धार्मिक विधिविधान और मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना किया गया। नवनिर्वाचित विधायक ने क्षेत्र की शांति, सौहार्द, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामनाएं की। उन्होंने कहा कि यह जीत औरंगाबाद के आमजनता की जीत है। भाजपा और एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत व आशीर्वाद का प्रतिफल है। क्षेत्र की सर्वांगीण विकास करना ही मेरी प्राथमिकता में है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक को पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के वरीय नेता सत्येन्द्र सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह कुमार, उमाशंकर सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, अनिल ठकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सतीश पाठक, नारायण प्रसाद, राजेन्द्र सिंह उर्फ विधायक जी, सिन्टु सिंह, विनोद कुमार सिंह, धनंजय सिंह सहित काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे। नवनिर्वाचित विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने अपनी जीत के बाद रविवार को देव सूर्य मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

## दानवीर थे मगध नरेश जरासंध महाराज : प्रमोद चंद्रवंशी

### पोइवां में धूमधाम से मनी मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के पोइवां गांव में रविवार को मगध सम्राट जरासंध महाराज जी की भव्य जयंती समारोह मनाया गया। समारोह का उदघाटन अखिल भारतीय चंद्रवंशी चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद सिह चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया शिव कुमार सिह ने की। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि हमारा पौराणिक इतिहास है। हमारे आराध्य देव जरासंध महाराज जी अपने जमाने के शासक थे। वे वचन के पक्के थे। दान वीर थे कितु उन्हें अपने दिए गए वचन पड़ अड़े रहे और वचन निभाने में एक साजिश के तहद उनका वध कर दिया गया। उसके बाद हमारे लोग खंड-खंड में विखंडित हो गए जिसका नतीजा है कि आज हम बिखर गए और लोकतंत्र में हमारी हिस्सेदारी नहीं रही। कहा कि 2025 में मेरे एक आह्वान पर औरंगाबाद के चंद्रवंशी समाज एवं अतिपिछड़ा समाज ने एनडीए को वोट देकर छह में से पांच सीट जीताने का काम कि या है। एक सीट अपने लोगों के साजिश के शिकार होकर बहुत कम वोट से हारे। इस सफलता के लिए हम पूरा औरंगाबाद के मतदाताओं खासकर चंद्रवंशी एवं अतिपिछड़ा वर्ग के मतदाताओं विशेष तौर पर धन्यवाद देता हूं। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस लोकतंत्र में वोट सत्ता में शासन कर सकते हैं इसके लिए अपने चंद्रवंशी समाज के साथ अतिपिछड़ा समाज के लोग संगठित करे। जिस तरह से औरंगाबाद समेत पूरे बिहार अतिपिछड़ा ने अपनी शक्ति एनडीए को दिया तो पूरे बिहार से महागठबंधन का सफाया हो गया। कहा कि इसी तरह आगे भी संगठित रहे और एक नेता के नेतृत्व में चले तो आने वाले पौराणिक इतिहास वापस आ जाएगा। हमें पुनः किसी के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सारे राजनैतिक दल आपके पास आएंगे लेकिन अपना एकता और संगठन बनाए रखे। कहा कि जमालपुर में राजद के लोगों ने चंद्रवंशी समाज एवं अतिपिछड़ा समाज के साथ बदतमीजी की है उसे बर्दाश्त नहीं किया करेंगे। अपराधियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाने के लिए अनुरोध किया। स्थानीय थाना द्वारा पक्षपात करने की बात आई है इस पर भी बात किए। कहा कि किसी को नहीं बख्सा जाएगा। कानून का राज है और मैं जबतक औरंगाबाद की राजनीति में सक्रिय हूं तब तक कोई भी अन्याय करेंगे उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। राजद के लोग अपनी आदतों में सुधार लाएं अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस मौके पर अनिल शर्मा, अभय सिह चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार, इंदल सिह चंद्रवंशी, अनिल कुमार, मनीष सिह, यमुना प्रसाद, रामधनी सिह पूर्व शिक्षक, बंटी सिह चंद्रवंशी, रवि रंजन कुमार, मुन्ना सिह चंद्रवंशी, अंगद कुमार, पवन पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन भयंकर सिह चंद्रवंशी ने किया।

## एसपीवी उन्मूलन के लिए टीकाकरण आज से



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** खसरा व रूबेला दोनों वायरल संक्रामक बीमारी है। यह रोग खासकर छोटे बच्चो में पनपने का डर बना रहता है। उक्त बातें जिला प्रत्यक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह ने कही। वे रेफरल अस्पताल कुटुंबा के सभागार भवन में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अगर आक्रांत बच्चों को ससमय उपचार न कराया जाये तो कभी-कभी यह रोग घातक साबित हो जाता है। इस रोग से बचाव के लिए नौ माह से लेकर 24 माह के सभी बच्चों को टीकाकरण जरूरी है। सरकार खसरा व रूबेला जैसे संक्रामक रोग के उन्मूलन तथा एचपीवी से बचाव के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसके लिए आज 17 नवंबर से नियमित टीकाकरण शुरू किया जायेगा जो अनवरत दो दिसंबर तक जारी रहेगा। इस अभियान में एएनएम, आशा व सेविका के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मी लगाये गये है। स्वास्थ्य प्रबंधक व चिकित्सक टीकाकरण अभियान का मॉनीटरिंग करेंगे। उन्होने बताया कि पहले चरण के अभियान के दौरान जो बच्चे छूट गये हैं उन्हें एपीएचसी, एचएससी या आंगनबाड़ी केंद्र वैक्सीनेशन प्वाइंट पर टीकाकरण किया जायेगा। इसके साथ हीं सरकारी स्कूलों में नामांकित नौ वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के सभी बच्चियों को एचपीवी का वैक्सीनेशन का शुरुआत किया जाना है। एचपीवी के वैक्सीनेशन से स्तन कैंसर का खतरा टल जाता है। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल किशोर सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक दीपक कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## समर्थकों ने नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह को लड्डू से तौला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज से नवनिर्वाचित जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह का रविवार को देव मोड़ के समीप माया बिगहा में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पूर्व मुखिया रामनाथ सिंह एवं उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक को लड्डू से तौला। वहीं विधायक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि रफीगंज की जनता ने दिल खोलकर जो उनको आशीर्वाद दिया है वे उसे पूरी उम्र नहीं भूलेंगे। लोगों के आशीर्वाद से विधायक बने हैं। जब चाहे मुझे जहां भी बुलाएंगे वे आएंगे और रफीगंज विधानसभा को सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनायेंगे के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले कई वर्षों से उनका परिवार जनता की सेवा में दिन रात लगा रहा और आगे भी लगा रहेगा। आज जनता ने विधायक बनाकर उनको कर्ज से भर दिया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनडीए समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या सहित विभिन्न मामलों में 24 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष 6, शराब कांड में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 925 वाहनों की जांच की गई जिसमें 15000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों की जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनकी न सिर्फ संपत्ति जब्त की जायेगी। बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें।

## मौसम के बदलाव ने सुबह-शाम कराया ठंड का एहसास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे ठंड का प्रभाव बढ़ने लगा है। ठंड बढ़ने के साथ लोगों ने अब गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। सुबह और रात के समय शीतलहर जैसे हालात बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह ठंड अभी रुकने वाली नहीं है बल्कि अगले कुछ दिनों में और बढ़ सकती है जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। अगर अभी की बात की जाए तो सुबह और शाम दोनों वक्त लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। ऐसे में चिकित्सकों ने भी लोगों को शुरुआती ठंड में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में अचानक हुए बदलाव से सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधित बीमारियां बढ़ सकती हैं। उन्होंने खासकर बच्चों और बुजुर्गों को गर्म कपड़े पहनने, धूप लेने और गरम खानपान अपनाने की सलाह दी है। वहीं बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीद बढ़ने लगी है। शहर के तमाम मॉल से लेकर रेडिमेड कपड़ों की दुकानों में गर्म कपड़े सज गये हैं। हालांकि अभी गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन ठंड में बढ़ोतरी होने के साथ ही गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ जायेगी। इसको लेकर व्यवसायी गर्म कपड़ों का स्टॉक करने में जुट गये हैं। ठंड बढ़ने के साथ ही चाय-नाश्ते की दुकानों पर सुबह-शाम भीड़ देखी जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर में राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक व लेखक श्रीराम राय के आह्वान पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कृष्णा मेहता व कवि वीरेंद्र पोप मौजूद थे। भारत में प्रेस की आजादी लोकतंत्र को नई दिशा दी विषयक विचार गोष्ठी का विषय प्रवेश बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया।वक्ताओं ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने का मूल उद्देश्य यही है कि देश में स्वतंत्र और जवाबदेह प्रेस के महत्व को जोर देकर इसके उसूलों को उजागर करना प्रेस की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता को बरकरार रखना तथा प्रेस से जुड़े जो भी लोग हैं उन लोगों की समस्याओं को उजागर करना है। इनकी समस्याएं ना कार्यपालिका के पास पहुंचती है ना ही विधायिका के पास पहुंचती है और वे इतने भी सक्षम नहीं है कि न्यायपालिका का दरवाजा खटखटा सके ।ऐसे लोगों के बीच प्रेस से जुड़े लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर उनके समस्याओं को सक्षम लोगों तक पहुंचाएं तभी प्रेस दिवस की जो अभिलाषा है। उसकी पूर्ति की जा सकती है। मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने के महत्व पर जोर देना राष्ट्रीय प्रेस दिवस के दिन ही मीडिया कर्मी संकल्पित होते हैं। आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना 1966 में की गयी थी। पत्रकारिता की गुणवत्ता को बनाये रखना और प्रेस की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने की बात ही लोकतंत्र के नए दिशा को मूर्त रूप प्रदान कर सकते हैं। भारत देश में प्रेस की आजादी पूरे विश्व में एक नजीर मानी जाती है।विचार गोष्ठी के मौके पर सुजीत कुमार सिंह, राणा सुनील सिंह,स्वच्छता पर्यवेक्षक नंद जी यादव, समाजसेवी विनोद कुमार सिंह गुड्डू, चंद्रशेखर विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

